प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 80 हजार नई वृद्धावस्था पेंशन दिये जाने की घोषणा दिल्ली भाजपा के संघर्ष एवं राजनीतिक दबाव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि गत दस साल में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा कोई नई पेंशन जारी करना तो दूर जो पेंशन मिलती भी रही हैं उनमे भी बुजुर्ग पेंशनधारकों को महीनों इंतजार करना पड़ता है। सचदेवा ने दावा किया कि फरवरी 2025 में भाजपा सत्ता में आयेगी तो सभी 100 फीसदी बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन आन डिमांड मिलेगी। इससे एक दिन पहले उन्होंने कहा कि था कि महाराष्ट्र में जीत हासिल करने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी का अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उत्साह बढ़ गया है। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने कहा कि पार्टी अब दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए अपना पूरा जोर लगाएगी। भाजपा ने आप के 10 साल के शासन को समाप्त करने के लिए ''परिवर्तन यात्रा की घोषणा की है।

## केजरीवाल पेंशन को बना रहे चुनाव में हथियार : देवेन्द्र यादव



**नई दिल्ली।** वृद्धावस्था पेंशन को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपने 11 वर्षों के शासन में आम लोगों का कोई काम नहीं किया। अवसरवादी केजरीवाल ने वर्ष 2013 से लेकर आज हर चुनाव में मौकापरस्ती के चलते हमेशा गरीब और जरूरतमंदों की भावनाओं से खेलकर ऐसी घोषणाएं और वादे करते है जिसके भ्रम में फंसकर कुछ समय की सुविधाओं के लिए उन्हें अपना वोट दे देते है। यादव ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली की जमीन खिसकती दिखाई दे रही है इसलिए वृद्धों की पेंशन को भी चुनाव में हथियार बना रहे है। यादव ने कहा कि केजरीवाल द्वारा 5,30,000 बुजुर्गो की पेंशन शुरु करने की घोषणा में कितनी सच्चाई है यह किसी को मालूम नहीं। विधानसभा चुनाव से पहले वृद्धों को सबसे ज्यादा पेंशन देने का सगूफा फेंक कर आप प्रमुख ने लाखों बुजुर्गों के वोट हासिल करने का षड़यंत्र रचा है। वह पूछना चाहता हैं कि जब वृद्धों, विधवाओं और दिव्यांग लोगों पिछले 10 वर्षो से पेंशन नियमित रुप से नहीं मिल रही थी और जेल से बाहर आने के बाद स्वयं केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने पेंशन का फंड रोक रखा है, क्या 100 प्रतिशत फंड केन्द्र सरकार से मिलता है, जब सरकार विज्ञापन के लिए दूसरे मदों का फंड इस्तेमाल कर सकती है फिर पेंशन देने के लिए मोहताज क्यों। दिल्ली में जनसंख्या के अनुपात के मुताबिक मुख्यमंत्री की जगह अरविन्द केजरीवाल द्वारा पेंशन की घोषणा करना राजनीतिक प्रोपेगेंडा है। दिल्ली में जहां 10-12 लाख बुजुर्गों को पेंशन की जरूरत है आम आदमी पार्टी सिर्फ नम्बरों की घोषणा करके दिल्ली की जनता को भ्रमित कर रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### पतंजलि कन्या गुरुकुलम की छात्राओं का जलवा



**नई दिल्ली।** पतंजलि कन्या गुरुकुलम्, हरिद्वार की 37 छात्राओं ने हाल ही में संपन्न हुई हरिद्वार जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर गुरुकुलम् का नाम रोशन किया। गत रविवार को समाप्त हुई इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने खेल कौशल से कुल 23 स्वर्ण पदक एवं 14 रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस शानदार उपलब्धि ने न केवल गुरुकुलम् बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। छात्राओं के इस प्रदर्शन ने उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिचय दिया। पतंजलि कन्या गुरुकुलम का यह प्रदर्शन यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और दृढ़ निश्चय से बड़ी से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं

### एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में एनसीसी यूनिट शुरू




**नई दिल्ली।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को एनसीसी यूनिट का उद्घाटन हुआ। कॉलेज की यह एनसीसी यूनिट 37 यूपी बटालियन एनसीसी, गाजियाबाद से संबद्ध है। इस यूनिट में विभिन्न चरणों में 60 छात्रों के लिए यूनिट का गठन किया जाएगा, जिसमें 30 छात्र एवं 30 छात्राएँ शामिल की जाएंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन कर्नल संदीप पांडे (कमांडिंग ऑफिसर, 37 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी., गाजियाबाद) और अन्य व्यक्तियों ने सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर देवेंद्र कुमार शर्मा ने एनसीसी के इतिहास के बारे में बताया कि एनसीसी की स्थापना 15 जुलाई 1948 में की गई थी तथा वर्तमान में उत्तर प्रदेश के लगभग 1000 कॉलेजों और 500 स्कूलों में लगभग 17,000 कैडेट्स हैं। यह पहल विद्यार्थियों को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाएगी, बल्कि उन्हें समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत भी बनाएगी।

### विजय गोयल ने निकाली संविधान रक्षा यात्रा



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने सोमवार को 76वें संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर ऐतिहासिक लाल किले से संविधान सम्मान यात्रा का नेतृत्व किया। न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के नारे लगाते हुए इस यात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। यात्रा का मुख्य आकर्षण संविधान की 8 फुट की प्रतिकृति थी, जिसे एक घोड़ा बग्घी पर रखा गया था। गोयल ने इस कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रतिकृति पर पुष्प अर्पित कर संविधान का सम्मान भी किया। विजय गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है, सभी के लिए न्याय और निष्पक्षता सुनिश्चित करता है। संविधान हमारे लोकतंत्र का आधार है और हमारे राष्ट्र की एकता का सूत्रधार है। यह यात्रा हमारे संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि को सम्मान स्वरूप है।

# आप का शिक्षा मॉडल फ्लॉप शो: विजेंद्र गुप्ता

## ● बोले, भाजपा 28 नवंबर से 'शिक्षा क्रांति' के 'पोल खोल अभियान' करेगी शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के तथाकथित विश्व स्तरीय 'शिक्षा मॉडल' को फ्लॉप शो बताते हुए आप सरकार पर आरोप लगाया है कि शिक्षा में क्रांति के नाम पर यह सरकार स्कूलों की बिल्डिंगें बनवाती है, निर्माण में भ्रष्टाचार कर पैसे की लूटमार करती है और बाद में इन बिल्डिंगों को लावारिस हालत में छोड़ देती है।

आप सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलने के लिए दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता, क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चंदोलिया और भाजपा विधायकों के नेतृत्व में 28 नवंबर को भाजपा दरियापुर कला गांव के एसओएसई स्कूल के बाहर जोरदार तरीके से धरना प्रदर्शन करेगी।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी का पैसे कमाने का नया तरीका है कंस्ट्रक्शन। शिक्षा नीति के माध्यम से वह बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाती है, बजट में करोड़ों अरबों रुपयों का प्रावधान करती है, स्कूलों की बहुमंजिला इमारतें बनवाती है और पैसे की बंदरबाट कर चुपचाप प्रोजेक्ट से अपने हाथ खींच लेती है। हर जिले में स्थापित 29 राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालयों को बंद करने का आदेश दुर्भाग्य पूर्ण है। विद्यालयों में छठी से लेकर दसवीं तक की कक्षाओं को पहले ही बंद किया जा चुका है। 11वीं कक्षा इसी 24-25 शैक्षणिक वर्ष में और 12वीं कक्षा 2025 में बंद कर दी जाएगी। दिल्ली सरकार का राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के इस कदम से इन स्कूलों में मेरिट के आधार पर भर्ती किए गए हजारो मेधावी का भविष्य चौपट किया गया है । नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप सरकार बजट में शिक्षा क्रांति के नाम पर स्कूल बनाने के लिए करोड़ों का प्रावधान करती है लेकिन बिना किसी योजना के बनाए गए इन स्कूलों की इमारत का कोई प्रयोग नहीं हो पाता।

# संविधान दिवस पर भाजपा नेता झुग्गियों में करेंगे रात्रि प्रवास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल ने कहा है की भाजपा के झुग्गी विस्तार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा समेत अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता 250 झुग्गी क्लस्टरों में रात्रि प्रवास करेंगे।

पार्टी नेता कलस्टर में किसी परिवार के साथ रूकेंगे, वहीं भोजन करेंगे और उनकी समस्याओं पर चर्चा करके उसका समाधान पर उन्हीं के सुझाव लेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम झिलमिल कॉलोनी बस्ती में, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा कलंदर कॉलोनी में, नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता सूरज कॉलोनी में, सांसद मनोज तिवारी नवीन शाहदरा की इंद्रा बस्ती में, रामवीर बिधूड़ी गोला कुआं कैम्प में, योगेन्द्र चांदोलिया बवाना में, कमलजीत गोयला डेयरी बस्तीं, प्रवीन खंडेलवाल लॉरेंस रोड़ बस्ती में, बांसुरी सेक्टर-3 आर.के.पुरम रविदास बस्ती में रात्रि प्रवास करेंगी। शाम 4 बजे से शुरू होने वाले प्रवास के अंतर्गत बस्तियों में अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, बस्ती के बच्चों एवं युवाओं से संवाद होगा।

# डकैती-हत्या का सरगना गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अपराध शाखा ने पुलिस से बचने के लिए तांत्रिक का वेश धारण करने वाले 12 साल से फरार डकैती-हत्या मामले के सरगना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने डकैती और हत्या के इस मामले को 2009 में अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी 12 वर्षों से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहा था और 2012 में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहम्मद जमशेद अली खान को उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में उसके गृह जनपद से गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त संजय कुमार सैन ने बताया कि छह जनवरी 2009 को मयूर विहार के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर एक व्यक्ति का शव मिला था जिसका गला घोंटा गया था। बाद में उसकी पहचान निजी परिवहन कंपनी के एक चालक संतोष यादव के रूप में हुई थी। डीसीपी के अनुसार, जांच से पता चला कि जमशेद और उसके साथियों ने यादव के ट्रक में लिफ्ट लेकर उसकी हत्या कर दी और प्लास्टिक दाने से भरा कंटेनर लूट लिया।

डीसीपी ने बताया कि पांच सह-आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि जमशेद 2012 में जमानत मिलने के बाद फरार हो गया था। अधिकारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर भवानीपुर खीरू में जाल बिछाया गया और जमशेद को उस समय पकड़ लिया गया जब वह अपने एक सहयोगी के साथ बैठक कर रहा था।

# सीमापुरी थाने की इमारत के तीसरे फ्लोर में लगी आग

**नई दिल्ली।** रविवार की रात सीमापुरी थाने में उस समय अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया जब थाने की बिल्डिंग के तीन फ्लोर पर आग लग गई। आग को काबू पाने के लिए दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। शाहदरा डिस्ट्रिक डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया रविवार की रात करीब 8.35 बजे परिसर में स्थित पुलिस कॉलोनी के एक निवासी ने ड्यूटी अधिकारी को सूचित किया कि थाने की इमारत के दक्षिण-पूर्व हिस्से में आग लग गई है।

ड्यूटी अधिकारी ने तुरंत थानाध्यक्ष सीमापुरी को सूचित किया और वह कर्मचारियों के साथ थाने की इमारत के दक्षिण-पूर्व की ओर पहुंचे और पाया कि इमारत के दक्षिण-पूर्व हिस्से की तीन मंजिलों पर आग लग गई थी। आग को बढ़ता देख दमकल विभाग को सूचित किया गया,दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची ओर दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने के लिए काफी देर मेहनत करनी पड़ी, हादसे में कोई जनमानस हताहत नहीं हुआ है जबकि मालखाना की सीढ़ियां और बगल के कमरे क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

# शहर को कचरा मुक्त बनाने का अभियान तेज: मेयर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महापौर महेश कुमार ने दावा किया कि केचरा हटाने का दिल्ली नगर निगम का अभियान तेज हो गया है। दिल्ली के सभी इलाकों से चुन चुनकर जीवीपी को हटाया जा रहा है और दिल्ली को कचरा मुक्त बनाने के लक्ष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में मेयर ने सेंट्रल जोन के लाजपत नगर, संगम विहार, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, गोविंदपुरी, हरकेश नगर क्षेत्रों में दिल्ली नगर निगम द्वारा हटाए गए जीवीपी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने अधिकतर स्थलों पर जीवीपी बिंदुओं को कचरा मुक्त पाया। इन स्थलों से दिन में दो बार कूड़ा साफ किया जा रहा है जिससे सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हुई है।

मेयर ने लाजपत नगर वार्ड के निरीक्षण के दौरान पाया कि नेहरू नगर और जंगपुरा एक्सटेंशन के जीवीपी बिंदुओं को सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन बिंदुओं की दिन में दो बार सफाई जारी रखे ताकि ये जीवीपी स्थायी रूप से समाप्त हो जाए। मेयर ने निगम के सफाई कर्मचारियों की मेहनत की भी सराहना की जो दिल्ली को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर मेहनत कर रहे हैं। हरकेश नगर में वार्ड में निरीक्षण के दौरान मेयर ने ओखला औद्योगिक क्षेत्र में हटाए गए जीवीपी का जायजा लिया। इस वार्ड के जीवीपी को सफलतापूर्वक हटाया गया है कि यहां एक चेतावनी बोर्ड भी लगा दिया गया है कि ताकि लोग यहां सड़क पर कूड़ा ना डाले।


लाजपत नगर का निरीक्षण करते महापौर महेश।

इसके अलावा मेयर ने गोविंदपुरी, तुगलकाबाद एक्सटेंशन और सेंट्रल जोन के अन्य जीवीपी का भी निरीक्षण किया। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जीवीपी बिंदुओं की निरंतर निगरानी की जाए ताकि उनका उन्मूलन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन सुबह शाम जीवीपी की सफाई उपरांत फोटो उनके साथ साझा की जाए। मेयर ने कहा कि हटाए गए जीवीपी का सौंदर्यीकरण भी जरूरी है ताकि लोग वहां कूड़ा ना फेंके। उन्होंने सभी जीवीपी पर चेतावनी बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया।

# खुदरा, थोक विक्रेता उपभोक्ताओं से नहीं कर सकेंगे धोखाधड़ी

## ● उपराज्यपाल ने दिल्ली लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट में संशोधन को मंजूरी दी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



बाट-माप कानून की आड़ में खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और निर्माताओं द्वारा उपभोक्ताओं से की जाने वाली धोखाधड़ी और जालसाजी पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने और केंद्र सरकार के नियमों के साथ तालमेल बिठाने के लिए दिल्ली लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, 2011 में संशोधन को मंजूरी दी। यह कदम, उल्लंघनों को रोकने और अनुपालन को बढ़ावा देने तथा अंततः उपभोक्ता के हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है। साथ ही यह उपभोक्ताओं के लिए एक ढाल का काम करेगा।

उपराज्यपाल ने इन संशोधनों को दी गई मंजूरी, उपभोक्ता हितों की सुरक्षा और पारदर्शी बाजार को बढ़ावा देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। इन बदलावों के लागू होने से उपभोक्ता सशक्त होंगे और व्यवसायों के समान अवसर पैदा होंगे। ये संशोधन न केवल उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करेंगे, बल्कि क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास में भी योगदान देंगे। केंद्र सरकार की पहल के साथ जुड़कर और सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करके, यह दिल्ली को उपभोक्ता-अनुकूल और व्यापार-अनुकूल गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।

उपराज्यपाल की मंजूरी के साथ, अब दिल्ली सरकार विशेष अपराधों के लिए कंपाउंडिंग फीस बढ़ाने के लिए सशक्त हो जाएगी। यह महत्वपूर्ण कदम उल्लंघनों को रोकने और इसके अनुपालन को बढ़ावा देने और आखिरकार उपभोक्ता हितों की रक्षा करने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा वर्ष 2011 के विशेष प्रावधानों को दिल्ली के नियमों में एकीकृत किया जाएगा। इससे देश भर में नियामक मानकों में एकरूपता सुनिश्चित होगी, व्यवसायों के लिए अनुपालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा और प्रशासनिक बोझ कम होगा। उपराज्यपाल ने, नियमों में संशोधन के लिए कानूनी विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए, यह इच्छा जताई है कि मसौदा अधिसूचना को पूर्व सहमति के लिए भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय (वजन और माप प्रभाग), को भेजा जाए, जैसा कि अधिनियम में अनिवार्य है।

इसके अलावा, उपराज्यपाल ने विभाग को ऐसे प्रस्तावों पर वर्ष 1991 के अनुसार सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि ये संशोधन, जन विश्वास अधिनियम, 2023 के तहत, केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत हालिया परिवर्तनों के अनुरूप हैं। इसका उद्देश्य उपभोक्ता संरक्षण और निष्पक्ष बाजार प्रथाओं को सुनिश्चित करना है। स्वीकृत संशोधनों में, गैर मानक वजन या माप के निर्माताओं और उपयोगकर्ताओं पर जुर्माने में वृद्धि के लिए 2011 की अनुसूची 11 में बदलाव शामिल है। खुदरा विक्रेता द्वारा गैर-मानक बाट या माप के इस्तेमाल करने पर जुर्माना 2500 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये किया जाएगा। थोक व्यापारी के लिए यह राशि 10 हजार और पेट्रोलियम उद्योग/पेट्रोल पंप के लिए यह राशि 50 हजार रुपये होगी। गैर-मानक बाट या माप के निर्माण पर जुर्माने की राशि 2000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये की जाएगी। इसी तरह खुदरा व्यापारी द्वारा अमानक पैकेट बेचने पर जुर्माना 2500 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये और निर्माता के लिए यह राशि 25 हजार रुपये की जाएगी।

# काला जठेड़ी गैंग का शूटर हथियारों के साथ पकड़ा

**नई दिल्ली।** काला जठेड़ी गैंग के एक शार्प शूटर इकबाल को छावला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह पुलिस को घोषित बदमाश है। आरोपी के कब्जे से हथियार भी बरामद किये हैं। वह पहले भी हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और आर्म्स एक्ट और चोरी के सात मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस इलाके में गश्त कर रहे थे। शाम करीब पौने आठ बजे डी-फोर्स क्रिकेट ग्राउंड दुर्गा विहार, पपरावत गांव, नजफगढ़ के सामने स्कूटी सवार युवक उनको देखकर भागने लगा। जिसका काफी दूरी तक पीछा करने के बाद पकड़ा। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी इकबाल उर्फ मिक्कू ने 2022 में उसने जबरन वसूली की मांग की थी और उसके न मानने पर एक व्यापारी पर फायरिंग की थी।

# बुराड़ी विधानसभा में बदहाली देखकर भड़की सांसद स्वाति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने यहां गंदगी के ढेर, सीवर का पानी सड़कों व गलियों में बहता देख भड़क गई।



उन्होंने अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी से बुराड़ी क्षेत्र का दौरा करने और स्थानीय निवासियों की समस्याओं को हल करने की अपील की। मालीवाल ने कहा, दिल्ली सरकार ने अनधिकृत कॉलोनियों को सुधारने के बड़े-बड़े वादे किए हैं, लेकिन हकीकत इससे बिलकुल अलग है। विकास केवल कागजों तक सीमित है। स्थानीय निवासियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कई महिलाओं ने शिकायत की कि क्षेत्र में पानी तो भरा रहता है, लेकिन उनके नलों में पानी नहीं आता। जब कभी पानी आता भी है तो वह पीने लायक नहीं होता। लोग मजबूर होकर दुकानों से पानी खरीद रहे हैं।

# दस लाख हड़पने के लिए की वृद्ध की हत्या

## आरोपियों ने हत्या कर रेवाड़ी-नारनौल रोड पर फेंका था शव, 2 महिलाओं समेत 3 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

10 लाख रुपये की देनदारी को निरस्त करने के लिए एक व्यक्ति की हत्या करके उसका शव रेवाड़ी-नारनौल रोड पर फेंक दिया गया। पुलिस ने इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाते हुए दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयोग की गई कार व मृतक की सोने की चेन आरोपियों के कब्जे से बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार 23 नवंबर को एक व्यक्ति ने थाना मानेसर में शिकायत देकर कहा कि 22 नवंबर को उसका पिता राजेन्द्र (52) गांव शिकोहपुर से अपनी कार में सवार होकर सेक्टर-1 आईएमटी मानेसर स्थित पीजी पर गए थे। वे अगले दिन 23 नवंबर की सुबह तक घर नहीं पहुंचे। जब वह अपने पिता राजेन्द्र को को ढूंढने के लिए गए तो आईएमटी चौक से उनके गांव की तरफ हाईवे की सर्विस लाईन पर उसके पिता की कार खड़ी थी। कार लॉक थी। उसके पिता वहां पर नहीं थे। इस शिकायत पर थाना मानेसर में केस दर्ज किया गया।



पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी व बरामद शव ठिकाने लगाने में प्रयोग की गई कार।

**सुषमा ने राजेंद्र के रुपये कमेटी में ना डालकर खुद खर्च किए:** अपराध शाखा मानेसर प्रभारी उप-निरीक्षक ललित कुमार की टीम को यह केस सौंपा गया। उन्होंने पुलिस टीम के साथ मिलकर इस केस में 2 आरोपियों सुषमा (42) निवासी सेक्टर-1 आईएमटी मानेसर व अनिल (37) निवासी गांव नौरंगाबास राजपूताना जिला चरखी दादरी को काबू किया। उसे सेक्टर-1 आईएमटी मानेसर से काबू करके गुमशुदा व्यक्ति राजेन्द्र के बारे में पूछताछ की गई।

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी सुषमा का शटरिंग का काम है। आरोपी अनिल ने अपनी गाड़ियां सुषमा के काम पर लगाई हुई हैं। आरोपी सुषमा व मृतक राजेन्द्र आपस में एक-दूसरे को जानते थे। मृतक राजेन्द्र ने आरोपी महिला सुषमा को कमेटी डालने के लिए 10 लाख रुपए दिए थे। सुषमा ने मृतक राजेन्द्र के रुपए कमेटी में ना लगाकर खर्च कर दिए थे और राजेन्द्र को कहा कि उसने कमेटी डालने के लिए उसके (राजेन्द्र) रुपए सीमा नामक महिला को दे दिए हैं। सुषमा ने अपने साथी आरोपी अनिल व सीमा के साथ मिलकर राजेन्द्र की हत्या करने की योजना बनाई। सुषमा ने सीमा को 50 हजार रुपए देने का भी वादा किया।

### सुषमा ने राजेंद्र को मानेसर में बुलाया था

22 नवंबर को सुषमा ने राजेन्द्र को अपने घर सेक्टर-1 आईएमटी मानेसर बुलाया और चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। राजेन्द्र की हत्या करने के बाद सुषमा व अनिल ने सीमा को वापस भेज दिया। इसके बाद राजेन्द्र की कार को हाईवे पर सर्विस लाईन पर खड़ा करके राजेन्द्र के शव को अनिल की कार में डालकर रेवाड़ी-नारनौल हाईवे के पास फेंक दिया। शव रेवाड़ी पुलिस को मिला, जिसे गुरुग्राम पुलिस पहचान करके ले आई। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल रही आरोपित महिला सीमा (48) निवासी डूंडाहेड़ा गुरुग्राम को डूंडाहेड़ा गांव से काबू किया गया। आरोपियों के कब्जा से वारदात में प्रयोग की गई एक कार, कार से मृतक के बाल, मृतक के दस्तावेज व मृतक के गले से निकाली गई 1 सोने की चेन भी बरामद की गई है।

# ट्रैक्टर चोरी कर फर्जी कागजात पर उत्तर प्रदेश में बेचने वाला अपराधी गिरफ्तार

- चोरी हुए 11 ट्रैक्टर, व 2 ट्रालियां बरामद
- यूपी में 4 से 5 लाख में बेचता था आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पुलिस की गिरफ्त में ट्रैक्टर चोरी करने का शातिर अपराधी।

पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने के गिरोह का एक शातिर आरोपी काबू किया है। उसके पास से चोरी हुए 11 ट्रैक्टर व 2 ट्रालियां बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ हरियाणा व राजस्थान में कई अपराधिक केस भी दर्ज हैं।

जानकारी के अनुसार 3 नवंबर 2024 को एक व्यक्ति ने थाना पटौदी जिला गुरुग्राम में एक शिकायत देकर कहा कि 30/31 अक्टूबर 2024 की रात को पटौदी में उसके प्लॉट में खड़े उसके ट्रैक्टर व ट्राली को चोरी कर लिया गया। इस शिकायत पर थाना पटौदी में केस दर्ज किया गया और आरोपियों की तलाश शुरू की गई। अपराध शाखा फर्रूखनगर प्रभारी उप-निरीक्षक दीपक कुमार की टीम ने इस केस में ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह के एक शातिर आरोपी को गांव इखांका भरतपुर राजस्थान से काबू किया गया। जिसकी पहचान नखरुद्दीन उर्फ नखरू उर्फ नसरू निवासी गांव भंडारा जिला भरतपुर (राजस्थान) के रूप में हुई। आरोपी को अदालत में पेश करके 8 दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी ने पूछताछ में गुरुग्राम से ट्रैक्टर चोरी करने की 20 अन्य वारदातों का तथा जिला रेवाड़ी से 5 वारदातों को अंजाम देने का खुलासा किया। आरोपी से पुलिस पूछताछ में यह भी पता चला कि आरोपी अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर चोरी करता है। ट्रैक्टर चोरी करने के बाद चोरी किए गए ट्रैक्टर के फर्जी कागजात बनाकर उत्तर-प्रदेश के क्षेत्र में करीब 4 से 5 लाख रुपए में बेच देते है। आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगालने पर पता चला है कि उसके खिलाफ गुरुग्राम में चोरी करने के 17 केस, फरीदाबाद में 2 केस, नूंह में 1 केस तथा शस्त्र अधिनियम, चोरी, मारपीट, लूट, हत्या के प्रयास के अपराधों के 9 केस राजस्थान में दर्ज हैं। डकैती करने का एक केस उत्तर प्रदेश में दर्ज है।

## मीडिया पोर्टफोलियो प्रदर्शनी आज

**फरीदाबाद।** एजेंसी बोस विश्वविद्यालय में संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा यूनिवर्सिटी के मीडिया सेल के संयुक्त तत्त्वाधान में 'मीडिया पोर्टफोलियो प्रदर्शनी' का 26 नवंबर को आयोजन होगा। जिसमें पत्रकारिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अपने मीडिया अध्ययन के दौरान किए गए रचनात्क एवं अन्य प्रयोगात्मक गतिविधियों को प्रदर्शित करेंगे। उक्त प्रदर्शनी 26 नवंबर, 2024 को सुबह 10:30 बजे प्रतिष्ठित शकुंतलम हॉल में आयोजित होगी। संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग हर वर्ष मीडिया पोर्टफोलियो प्रदर्शनी का आयोजन करता है। जिसमें पत्रकारिता के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भाग लेते हैं।

# गुरुग्राम विवि में मनाया जाएगा संविधान दिवस: मीणा

- वाणिज्य, उद्योग, वन एवं पर्यावरण मंत्री नरबीर सिंह होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मंगलवार 26 नवंबर को सुबह 11 बजे गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में संविधान दिवस कार्यक्रम मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले में सोमवार को एडीसी हितेश कुमार मीणा ने यूनिवर्सिटी कैंपस का दौरा किया। उनके साथ जिला परिषद के सीईओ जगनिवास तथा विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार भी मौजूद रहे।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण करते हुए आयोजन की तैयारियों के बारे में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को देश का 75वां संविधान दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

यह आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में मंगलवार को सुबह 11 बजे आरंभ होगा। इस समारोह में विद्वान जन भारतीय संविधान की रचना, उसके इतिहास तथा विशेषताओं पर अपना वक्तव्य देंगे। इस अवसर पर प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह मुख्य अतिथि, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर व गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

# स्वच्छ हवा के लिए गठित समिति की बैठक में हुई चर्चा

- निगमायुक्त की अध्यक्षता में निगम कार्यालय में हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


शहर स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक लेते निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग।

नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता में निगम कार्यालय में शहर स्वच्छ हवा के लिए गठित शहर स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए अपनाए जाने वाले उपायों पर चर्चा की गई।

बैठक में नगर निगम गुरुग्राम की पर्यावरण विंग की नोडल अधिकारी संयुक्त आयुक्त सुमन भांखड़ के मुताबिक केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से राशि जारी की जाएगी। इस राशि से प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कार्य किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि इनमें सड़क निर्माण, मैकेनिकल रोड़ स्वीपिंग, एंटी स्मॉग गन व वाटर स्प्रिंकलर, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन, गैस/बायोमास आधारित क्रिमेटोरियम, साइकिल ट्रैक, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, डि-सेंट्रलाइज्ड कंपोस्टिंग प्लांट, मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, सीएंडडी वेस्ट कलेक्शन सेंटर आदि कार्य शामिल हैं। निगमायुक्त ने बैठक में मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे मंगलवार तक कार्यों की मांग बजट सहित उपलब्ध करा दें, ताकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजे जा सकें। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह, एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर वाईएस गुप्ता, संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार, अखिलेश यादव व सुमन भांखड़ सहित पुलिस विभाग, जीएमडीए व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# द्रोण रेहड़ी पटरी फेरी कमेटी ने शुरू किया पोस्ट कार्ड लेखन अभियान

- मुख्यमंत्री के नाम निगमायुक्त को सौंपा पोस्ट कार्ड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

द्रोण रेहड़ी पटरी फेरी कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग से मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर 26 नवम्बर संविधान दिवस के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम पोस्ट कार्ड लेखन अभियान का पोस्ट कार्ड भेंट किया।

इसमें लिखा गया है कि रेहड़ी पटरी फेरी लगाकर अपना काम करने वाले देश भर में कार्यरत पथ विक्रेताओं के संगठन नासवी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 से से 26 नवंबर 2024 तक सभी प्रदेश में रेहड़ी पटरी फेरी विक्रेताओं द्वारा अपने अपने प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को पोस्ट कार्ड लेखन करते हुए मांग की जाएगी कि प्रदेश में पथ विक्रेता (आजीविका का संरक्षण एवं पथ विक्रय का विनियमन) अधिनियम-2014 को मूल भावना से लागू किया जाए। पथ विक्रेताओं को निश्शुल्क और डर रहित विक्रय करने का वातावरण बनाया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने निगमायुक्त से कहा कि रेहड़ी पटरी फेरी विक्रेताओं को निगम क्षेत्र में रेहड़ी पटरी फेरी लगाने में एक डर और दहशत बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बेसहारा बुजुर्गो का सहारा बना देवीलाल वृद्धाश्रम

**फरीदाबाद।** बुजुर्गो को सहारा देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने आज फिर दो बेसहारा वृद्धों को आश्रम में सहारा देकर ना केवल सामाजिक कार्य किया है बल्कि दो अनमोल जिन्दगी को भी बचाया है। पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता व राजेन्द्र प्रसाद गौतम ने समिति के संचालक किशन लाल बजाज को फोन पर सूचना दी कि दो वृद्ध बाटा पुल के नीचे लावारिस हालत में बैठे है और ठंड में ठिठुर रहे है। किशन लाल बजाज बिना समय गंवाए अपनी टीमं के साथ जिसमें मौके पर पहुचें और तुरंत उन्हें उठाकर वृद्धाश्रम में लेकर आए और खानपान दिया। पूछताछ करने पर एक वृद्ध ने अपना नाम श्याम सुन्दर पुत्र रामेश्वर और आयु लगभग 60 वर्ष बताया। दूसरे ने जय नारायण पुत्र किशन उम्र 65 वर्ष बताया। दोनो बुजुर्गो ने बताया कि बच्चों ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया है। जय नारायण की दिमागी हालत भी ठीक है। किशन लाल बजाज ने बुजुर्गो को आश्वासन दिया कि जब तक चाहे वह आश्रम में रह सकते है और उनके खाने और पहनने की भी व्यवस्था की जाएगी। कृष्ण लाल बजाज ने बताया कि बुजुर्गो के बारे में लिखित सूचना एक नंबर कोतवाली पुलिस में दे दी जाएगी

### बीपीएल परिवारों को बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा ऋण

**गुरुग्राम।** गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से यह ऋण उपलब्ध कराया जाता है। डीसी अजय कुमार ने सोमवार को बताया कि इस योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो, को बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशु पालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### उपायुक्त ने थाना व विद्यालय परिसर में किए पौधारोपण



**फरीदाबाद।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह द्वारा जिला पर्यावरण संरक्षण विभाग के सह प्रमुख एवं हरियाणा प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह देओल के सहयोग से पौधारोपण किया गया। पौधारोपण थाना सेक्टर 58 के परिसर में किया गया। पौधारोपन के दौरान पुलिस उपायुक्त के साथ थाना सेक्टर-58 प्रभारी आजाद सिंह व सीकरी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार थाना मुंशी धर्मेंद्र के अलावा अन्य स्टाफ कर्मी शामिल रहे। इस मौके पर पुलिसउपयुक्त ने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण बल्कि लोगों की सेहत के लिए बहुत आवश्यक है और यह बढ़ते हुए प्रदूषण की समस्या के निदान के लिए भी जरूरी है। उन्होंने हर्बल एवं आयुर्वेदिक पौधे धरती मां को समर्पित किए। इसके साथ ही सेक्टर-55 के सरकारी स्कूल में भी पौधारोपण किया गया। इस दौरान स्कूल के उप प्राचार्य डॉ0 कुलदीप ने पुलिस उपायुक्त से स्कूल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय के आसपास पुलिस गश्त के लिए आग्रह किया। जिसके लिए पुलिस उपायुक्त ने संबंधित थाना/चौकी प्रभारी को गस्त के लिए निर्देशित किया।

# अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ितों को दी क्षतिपूर्ति राशि

- एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामलों की एडीसी ने की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



एडीसी हितेश कुमार ने कहा है कि सामाजिक दृष्टि से हर एक व्यक्ति का अपना मान-सम्मान होता है। हमें अपनी सभ्य संस्कृति का सम्मान करते हुए आसपास रहने वाले लोगों के साथ समभाव व्यवहार रखना चाहिए। वे सोमवार को विकास सदन स्थित अपने कार्यालय में एससी-एसटी अत्याचार निवारण के लिए गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि लोक व्यवहार में कभी किसी व्यक्ति का अपमान नहीं करना चाहिए। चाहे वह किसी भी वर्ग या जाति से संबंध रखता हो। हमारे संविधान ने सभी नागरिकों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें अपने परिवार में भी सभी सदस्यों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। बैठक में एडीसी ने निर्देश दिए कि एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत आने वाली शिकायतों की निष्पक्षता से जांच-पड़ताल की जानी चाहिए। जिन मामलों में अभी तक पुलिस द्वारा चालान पेश नहीं किया गया है, उनकी जांच पूरी कर चार्जशीट जल्दी कोर्ट में दाखिल की जाए। उन्होंने कहा कि जिला न्यायवादी की ओर से इन मामलों में दोषी व्यक्ति को सजा दिलवाने के लिए सख्त पैरवी की जानी चाहिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने बताया कि कल्याण विभाग ने अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सरकार की नीति के अनुसार 23 मामलों में पीड़ित परिवार को 26 लाख 62 हजार 500 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की है। समाज में समरसता लाने के लिए विभाग द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर एसीपी कपिल, डिप्टी डीए धनेंद्र कुमार, एडीए रोहित देसवाल, संदीप, एडवोकेट नीलम दहिया, सतबीर, दिनेश, सुखबीर, कमल सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# 'देश को विकसित बनाने में युवाओं का होगा अहम योगदान'

- खेल मंत्री गौरव गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया दो दिवसीय युवा महोत्सव का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल एवं कानून और विधायी राज्य मंत्री हरियाणा सरकार गौरव गौतम ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है, तो नागरिकों और खासकर युवाओं को आगे आकर देश को अव्वल बनाने के उद्देश्य से काम करने की जरूरत है। उन्हें हर उस क्षेत्र में आगे आना चाहिए, जिसमें वे पारंगत हैं।

युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम सोमवार को हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से आयोजित जिला मुख्यालय स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलन कर श्रीगणेश करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे में युवाओं की विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने देश की आजादी के 100वें वर्ष, 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं से प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ काम करने का आह्वान किया। युवा महोत्सव में पहले दिन सैंकड़ों युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा महोत्सव में प्रथम दिन समूह लोकगीत, एकल लोकनृत्य, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी, भाषण, कविता लेखन, स्टोरी राइटिंग, साइंस मेले आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य इंद्राज सिंह ने बताया कि मंगलवार 26 नवंबर को लोक गीत सोलो, लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता श्रेणी की विधाएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद सभी प्रतियोगिताओं में जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर विजेता रहने वाली सभी विधाओं की टीमें राज्य स्तरीय उत्सव में प्रतिभागिता करेंगी।

इस अवसर पर कौशल विभाग के निदेशक डा. विवेक अग्रवाल, एसडीएम ज्योति, जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार, नेहरू युवा केंद्र से अधिकारी प्रियंका मलिक, वाईसीओ सुनीता, आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य इंद्राज सिंह, आईटीआई के प्रधानाचार्य भगत सिंह, आईटीआई गुरुग्राम के प्रधानाचार्य जयदीप कादयान, आईटीआई कुशक के प्रधानाचार्य मनोज और आईटीआई हथीन के प्रधानाचार्य योग्रेंद्र सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### संस्कृति को सहेजने में सहायक हैं ऐसे कार्यक्रम

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हमें जीवन में नई-नई चीजें सीखनी चाहिए साथ ही अपनी संस्कृति व जड़ों से भी जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव सरीखे कार्यक्रम अपनी संस्कृति व लोक कला को सहेजने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ -साथ अपनी कला और संस्कृति को बचाने के लिए युवा महोत्सव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अवश्य भागीदारी करें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाएं और बुरी आदतों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि आज के सूचना एवं तकनीकी युग में युवा अपने आपको नई-नई सूचनाओं की जानकारी से अपडेट रखें।

# फाइल बेवजह डेढ़ माह लंबित रखने पर जवाब तलब

- निगमायुक्त बोले, लोगों को बेवजह चक्कर न कटवाएं अधिकारी
- समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अशोक कुमार गर्ग ने दिए स्पष्ट निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

किसी काम को लेकर नगर निगम में लगाई गई फाईल को बेवजह लंबित रखने के मामले को निगमायुक्त ने कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने इस मामले में दो क्लर्क से जवाबदेही करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। अगर फाईलों को बेवजह लंबित करना पाया गया तो दोनों क्लर्क पर गाज गिरनी तय है।

सोमवार को समाधान शिविर में गांव झाड़सा से आई एक शिकायत की सुनवाई करते हुए निगमायुक्त ने मौके पर ही ई-ऑफिस पोर्टल खुलवा कर देखा। इस दौरान पाया कि क्लर्क ने बेवजह अपने पास फाईल को लगभग डेढ़ माह तक लंबित रखा है।

इसके साथ ही उन्होंने मौके पर ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी इस मामले में फटकार लगाई तथा तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा चंदन नगर में सीवर ओवरफ्लो से संबंधित शिकायत की सुनवाई करने के दौरान निगमायुक्त ने सहायक अभियंता को तुरंत ही फोन मिलाया। उन्हें चंदन नगर पहुंचने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने कहा कि जब तक स्थाई समाधान नहीं होता है, तब तक वहां पर अस्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### ड्रेनेज सफाई की टेंडर प्रक्रिया अभी से होगी शुरू

निगमायुक्त ने सुशांत लोक-1 व सेक्टर-28 से आए नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करने के दौरान मौके पर उपस्थित चीफ इंजीनियर मनोज यादव से कहा कि वे ड्रेनेज की सफाई से संबंधित टेंडर प्रक्रिया अभी से शुरू करवा दें, ताकि मानसून आने से पूर्व सभी ड्रेनेज की सफाई पूरी कर ली जाए।

### गंभीरता से काम करें अधिकारी

निगमायुक्त ने कहा कि यह हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है कि नागरिकों को बेवजह किसी भी काम के लिए चक्कर ना लगवाया जाए। शिकायत का समाधान करने की दिशा में गंभीरता से ध्यान दिया जाए। अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी बेवजह नागरिकों को बार-बार चक्कर लगवाता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का यही लक्ष्य है कि नागरिकों को सड़क, सीवर, पेयजल, पार्क, स्ट्रीट लाईट व सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। अधिकारियों का भी यही कर्तव्य है कि वे बेवजह नागरिकों को परेशान ना करें। उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतें जिनका समाधान करने में समय लगना है। उस मामले में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उक्त शिकायत का तुरंत अस्थाई समाधान किया जाए।

# कर्मचारियों पर भड़के हरको बैंक के चेयरमैन

- हुकम सिंह बोले, कॉमर्शियल बैंकों के कर्मियों की तरह ग्राहक को दें सर्विस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरको बैंक के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी ने को-आपरेटिव बैंक कर्मियों का आह्वान किया कि वह बदलते परिदृश्य में अपने काम करने के तरीके में भी अमूलचूक बदलाव लाए तथा अन्य कॉमर्शियल बैंकों के कर्मियों की तरह सर्विस दें। ऐसा अगर बैंक कर्मी करेगें तो बैंक की दशा व दिशा बदली जा सकेगी।

भाटी दी फरीदाबाद सैन्ट्रल को-आपरेटिव बैंक के ब्रांच प्रबंधकों व पैक्स प्रबंधकों के लिए आयोजित की गई एक कार्यशाला में उपस्थित प्रबंधकों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला में पहुंचने पर हरको बैंक के महाप्रबंधक डा. प्रफुल्ल रंजन व फरीदाबाद सैन्ट्रल को-आपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक प्रशांत यादव द्वारा चेयरमैन का स्वागत किया गया।

भाटी ने बैंक कर्मियों की क्लास लगाते हुए कहा कि आज के समय में जबकि प्राईवेट बैंक ग्राहक को हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवा रहे है ऐसे में को-आपरेटिव बैंक कर्मी सिर्फ खाते बदलने तक ही समिति है तथा अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं ला पाए है।

## स्पष्ट जनादेश

### भाजपा, झामुमो का शानदार प्रदर्शन

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण चुनावी जीत हासिल की, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने झारखंड में कई बाधाओं के बावजूद जीत हासिल की, जिससे एक बार फिर साबित हुआ कि मतदाताओं के मन को पढ़ना मुश्किल है। महाराष्ट्र में, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गुटों सहित भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने ओबीसी वोटों के प्रभावी एकीकरण और महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण जैसी रणनीतिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए निर्णायक बहुमत हासिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और जमीनी स्तर पर आउटरीच कार्यक्रमों ने उनकी अपील को और मजबूत किया। इस बीच, झारखंड में, भाजपा झामुमो के सत्तारूढ़ गठबंधन से सत्ता छीनने में विफल रही। यह शासन के मुद्दों पर जोर नहीं दे सका और हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ असंतोष का लाभ नहीं उठा सका। आदिवासी क्षेत्रों में मजबूत मतदाता लामबंदी और विकास-केंद्रित संदेश ने झामुमो की सफलता को और बढ़ा दिया। महाराष्ट्र में, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और मूल एनसीपी शामिल हैं, आंतरिक विभाजन और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्पष्टता की कमी से जूझ रहा था। झारखंड में, भाजपा की सीमित पहुंच और ग्रामीण संकट को दूर करने में विफलता ने प्रभावी रूप से इसकी अपील को कम कर दिया। महाराष्ट्र में चुनावी नतीजे भाजपा की राज्य की राजनीति को बदलने और हावी होने की क्षमता को रेखांकित करते हैं। इस दौरान विपक्ष मतदाताओं का विश्वास हासिल करने के लिए संघर्ष करता रहा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने रणनीतिक गठबंधनों, प्रभावी मतदाता पहुंच और लक्षित कल्याणकारी पहलों के संयोजन के कारण महाराष्ट्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। महाराष्ट्र में, भाजपा ने खुद को एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) समूह के साथ एक समेकित ताकत के रूप में पेश किया, जिससे एक समेकित मतदाता आधार सुनिश्चित हुआ। ओबीसी एकीकरण पर पार्टी का ध्यान, महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण जैसी कल्याणकारी योजनाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का प्रभाव मतदाताओं के साथ मजबूती से जुड़ा। लेकिन झारखंड में कहानी अलग थी, जहां भाजपा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले गठबंधन के शासन से असंतोष का फायदा नहीं उठा सकी और बेरोजगारी और आदिवासी कल्याण जैसे स्थानीय मुद्दों को उजागर करने में विफल रही और अपने राष्ट्रीय एजेंडे पर अधिक ध्यान केंद्रित किया। झामुमो को जमीनी स्तर पर अभियान से भी लाभ हुआ, जिसने आदिवासी और ग्रामीण मतदाताओं की चिंताओं को संबोधित किया, जिससे इसकी स्थिति और मजबूत हुई। इसी तरह, महाराष्ट्र में विपक्ष आर्थिक चुनौतियों और शासन में चूक के आरोपों जैसी भाजपा की कथित कमियों का प्रभावी ढंग से फायदा उठाने में विफल रहा। महाराष्ट्र में, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और शरद पवार की राकांपा शामिल हैं, आंतरिक विभाजन और असंगत संदेशों से जूझते रहे, खासकर मराठा आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर। झारखंड में, झामुमो और कांग्रेस भाजपा के कथानक का मुकाबला करने और बदलाव के लिए एक आकर्षक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने में सक्षम थे। ये परिणाम वास्तव में मतदाताओं की उन मुद्दों पर वोट करने की सहज समझ को रेखांकित करते हैं जिन्हें वे महत्वपूर्ण मानते हैं।



# संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर की भूमिका

**डॉ. अंबेडकर भारत के विभाजन एवं कांग्रेस के मुसलमानों के प्रति तुष्टीकरण की नीति सदैव विरोधी रहे। उनका मानना था कि कांग्रेस मुसलमानों की नाजायज मांगों के सामने भी नतमस्तक हो जाती है जबकि अछूतों के मामले में कांग्रेस का रवैया भिन्न रहता है।**

**डॉ. विकास नौटियाल**
(लेखक, इतिहास के प्रोफेसर हैं)





**आज 26 नवंबर** का दिन है। आज ही के दिन स्वतंत्र भारत में 284 सदस्यों वाली संविधान सभा के द्वारा तैयार नवीन संविधान को अंगीकार कर राष्ट्र को समर्पित किया गया। भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर 2015 को संविधान के मुख्य शिल्पी एवं संविधान निर्माता की प्रारूप समिति के प्रमुख बाबासाहब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के योगदान की स्मृति में संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य भारत के नागरिकों को संविधान के प्रति सचेत करना एवं समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करना है। स्वतंत्रता के उपरांत 29 अगस्त 1947 को भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए डॉ. अंबेडकर को सात सदस्यीय समिति की अध्यक्षता करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ब्रिटिश संविधान विशेषज्ञ जॉन जेरिंग को प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाना चाहते थे किंतु अनेक संविधान विशेषज्ञों के परामर्श पर महात्मा झंधी ने डॉ अंबेडकर का पक्ष लिया। उनका कहना था कि जब हमारे पास डॉ. अंबेडकर जैसा योग्य व्यक्ति है तो हमें किसी विदेशी संविधान विशेषज्ञ की आवश्यकता क्या है?

प्रारंभ में डॉक्टर अंबेडकर अपने खराब स्वास्थ्य के कारण इस काम के लिए सहमत नहीं थे किंतु अपने समाज को गौरव दिलाने के लिए उन्होंने अंतत यह पद स्वीकार कर लिया। प्रारूप समिति की बैठकों के दौरा मृत्यु, बीमारी एवं अन्य व्यस्तताओं के कारण इसके अधिकांश सदस्य अपनी सक्रिय भागीदारी का निर्वाह न कर सके। इस कारण प्रारूप तैयार करने का का दायित्व डॉ. अंबेडकर के कंधों पर ही आ गया। डॉ. अंबेडकर ने लगभग 100 दिनों तक संविधान सभा में मसौदे के सभी पक्षों को सदस्यों को समझाया एवं हर एक सुझाव पर विमर्श किया। इस प्रक्रिया में डॉक्टर अंबेडकर का संविधान के मुख्य निर्माता के रूप में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसीलिए उन्हें भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है। 2015 से पूर्व यह दिन राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। 26 नवंबर के दिन ही भारत के नवीन संविधान ने सभी भारतवासियों को समानता का अधिकार दिया। दुनिया के सबसे विस्तृत भारत के इस संविधान को बनाने में कुल 13 समितियां का अपना योगदान रहा।

बाबा साहब ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया में एक अनुभवी दृष्ट के रूप में अपना योगदान दिया। डॉ. भीमराव राम जी अंबेडकर भारत के संविधान निर्माता, दलित उत्थान के अग्रणी नेता होने के साथ-साथ पाकिस्तान निर्माण के संबंध में एक दूरदृष्टि रखने वाले भारतीय नेता थे। 1940 में ऑल इंडिया मुस्लिम लीग द्वारा लाहौर में पाकिस्तान प्रस्ताव पारित किए जाने के उपरांत उन्होंने अपनी पुस्तक-'पाकिस्तान और द पार्टीशन ऑफ इंडिया ' में जिस प्रकार इस्लाम एवं पाकिस्तान संबंधी अपने विचारों, संकल्पनाओं एवं प्रश्नों को रखा वह उनकी इस्लाम की समझ, पाकिस्तान संबंधी प्रश्न एवं दूरदृष्टिपरक दृष्टिकोण को इंड्ति करता है। अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मूल रूप से कबीरपंथ को मानने वाले रामजी मालोजी सकपाल एवं भीमाबाई के घर एक महार परिवार में मध्यप्रदेश के म्हो नामक स्थान पर हुआ था। उनके व्यक्तित्व पर कबीर के अतिरिक्त ज्योतिबा फुले, महात्मा बुद्ध, गुरु कृष्णाजी केशव अंबेडकर, दादा कृष्णाजी अर्जुन केलुसकर का गंभीर प्रभाव पड़ा था। केलुसकर की सहायता से ही बड़ौदा के सयाजी झयकवाड तृतीय के संपर्क में आकर उनके द्वारा प्रदत्त स्कॉलरशिप के माध्यम से अमेरिका अध्ययन के लिए चले गए। इसके उपरांत उनके द्वारा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से 'द प्रॉब्लम ऑफ इंडियन रूपि: इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशन विषय पर पोस्ट डॉक्टोरल अध्ययन किया गया। भारत लौटने के उपरांत महाड सत्याग्रह, कालाराम मंदिर सत्याग्रह, पूना पैक्ट जैसी घटनाओं के उपरांत वे समाज के वंचित वर्ग के एक चर्चित नेता के रूप में भारतीय राजनीति में उभरे। धीरे-धीरे अपने जीवन काल में वे एक संविधानविद, अर्थशास्त्री एवं राजनीतिक नेता के रूप में भारतीय जनमानस में प्रतिष्ठित हो गए। इसी क्रम में उनके व्यक्तित्व में राजनीतिक बुद्धि कौशल एवं दूरदृष्टि का इस प्रकार विकास हुआ कि उन्होंने 1940 के उपरांत पाकिस्तान के प्रश्न पर अपने गंभीर विचार पाकिस्तान और द पार्टीशन ऑफइंडिया में प्रकाशित किए।

पाकिस्तान की मांग कर रहे मुस्लिम लीग के लाहौर रिजोल्यूशन (1940) के बाद, आम्बेडकर ने 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान नामक 400 पृष्ठों वाली एक पुस्तक लिखी, जिसने अपने सभी पहलुओं में पाकिस्तान की अवधारणा का विश्लेषण किया। इसमें उन्होंने मुस्लिम लीग की मुसलमानों के लिए एक अलग देश पाकिस्तान की मांग की आलोचना की। साथ ही उन्होंने प्रस्तावित किया कि मुस्लिम और गैर-मुस्लिम बहुमत वाले हिस्सों को अलग करने के लिए पंजाब और बंगाल की प्रांतीय सीमाओं को फिर से तैयार किया जाना चाहिए। हालांकि वे मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग की विभाजनकारी सांप्रदायिक राजनीति के घोर आलोचक थे पर उन्होने तर्क दिया कि हिंदुओं और मुसलमानों को पृथक कर देना चाहिए और पाकिस्तान का गठन हो जाना चाहिये क्योकि एक ही देश का नेतृत्व करने के लिए, जातीय राष्ट्रवाद के चलते देश के भीतर और अधिक हिंसा पनपेगी। उन्होंने चेताया कि दो देश बनाने के समाधान का वास्तविक क्रियान्वयन अत्यंत कठिनाई भरा होगा। विशाल जनसंख्या के स्थानान्तरण के साथ सीमा विवाद की समस्या भी रहेगी। भारत की स्वतंत्रता के बाद होने वाली हिंसा को ध्यान में रख कर की गयी यह भविष्यवाणी सही थी।

डॉ. अंबेडकर भारत के विभाजन एवं कांग्रेस के मुसलमानों के प्रति तुष्टीकरण की नीति सदैव विरोधी रहे। उनका मानना था कि कांग्रेस मुसलमानों की नाजायज मांगों के सामने भी नतमस्तक हो जाती है। जबकि अछूतों के मामले में कांग्रेस का रवैया भिन्न रहता है। कांग्रेस चाहती है ब्रिटिश उपनिवेशवाद के विरुद्ध होने वाले संघर्ष में मुसलमान कांग्रेस के साथ रहे एवं उसे हिंदू तथा मुसलमान दोनों समुदायों की पार्टी माना जाए। कांग्रेस ने हिंदुओं के अधिकारों पर कुठाराघात करने कि पहले से ही तैयारी कर ली है। पाकिस्तान प्रस्ताव पारित हो जाने के उपरांत अंबेडकर ने अलग पाकिस्तान बनाए जाने का समर्थन किया। किंतु वे अकस्मात बंटवारे के पक्ष में नहीं थे उनका मानना था कि एक संघ के अंतर्गत हिंदुस्तान एवं पाकिस्तान बनाया जाए किंतु अगले 10 वर्ष तक इन्हें आत्मनिर्भर होने का अवसर भी मिलना चाहिए। वह मुस्लिम लीग के इरादों से भली भांति परिचित हो चुके थे। अंबेडकर का मानना था कि भारतीय समाज अनेक रूप से विभाजित समाज है। किंतु मुझे पूर्ण विश्वास है कि दुनिया की कोई भी शक्ति इस देश को एक होने से नहीं रोक सकती यद्यपि मुस्लिम लीग इस बात पर जोर दे रही है कि हिंदुस्तान का बंटवारा कर दिया जाना चाहिए, लेकिन एक दिन उनको यह बात जरूर समझ में आएगी कि हिंदुस्तान का बंटवारा उनके हित में नहीं अपितु एक दिन अखंड भारत उनके लिए ज्यादा बेहतर होगा।


इस्लाम एवं पाकिस्तान के संबंध में डॉ आंबेडकर के स्पष्ट एवं परिभाषित विचार थे। भारत विभाजन के विरोध के बजाय अखंड भारत के पक्ष में थे किंतु पाकिस्तान आंदोलन एवं पाकिस्तान बनाने को लेकर वे कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति के बजाय जिन्ना का खुला विरोध करते रहे। वर्तमान में भारत में मुसलमानों की जनसंख्या का एक बड़ा भाग धर्मांतरित लोगों का है जिनमें अजलफ एवं अरजाल मुसलमान 80 प्रतिशत से अधिक है। ये वो मुस्लिम समुदाय है जिनकी जड़ें भारत भूमि में ही विद्यमान हैं। अंबेडकर प्रारंभ से ही अखंड भारत के पक्ष में रहे। वे भारत का विभाजन नहीं चाहते थे लेकिन जब यह लगने लझ कि अब विभाजन होना अपरिहार्य हो गया है तो उन्होंने इस समस्या के संवैधानिक एवं व्यावहारिक पक्षों पर अपने विचारों का प्रतिपादन किया। जिसका आधार ग्रीस एवं टर्की के बीच होने वाला अल्पसंख्यक संबंधी समझौता था। उन्होंने भारतीय मुसलमानों के संबंध में जिन वक्तव्यों को प्रकाशित करवाया उनमें से अनेक वक्तव्य आज भी भारत की भू राजनीति में प्रासंगिक दिखाई दे रहे हैं।

डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 के पक्षधर नहीं थे। वे समान नागरिक संहिता के पक्षधर थे। 2019 में मोदी सरकार द्वारा कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त कर अंबेडकर के सपने को साकार किया है। भारत सरकार एवं अनेक राज्य सरकारें भारत में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रयास कर रही हैं। डॉ. आंबेडकर का कहना था कि उन्होंने लोकतंत्र की अवधारणा को प्राचीन भारतीय गणराज्यों से लिया है उन्होंने महात्मा बुद्ध को लोकतांत्रिक गणराज्य का आद्य प्रवर्तक कहा। वे लोकतंत्र में हीरो वरशिप के पक्षधर नहीं थे। संविधान निर्मित करने में भारत की सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी , विजयलक्ष्मी पंडित जैसी कुल 15 महिलाएं भी सम्मिलित थीं। इसके अतिरिक्त लोकतांत्रिक पद्धति के आधार पर समाज के सभी वर्गों भारतीय रियासतों का भारत के नवीन संविधान को बनाने में योगदान रहा। इस प्रक्रिया में हम भारत के संविधान को बनाने वाले डॉ. आंबेडकर सहित सभी सदस्यों को नमन करते हैं।

# ईश्वर ही स्रोत है

> यदि धन से शांति खरीदी जा सकती, तो किसी भी अमीर व्यक्ति को मानसिक समस्याएँ नहीं होतीं, क्योंकि शांति की कमी ही उनके लिए मुख्य कारण है।

**अजित कुमार विश्नोई**
(लेखिका, स्तंभकार हैं)



**भगवान श्रीकृष्ण** ने भगवद गीता के श्लोक 10.41 में इस बात पर प्रकाश डाला है कि भगवान सृष्टिकर्ता हैं। तार्किक रूप से उन्हें ही हर चीज का स्रोत होना चाहिए। निम्नलिखित उदाहरणों से यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो जाएगी। धन सबसे पहले होना चाहिए। आध्यात्मिक दृष्टि से, यह हमारे कर्मों के लिए हमें दिया गया कर्मफल है। क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि एक अमीर आदमी के बेटे को उसके यहाँ जन्म लेने मात्र से ही बहुत सारा धन मिल जाता है? क्या बेटे ने इसके लायक कुछ किया है? उसने अपने पिछले जन्म/जन्मों में अवश्य किया होगा। क्योंकि भगवान ही स्रोत हैं। वे तय करते हैं कि किसे क्या मिलेगा। किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी यही बात लागू होती है।

सारा अप्रयुक्त धन पीछे छूट जाता है क्योंकि सारा धन केवल भगवान का है; हम अपने जीवनकाल में इसका केवल कुछ ही उपयोग कर पाते हैं। हमें अगले जन्म में क्या मिलेगा, यह भगवान तय करेंगे - जो इस सब का स्रोत है। केवल धन ही नहीं बल्कि सारा ऐश्वर्य भी भगवान द्वारा योग्य व्यक्ति को दिया जाता है। चलिए सुंदरता को ही लेते हैं। क्या कोई व्यक्ति सुंदरता के साथ पैदा नहीं होता? अन्यथा आप यह कैसे समझा सकते हैं कि कोई व्यक्ति अच्छे चेहरे और अन्य विशेषताओं के साथ पैदा होता है और कोई इतना भाग्यशाली नहीं होता? हाँ, सुंदरता हमारे कर्मफल हैं। ईश्वर के अधीन दिव्य प्राधिकरण यह निर्धारित करता है कि किसे क्या मिलता है। (9.10) राजा के बेटे को शक्ति स्वाभाविक रूप से मिलती है। क्यों? उसके पिछले जन्म/जन्मों के अच्छे कर्मों के कारण। यही बात प्रसिद्धि के बारे में भी सच है, जो एक और ऐश्वर्य है। क्या हमें कभी-कभी आश्चर्य नहीं होता कि केवल कुछ अभिनेता या गायक ही सबसे



अधिक ध्यान क्यों पाते हैं, जबकि अन्य भी इसके हकदार हैं? क्योंकि यह निर्धारित करने की प्रक्रिया कि किसे क्या मिलता है, काफी जटिल है और जाहिर है, समझना मुश्किल है। (4.17) हमें विश्वास होना चाहिए कि यह सब वैज्ञानिक है, अन्यथा सृष्टि लाखों वर्षों तक नहीं टिक सकती। ईश्वर सदैव धर्म के पक्ष में हैं, और किसी को पुरस्कार या दंड में किसी भी प्रकार का कोई अन्याय नहीं होता है। उसी श्लोक का संदर्भ देते हुए, शक्ति (ताकत) केवल ईश्वर से ही आती है। आत्मबल (आंतरिक शक्ति) से शुरू होकर, ईश्वर इसका प्रत्यक्ष स्रोत है। भगवान के भक्त ही इसके लाभार्थी हैं।

बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक जैसी अन्य शक्तियां अन्य स्रोतों से आती हुई प्रतीत हो सकती हैं, लेकिन, अंततः, भगवान ही स्रोत हैं। एक और शक्ति है, जो सहन करने की क्षमता है। हमें इसके लिए भगवान से प्रार्थना करनी चाहिए। हममें से अधिकांश लोगों में इसका अभाव है और जब दुख आते हैं तो वे विलाप करते हैं क्योंकि वे हमारे पिछले बुरे कर्मों का परिणाम हैं। अब हम शांति में आ गए हैं। इसका स्रोत भगवान हैं - एक और केवल एक। भगवान कृष्ण ने इसे बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। (2.66) यदि धन से शांति खरीदी जा सकती, तो, किसी भी अमीर व्यक्ति को मानसिक समस्याएँ नहीं होतीं, क्योंकि शांति की कमी ही उनके लिए मुख्य कारण है। जैसा कि उद्धृत श्लोक में बताया गया है, खुशी के बारे में भी यही सच है। अब हम यह समझने के मुख्य लाभों पर आते हैं कि भगवान ही स्रोत हैं और सर्वशक्तिमान की शरण लेने की आवश्यकता है। जो पहले कहा गया है, उससे यह स्पष्ट होना चाहिए कि बुरे कर्म निश्चित रूप से दंड लाते हैं; यहां तक कि मृत्यु भी इसे रोक नहीं सकती; हमारे द्वारा दिए गए दंड अगले जीवन में चले जाते हैं। क्या इसके बारे में कुछ किया जा सकता है? हाँ, भगवान बहुत दयालु हैं। समाधान है उससे सहायता प्राप्त करना, जो केवल सहायता कर सकता है। ईश्वर जो करता है वह हमें हमारे दण्डों से बिना किसी चोट के बाहर निकलने की अनुमति देता है; हमारे कष्ट काफी सहनीय हो जाएँगे। ईश्वर के भक्त बैठे-बैठे शिकार नहीं बन जाते। इसलिए, हमें यह जानने का लाभ उठाना चाहिए कि ईश्वर ही स्रोत है। ईश्वर के बिना समाधान की अंतहीन खोज करके अपने जीवन को छोटा क्यों करें? स्रोत के पास क्यों न जाएँ, जिसके पास सभी समाधान हैं? मानव जीवन हमें यह अवसर देता है।

## आप की बात

### संविधान रक्षकों का चरित्र

**मैनपुरी के** करहल में एक दलित युवती के साथ दिल दहलाने वाली घटना ने संविधान और लोकतन्त्र के रक्षकों का चरित्र उजागर कर दिया है। सपाइयों के इस चरित्र के पोषक उन्हीं के दिवंगत वो नेता हैं जो बलात्कारियों को नादान लड़के कहा करते थे। मुलायम सिंह यादव ने बलात्कारी को कहा था कि लड़कों से गलती हो जाया करती है। इसके अलावा संविधान और लोकतन्त्र को बचाने की रात- दिन दुहाई देने वालों के गुर्गों ने मैनपुरी में संविधान और लोकतन्त्र दोनों की धज्जियां उड़ाई हैं। एक दलित युवती के इतना कहने भर से कि वह भाजपा को वोट करेगी,उसका अपहरण किया और सामूहिक बलात्कार कर हत्या कर दी। ये नर पिशाच उसी गठबंधन के थे जो रात-दिन नारी सुरक्षा, संविधान और लोकतन्त्र के लिए मगरमच्छी आंसू बहाते हुए सड़कों पर उतरते हैं। इतनी बड़ी घटना होने पर भी संविधान के महान रक्षक अखिलेश यादव और राहुल गांधी के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकला। इस घटना से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि जब सत्ता से बाहर रहने पर इन लोगों का यह हाल है तो सत्ता में आने पर क्या हाल होगा? दरअसल कांग्रेस और सपा के नेता संविधान और लोकतंत्र के रक्षक होने की दुहाई तो देते हैं लेकिन आचरण उसके ठीक विपरीत करते हैं। जनता सब जानती है।

-**डॉ. नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### कठोर कानून बने

**कुछ लोग** गैरकानूनी या नियम के विरुद्ध कार्य के लिए पैसा खर्च करते हैं। जैसे कर्मचारी को रिश्वत देना या अनधिकृत दलाल को अनधिकृत कार्य के लिए पैसा देना। इच्छित परिणाम नहीं मिलने पर पुलिस के पास जाकर ठगी की शिकायत करते हैं। ऐसे व्यक्ति की शिकायत पर अपराधी से ठगे गए धन की वसूली और सजा का प्रावधान होना चाहिए। लेकिन उससे वसूले गए धन को वापस शिकायतकर्ता को नहीं दिलवा कर सरकार को देने का प्रावधान कानून में होना चाहिए क्योंकि पैसा देने का कार्य भी गैर कानूनी था। हां, शिकायतकर्ता को सजा नहीं देने का कानून में प्रावधान होना चाहिए अन्यथा शिकायत भी नहीं होगी और रिश्वत लेने वाले व्यक्ति या गिरोह पकड़े नहीं जाएंगे। कुछ लोग धन को कम समय में कई गुना करने की स्कीम या लोहे को सोना बनाने जैसी बातों का लालच देकर ठगे जाते हैं, ऐसी कई बातें शायद गैरकानूनी न हो। लेकिन इनके लालच के कारण पुलिस, अदालत आदि सरकारी संस्थाओं का समय नष्ट होता है। इसलिए ठग से धन वसूल कर पूरी धनराशि ठगे गए व्यक्ति को न दिलवाते हुए आधी राशि उसे दिलवाकर शेष आधी राशि सरकार को देने का कानून में प्रावधान किया जाना चाहिए। गैरकानूनी कार्य या लालच जैसे कारणों से ठगे जाने पर पूरी धनराशि दिलवा देने पर तो शिकायतकर्ता हतोत्साहित नहीं होंगे।

- **ललित दुबे,** रतलाम

### शादी, तलाक और फिर शादी

**जाने-माने** संगीतकार एआर रहमान ने 29 साल तक चली अरेंज मैरिज के बाद अपनी पत्नी सायरा बानो से तलाक ले लिया और अफवाह है कि वे गिटारिस्ट मोहिनी से शादी रचा सकते हैं। आमिर खान भी करीब 16 साल बाद अपनी पत्नी किरण राव को तलाक दे चुके हैं। एआर रेहमान का विवाह के 29 साल बाद वो भी बेटी की शादी के पश्चात सम्बन्ध विच्छेद करना आखिर कितना व्यववहारिक है? लम्बे वैवाहिक जीवन बिता लेने और बच्चों के भी विवाह हो जाने के बाद (50-60 की उम्र में) पत्नी को तलाक देना सामाजिक दृष्टिकोण से भी उचित नहीं जान पड़ता। विवाह की प्रारंभिक अवस्था (नासमझी) में तलाक बहुत हो रहे हैं जिसमें भी कोई समझदारी की बात नहीं है जबकि कोर्ट उसमे भी कोशिश करती है कि किसी तरह तलाक की नौबत ना आये। लेकिन परिपक्व उम्र में तलाक आश्चर्जनक ही माना जाएगा। यहाँ कोर्ट द्वारा समझदारों को समझाना एक प्रकार से तो टेढ़ी खीर ही है। सामान्य रूप से तलाक तो ठीक नहीं है किन्तु कोई विशेष स्थिति बनती है तो बात अलग है। खैर जो भी हो और जो भी उनकी पारिवारिक स्थिति या मानसिकता परिस्थिति हो इस पर तो परिपक्व पति-पत्नी जरूर सोच समझकर निर्णय लेते होंगे। लेकिन एक बात जो महत्वपूर्ण है वो यह है कि ऐसे लम्बी उम्र के तलाक का समाज पर गलत सन्देश जाता है।

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### आप्रासंगिक संगठन

**ना तो** अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और ना ही संयुक्त राष्ट्र संघ या इस तरह के जितने भी संगठन बने हैं खासकर के द्वितीय विश्व के पश्चात, ये सबके सब एक तरह से आप्रासंगिक हो गए हैं। या कहें कि बस औपचारिकता भर निभाते हैं। इससे आगे इनका इस निष्ठुर दुनिया में कोई औकात ही नहीं है। जब इन संगठनों का कोई भी फैसला आता है उससे मानने की बाध्यता अगर न हो तो फिर इनका क्या फायदा। पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, उनके पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और हमास अधिकारियों के लिए गिरफ़्तारी वारंट जारी किए, जिसमें उन पर क्रमश: गाजा में 13 महीने के युद्ध और अक्टूबर 2023 में इज़रायल पर हमले को लेकर युद्ध अपराध और मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया गया। सभी आरोप सौ फीसदी सही है। आज भी नेतन्याहू और उनकी फ़ौज क्षेत्र में नरसंहार को बलात अंजाम दे रहा है। मगर क्या इस गिरफ्तारी आदेश से उन लोगों को गिरफ्तार किया जा सकेगा? आईसीसी के पास न तो अपना कोई पुलिस है ना ही जेल।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# पौराणिक कथाओं से राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रधर्म को मजबूतीः योगी

**● वाराणसी के सतुआ बाबा गोशाला डोमरी में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में पहुंचे सीएम**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/वाराणसी

**सीएम** योगी ने कहा कि पावन कथाओं ने साबित किया है कि देश धर्म की बात को सुन रहा है और भगवान वेदव्यास का सम्मान कर रहा है। व्यास पीठ सुनाने को तैयार है तो भक्त सुनने को भी तैयार हैं। इन पावन कथाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को संबल व राष्ट्रधर्म को मजबूती मिलती है। हमारा ध्येय अपने ईष्ट, देवी-देवताओं, समाज के प्रति होना ही चाहिए, लेकिन हम सबका लक्ष्य होना चाहिए कि राष्ट्र की एकता व अखंडता को कोई चुनौती न देने पाए, क्योंकि उसी में देश, धर्म, समाज, कथाओं की पावन परंपरा बची हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को वाराणसी के सतुआ बाबा गोशाला डोमरी में चल रहे श्रीशिव महापुराण कथा में शामिल हुए। इस कथा के व्यासपीठ पर पूज्य संत पं. प्रदीप मिश्र भक्तों को कथा का श्रवण करा रहे हैं। सीएम ने पं. प्रदीप मिश्र से कहा कि यह यात्रा सनातन धर्म व भारत के लिए इसी वृहद रूप में बढ़ती रहे। समूचे उत्तर प्रदेश की शुभकामना आपके साथ है।

गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर 13 जनवरी से 26 फरवरी (पौष पूर्णिमा से महाशिवरात्रि) तक दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक व सामाजिक समागम 'महाकुंभ-2025' का आयोजन होने जा रहा है। इससे ठीक पहले काशी की धरती पर इस पावन कथा के माध्यम से इस कुंभ का दर्शन हो रहा है। यहां हर कोई अनुशासन व श्रद्धाभाव के साथ पावन कथा का श्रवण कर रहा है।

## मुख्यमंत्री ने साइबेरियन पक्षियों को खिलाया दाना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/वाराणसी

**मुख्यमंत्री** के पशु-पक्षियों से प्रेम करने की बानगी एक बार फिर काशी में दिखी। क्रूज पर सवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विदेश से आये मेहमानों को गंगा में यात्रा के दौरान दाना खिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद क्रूज़ से सतुआ बाबा गोशाला डोमरी में चल रहे श्रीशिव महापुराण कथा में शामिल होने जा रहे थे, इस दौरान उन्होंने साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। साइबेरियन पक्षी हर वर्ष ठण्ड के मौसम में गंगा में दिखाई देते हैं। यह पक्षी सैकड़ों मील की यात्रा करके विदेश से यहां आते हैं।

## उपचुनाव जीतने के बाद सीएम ने लिया काल भैरव व बाबा विश्वनाथ का आशीष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/वाराणसी



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सोमवार को काशी कोतवाल काल भैरव व बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे। दस दिन के भीतर सीएम योगी ने दूसरी बार बाबा के चरणों में श्रद्धा निवेदित की। मुख्यमंत्री इसके पहले 15 नवंबर को देव दीपावली पर वाराणसी आए थे। इस दौरान उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने काशी कोतवाल बाबा काल भैरव के दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। उन्होंने यहां विधि विधान से पूजा की। इसके बाद उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। बाबा के गर्भगृह में जाकर षोडशोपचार पूजन कर उन्होंने लोक कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' के उद्घोष से उनका स्वागत किया तो मुख्यमंत्री ने भी हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकारा। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ द्वार से जल मार्ग के जरिये डोमरी में चल रहे सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा में शामिल हुए।

## काल का चक्र किसी का इंतजार नहीं करताः सीएम



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/वाराणसी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यूपी कॉलेज शिक्षा जगत का सितारा है। कॉलेज ने एक सदी में शिक्षा और जीवन के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में जो कार्य किए, उसके प्रति केवल वाराणसी, पूर्वी यूपी व बिहार ही नहीं, बल्कि यूपी व देश विनम्र भाव से कृतज्ञता ज्ञापित करता है। राजर्षि उदय प्रताप सिंह जूदेव ने 1909 में बाबा विश्वनाथ की पावन स्थली पर जो नींव रखी थी, वह उनके विराट व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है। उनके मन में यह भाव रहा होगा कि राष्ट्रीयता से ओतप्रोत भावी भारत के निर्माण के लिए ऐसा शिक्षण-प्रशिक्षण संस्था देना है, जो आजादी के आंदोलन को गति और आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक क्षेत्र में देश को योग्य नागरिक भी दे सके।

# हर पीड़ित की समस्या का हो समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारणः मुख्यमंत्री

**● जनता दर्शन में योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

# उत्तर प्रदेश में जिलावार सीडी रेशियो का शासनादेश जारी

**● डीएम और कमिश्नर्स के प्रयास वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट में होंगे दर्ज**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक गतिविधियों को सशक्त करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब राज्य में जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों की वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट (एसीआर) में निवेश आकर्षण और सीडी रेशियो (क्रेडिट-डिपॉजिट) वृद्धि को भी शामिल किया जाएगा।

इस पहल के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह कदम आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य ने एक बार फिर साबित किया है कि वह शासन में अभिनव नीतियों को लागू करने में अग्रणी है। आज, वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए 01 अप्रैल 2024 तक के जनपदवार सीडी रेशियो (क्रेडिट-डिपॉजिट) को सभी 75 जनपदों के जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्तों को शासनादेश के माध्यम से जारी किया गया। यह आंकड़े राज्य स्तरीय बैंकर समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्तों के प्रदर्शन का आकलन उनके जिलों में क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात में की गई प्रगति के आधार पर किया जाएगा। इसका उद्देश्य जिलों में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना, निवेश बढ़ाना, और बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करना है।

# लखनऊ से दुधवा के बीच हेली सर्विस शुरू

**● पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तथा वन पर्यावरण जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अरूण कुमार सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ से दुधवा के बीच हेली सर्विस का शुभारंभ किया।

इस वायुयान सेवा से राज्य के इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा तथा पर्यटकों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। दोनो मंत्रियों ने आज प्रातः चौधरी चरण सिंह अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से पहली उड़ान से लखीमपुर के पलिया हवाई पट्टी के लिए रवाना हुए। लखनऊ से पलिया तक हवाई सेवा के शुभारंभ के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रकृति के साथ तारतम्य बैठाते हुए एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया है। इसी को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार द्वारा इको-टूरिज्म बोर्ड का गठन किया गया है, जो प्रदेश के टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क के आस-पास पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। दुधवा नेशनल पार्क, चूका बीच, पीलीभीत टाइगर रिजर्व तथा अन्य पर्यटन स्थलों तक सुविधाजनक यात्रा के लिए सड़क, रेल और हवाई संपर्क में लगातार सुधार किया जा रहा है। इको-टूरिज्म को लोकप्रिय बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पर्यटको को दर्शनीय स्थलों तक कम समय में जाने के लिए हेली सेवायें प्रारंभ करने के निर्देश दिये थे। उत्तर प्रदेश जैसे प्राकृतिक विविधता पूर्ण प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने में यह सेवा मील का पत्थर साबित होगी। इसको सुचारू तथा निरंतर कार्यरत बनाने के लिए मेसर्स जेटसर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू साइन किया गया था।

# मस्कुलर डिस्ट्राफी से पीड़ित बच्चों को अन्य राज्यों की तरह यूपी में भी मिले पेंशन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● गंभीर रोग से पीड़ित दिव्यांग बच्चों के दल ने सपा नेताओं को सौंपा ज्ञापन**



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव को सम्बोधित ज्ञापन राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को सौंपकर मस्कुलर डिस्ट्राफी जैसे गंभीर रोग से पीड़ित दिव्यांग बच्चों के एक दल ने केन्द्र व राज्य सरकार तक इनकी आवाज पहुंचाने की मांग की है।

ज्ञापन में जानकारी दी गई है कि मस्कुलर डिस्ट्राफी एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी है जिसमें 12 से 20 वर्ष तक बच्चों की आयु सीमा होती है। 5 वर्ष से यह बीमारी शुरू होकर संपूर्ण शरीर को अपनी गिरफ्त में ले लेती है। बच्चा चलने फिरने में असमर्थ ही नहीं अपने दैनिक कार्य करने में भी असमर्थ हो जाता है। इन बच्चों के शरीर का 85 प्रतिशत हिस्सा कार्य करना बंद कर देता है। इनकी देखभाल के लिए 24 घंटे सहायक की जरूरत होती है। परिवार आर्थिक-मानसिक बोझ से परेशान रहता है। बताया गया कि इन बच्चों की ओर से उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री को भी सहायता एवं दवाई के लिए आवेदन दिया गया था किन्तु सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की। इन रोगग्रस्त बच्चों के टेस्ट, प्रतिदिन होने वाली फिजियो थैरेपी हाईड्रो थैरेपी, इलेक्ट्रिक व्हील चेयर, हाईड्रोलिक टेबल आदि के लिए राजस्थान, आंध्र प्रदेश, बिहार एवं उड़ीसा की सरकारों द्वारा बजट में प्रावधान करते हुए एक मुश्त धनराशि के अतिरिक्त मासिक पारिवारिक पेंशन भी दी जाती है जबकि उत्तर प्रदेश सर्वाधिक दिव्यांग बच्चों के होने पर भी उनके साथ कोई मानवीय संवेदना नहीं हैं। इन दिव्यांगों का दर्द यह है कि जंतर-मंतर और इंडिया गेट दिल्ली में कई बार प्रदर्शन के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दवा व सहायता का आश्वासन दिया, दिया कुछ नहीं, प्रधानमंत्री कार्यालय भी मददगार नहीं हुआ। दिव्यांग बच्चों का दर्द है कि न तो केन्द्र सरकार ने दवा इलाज की कोई व्यवस्था की, नहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने मदद की। मस्कुलर डिस्ट्राफी से पीड़ित बच्चों की मांगे है कि अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी बच्चों को प्रतिमाह मासिक पेंशन मिले, बच्चों के फिजियो थैरेपी एवं अन्य आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए एकमुश्त आर्थिक राशि प्रदान की जाए तथा बच्चों की स्पेशल देखरेल के लिए राज्य के लगभग चार जिलों में स्पेशल डे केयर केन्द्र बनवाये जाएं। ज्ञापन देने वालों में अखिलेश त्रिपाठी, भवन किशोर दुबे, सत्य प्रकाश पाठक, आरके यादव, होरी लाल पाल, सोहेल खान, सुबोध पाण्डेय, पंकज अवस्थी तथा तौफीक आलम आदि प्रमुख रहे।

# संभल हिंसा व पुलिस फायरिंग के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**● हाईकोर्ट के सेटिंग जज से कराई जाए घटना की जांचः अजय राय**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जनपद** संभल में हुई हिंसा तथा पुलिस द्वारा फायरिंग में 4 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उक्त दुर्भाग्यपूर्ण घटना के विरोध में आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेसजनों द्वारा हाथ में काली पट्टी बांधकर मौन विरोध दर्ज कराया गया है।

इसी क्रम में सोमवार को राजधानी लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी तथा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी सहित भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष बैठकर हाथ पर काली पट्टी बांधकार मौन रहकर विरोध प्रदर्शित किया गया। धरना समाप्त होने के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की एवं घायलों की शीर्घ स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि जनपद संभल का यह विवाद योगी सरकार के पक्षपाती, तानाशाही और नफरती चेहरे को उजागर करता है। जल्दबाजी में बिना सभी पक्षों को सुने की गई असंवेदनशील कार्यवाही न सिर्फ माहौल को खराब किया अपितु कई लोगों की मृत्यु का भी कारण बना। अजय राय ने कहा कि योगी सरकार सिर्फ और सिर्फ हिन्दू-मुस्लमान कर सत्ता में बने रहना चाहती है और सामाजिक ताने-बाने को पूरी तरह से नष्ट कर देना चाहती है।

उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठकर भेदभाव, अत्याचार और फूट डालने का प्रयास करना ना मानवीय है और ना ही संवैधानिक, दुर्भाग्य यह है कि बटेंगे तो कटेंगे जैसी घृणित और नफरती सोच रखने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने पूरे समाज में एक गहरी दरार डालने का काम किया है।

राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि उक्त घटनाक्रम की संपूर्ण जांच हाईकोर्ट के किसी सिटिंग जज से कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।



## अपनी नाकामी छिपाने के लिए भाजपा सरकार ने जानबूझ कर कराया दंगाः अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● सपा मुखिया ने कहा, पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ दर्ज किया गया झूठा मुकदमा**

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि संभल में दंगा भाजपा सरकार ने जानबूझ कर अपनी नाकामी छिपाने और जनता का ध्यान हटाने के लिए कराया है। भाजपा सरकार अन्याय और अत्याचार कर रही है। पुलिस ने सरकारी और निजी हथियारों से गोली चलायी है। पांच युवाओं की मौत हुई है। यह बेहद दुखद है। समाजवादी पार्टी यह मुद्दा आज लोकसभा में उठाना चाहती थी लेकिन मौका नहीं दिया, जब मौका मिलेगा तब हम लोग इसे सदन में उठायेंगे।

सपा का प्रतिनिधिमंडल भी संभल जाएगा, वहां के लोगों के दुख दर्द और परेशानी में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह से भाजपा सरकार ने कानपुर में बड़ी संख्या में लोगों के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा लिखाया था और वसूली की थी। बहराइच में भी भाजपा ने दंगा कराया था, वह तो भाजपा विधायक ने ही भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर कराया था। भाजपा पहले अन्याय करती है। अगर कोई अन्याय का विरोध करता है, तो सरकार के अधिकारी उसके ही खिलाफ मुकदमा करा देते हैं। सपा के संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क उस दिन संभल में नहीं थे, बेंगलुरु में थे, अपने कार्यक्रम में थे। उनके खिलाफ झूठा मुकदमा लिख दिया।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने चुनाव में जो लूट की है उसे छिपाने के लिए जानबूझ कर दंगा कराया है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि साबरमती फिल्म देखकर कुछ लोगों को लगा कि उन्हें भी बड़ा नेता बनना है, इसीलिए यह कराया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में वोट लूटा। पुलिस से ईवीएम की बटन दबवाई। प्राइवेट ड्रेस में पुलिस लगाई थी, वोटों की चोरी और चुनावी धांधली से ध्यान हटाने के लिए दंगा कराया है। जगह-जगह से वीडियो मिले हैं। यादव ने कहा कि संभल की शाही जामा मस्जिद के सम्बंध में 19.11.2024 में सिविल जज चंदौसी में याचिका दायर की गयी, कोर्ट ने दूसरे पक्ष को सुने बिना सर्वे का आदेष दिया गया।

## नौ विधानसभाओं में 27 नवम्बर से प्रारम्भ होगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2025 के आधार पर प्रदेश के 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। मीरापुर, कुन्दरकी, गाजियाबाद, खैर (अ.जा.), करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी तथा मझवां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 27 नवम्बर, 2024 को आलेख प्रकाशन किया जायेगा। 27 नवम्बर से 12 दिसम्बर, 2024 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि निर्धारित की गयी है। इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि में 30 नवम्बर तथा 8 दिसम्बर, 2024 को विशेष अभियान तिथियां हैं। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर तक किया जायेगा। निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी, 2025 को किया जायेगा।

# राज्य सरकार के प्रयास ला रहे रंग, यूपी बन रहा 'रोशन प्रदेश'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● राज्य में 749 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए गए, 1528 को किया गया अपग्रेड**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं से लेकर आधारभूत संरचना तक को न सिर्फ विकसित किया गया है, बल्कि प्रदेश के आम जनमानस तक इसका लाभ भी पहुंच रहा है। सीएम योगी के अभूतपूर्व नेतृत्व का परिणाम है कि कभी अंधेरे में डूबा रहने वाला प्रदेश बीते साढ़े सात वर्षों में अपनी नई ऊर्जा नीति से रोशन प्रदेश के रूप में उभर रहा है।

योगी सरकार ने प्रदेश के सतत विकास की दिशा में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। बड़े और छोटे जलविद्युत परियोजनाओं को विकसित कर कठिन भौगोलिक इलाकों में ऊर्जा पहुंचाई गई है। यह प्रयास प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल बना रहा है। योगी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाते हुए प्रदेश को रोशन करने का संकल्प पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत है। ग्रामीण इलाकों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति से लेकर सौर ऊर्जा के नए आयाम स्थापित करने तक, सरकार के प्रयास न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि 'हर घर बिजली' के सपने को साकार कर रहे हैं।

ऊर्जा और बिजली का क्षेत्र किसी भी राज्य की प्रगति का मूल आधार होता है। यह न केवल औद्योगिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को भी सुधारता है। योगी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व काम करते हुए राज्य को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और जनसामान्य तक इसका लाभ पहुंचाने में कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। सरकार की यह पहल 'रोशन प्रदेश' की परिकल्पना को साकार कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। जहां पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का अभाव था, अब वहां 18 घंटे तक बिजली सुनिश्चित की गई है। तहसील मुख्यालयों में 22 घंटे और जिला मुख्यालयों को 24 घंटे निर्बाध बिजली दी जा रही है। इस पहल से ग्रामीण इलाकों में कृषि, शिक्षा और छोटे उद्योगों को व्यापक बढ़ावा मिला है। यह कदम न केवल ग्रामीण जीवन को रोशन कर रहा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ा रहा है।

'पावर फॉर ऑल' योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 58 लाख घरों को बिजली कनेक्शन दिया गया है। साथ ही 1,21,324 मजरों का विद्युतीकरण किया गया है। इस योजना के माध्यम से सरकार ने उन घरों तक बिजली पहुंचाई है, जो दशकों से अंधेरे में थे। यह पहल समाज के गरीब और पिछड़े वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई है। सीएम योगी के प्रयासों से प्रदेश सरकार ने ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदेश में औद्योगिक और ग्रामीण मांगों को पूरा करने के लिए 800 मेगावाट की दो ओबरा 'डी' तापीय परियोजना की स्थापना से अतिरिक्त उत्पादन क्षमता जोड़ी गई। प्रदेश में 33/11 केवी सब-स्टेशन का विस्तार करते हुए 749 नए सब-स्टेशन स्थापित किए गए और 1528 सब-स्टेशन को उन्नत किया गया है और 627 सब-स्टेशन पर नग कैपेसिटर बैंक स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बिजली वितरण को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश के 1000 हजार से अधिक आबादी वाले 19031 गांव और मजरों में खुले तार के स्थान पर 51941 किलोमीटर बिजली लाइनें बिछाई गई हैं। इन प्रयासों से न केवल ऊर्जा आपूर्ति बढ़ी है, बल्कि उद्योगों और कृषि के लिए भी भरोसेमंद बिजली उपलब्ध हो सकी है।

# प्रभारी मंत्री ने की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा

## समस्याओं का करायें समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : निषाद

## ’शीत ऋतु के दृष्टिगत रैन बसेरों व अलाव की व्यवस्था करें दुरुस्त

## ’कानून व्यवस्था रहें दुरूस्तए आमजन को न हो कोई परेशानी



**संवाददाता।** कानपुर देहात

मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री, डा. संजय कुमार निषाद जी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में माननीय जिलाअध्यक्ष भाजपा मनोज शुक्लाए जिलाधिकारी आलोक सिंह, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटएस मूर्ति की उपस्थिति में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ की गयी। बैठक में मंत्री ने सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग,विभागीय योजनाओं में प्रगति लाएं। इस दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा विभागवार संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि ज्यादातर विभाग ए या ए प्लस श्रेणी में आ गए हैं जो विभाग बीएसी व डी श्रेणी में है वह विशेष प्रयास कर अपने विभागीय योजनाओं को ए श्रेणी में लाएं। प्रभारी मंत्री जी ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों को मानक व गुणवत्ता का पालन करते हुए निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए इस हेतु कार्यदाई संस्थाएं व संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों में प्रगति लाए। प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग को पूर्व में हुई घटनाओं से सबक लेते हुए सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया जाए संतुष्टिपरकएगुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समय अवधि में कराया जाए। प्रभारी मंत्रीद्वारा उद्योगों के संबंध में निर्देश दिए गए किए उद्यमियों के साथ बैठक करके उनकी समस्याओं का हल कराया जाए व कुछ उद्यम जिनके पास एनओसी आदि नहीं है उन्हें नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई पूर्ण कर ली जाए।

### प्रभारी मंत्री ने धर्म गुरुओं के साथ की बैठक

कानपुर। प्रभारी मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद जी की अध्यक्षता में जनपद के धर्मगुरूओं के साथ बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। बैठक में माननीय जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज शुक्ला, जिलाधिकारी आलोक सिंह, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति,विभिन्न धर्मो के धर्मगुरु आदि उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने सभी धर्म गुरुओं का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा देश सर्वधर्म समभाव को लेकर लगातार आगे बढ़ा है, हमारी सरकार भी इस मंशा से आगे बढ़ रही हैए देश व प्रदेश की सरकार सभी धर्म के विकास के लिए विभिन्न योजनाओंए कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। आज सभी धर्म के लोग आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लिए हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही हैए जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा हमें आपस में मिलजुल कर रहना है व देश.प्रदेश को आगे बढ़ाना है।इस दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा सभी धर्म गुरुओं की समस्याओंए सुझावों को सुनकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। धर्म गुरुओं द्वारा माननीय प्रभारी मंत्री जी का आभार व्यक्त किया गया तथा यह आश्वासन दिया गया कि कानपुर देहात में सभी धर्म के लोग आपस में अमन चैन के साथ रहकर जनपद को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने में योगदान देंगे। माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गई।

# बीट बुक अपडेट होने पर मुख्य महिला आरक्षी हुई पुरस्कृत



## बीट बुक जिम्मेदारी और पारदर्शिता भी सुनिश्चित करता है: एसपी

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक द्वारा गुरसहायगंज कोतवाली में तैनात मुख्य महिला आरक्षी को उनकी बीट बुक के अद्यतन और कार्य में उत्कृष्टता के लिए पुरूस्कृत करने के उपरान्त उन्होनें मुख्य महिला आरक्षी की कड़ी मेहनत और जिम्मेदारी को सराहना करते हुये कहा कि बीट बुक के माध्यम से पुलिसकर्मी क्षेत्र की गतिविधियों की निगरानी करते हैं और किसी भी शिकायत या अपराध को रिपोर्ट करते हैं। सोमवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने गुरसहायगंज कोतवाली में तैनात मुख्य महिला आरक्षी अमिता सिंह को नगदी भेंटकर पुरूस्कृत कर उत्साहबर्धन करनें के बाद उन्होनें बीट बुक की अहमियत को रेखांकित करते हुए कहा कि यह न केवल अपराधियों की पहचान और उनकी गतिविधियों का पता लगाने में सहायक है, बल्कि पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी और पारदर्शिता भी सुनिश्चित करता है।

# मेला श्री राम नगरिया एवं विकास प्रदर्शनी की तैयारियों पर बैठक आयोजित

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में मेला श्री राम नगरिया एवं विकास प्रदर्शनी की तैयारियों के सम्बंध में मेला समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अपर जिलाधिकारीए अपर पुलिस अधीक्षकए एसडीएमसदर, सीओ सदर की कमेटी बना कर अखाड़ों को जमीन आवंटित की जायेए पेयजल की व्यवस्था पूर्व की भांति ही रहेगी विशेष पर्वो पर नगर पालिका के वॉटर टैंकर भी लगाये जायेंगेए मेला क्षेत्र में लगाये जाने बाले बिजली के केबिल इंसुलेटेड होए खोया पाया केंद्र बनाया जायेए साउंड की व्यवस्था अच्छी क्वालिटी की हो, मेले में लगाये जाने बाले कैम्प कार्यालय की गुडवत्ता अच्छी होए पैंटून पुल के दोनो किनारो पर बैरीकेटिंग की जाये व पानी गहरा है के चेतावनी बोर्ड लगाये जायेए मेले में लगाये जाने बाले बालेंटियर को ड्रेस उपलब्ध कराई जाये।

# बस और बोलैरो में आमने-सामने हुई टक्कर, 5 मरे

## मृतकों में दूल्हे की बुआ और चार अन्य रिश्तेदार घायल

**संडीला-हरदोई।** बारात से लौट रही बोलैरो और बारातियों को ला रही एक प्राइवेट बस में सुबह के कोहरे में आमने सामने टक्कर हो गयीए जिसमें बोलैरो में सवार दूल्हे की बुआ समेत 5 लोगों की मौत हो गयी जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबह लगभग 3 बजे यह दर्दनाक घटना कटरा बिल्हौर मार्ग पर गौरी चौराहे के पास हुई। मिली जानकारी के अनुसार दिगविजय सिंह निवासी मल्लावां की बारात शिवराजपुर जनपद कानपुर गयी थी। बोलैरो 9 लोग बारात से वापस लौट रहे थे। जब यह बोलैरो गौरी चौराहे के पास पहुंची तो बघौली से बारातियों को लेकर आ रही प्राइवेट बस से इसकी सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि बोलैरो के परखचे उड़ गए। इस झटके में बस पर सवार बाराती भी अपनी सीटों से उछलकर गिरेए लेकिन किसी को गंभीर चोट नहीं आई। इस हादसे में 40 वर्षीय सीमा देवीए 42 वर्षीय प्रतिभा देवीए 35 वर्षीय प्रतिमाए दूल्हे दिगवजय सिंह की बुआ 50 वर्षीय रामकली तथा बोलैरो के चालक 25 वर्षीय शुभम की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गयीए जबकि 42 वर्षीय विमलाए 12 वर्षीय केशवए 10 वर्षीय शौर्य और 14 वर्षीय गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। इन सभी को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। इस हादसे के बाद बस चालक बस को छोड़कर भाग गया। दुर्घटना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक त्रपेन्द्र कुमार और प्रभारी निरीक्षक पुलिसबल के साथ पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से किनारे हटवाया तथा यातायात सामान्य कराया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों के शवों को कब्ज़े में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव टयूबवेल के अन्दर मिला

## मृतक के भाई व परिजनों ने टयूबवेल सॅचालक पूर्व प्रधान, प्रधान के भाई सहित अज्ञात लोगों पर लगाया हत्या का आरोप



**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के भॅवरपुर गॉव में टयूबवेल के भीतर युवक का शव फॉसी पर लटका मिला, सॅदिग्ध परिस्थितियों में मृतक के पैर मुडे होने हाथो व पैरों पर मिट्टी लगी होने के चलते मृतक के परिजनों ने हॅगामा काटते हुये शव उठने नहीं दिया मृतक के भाई ने पूर्व प्रधान, उसके भाई व चार अज्ञात लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुये मामले की जॉच करने की मॉग कर जमकर हॅगामा काटा। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

मृतक के भाई रोहन ने बताया कि उसका छोटा भाई आकाश उर्फ सावली करीब तीन वर्षों से नर सिंह व अमर सिंह कुशवाहा के यहॉ मजदूरी कर अपने परिवार को पालता था मेरा भाई एक सप्ताह से घर नहीं आ रहा था वहीं टयूबवेल में ही वह रहता व सोता था रविवार की तडके सुबह अमर सिंह कुशवाहा मेरी विधवा मॉ को अपने साथ रूरा थाने ले गया और वहॉ कागज पर अॅगूठा लगवा लिया है उसने आगे बताया कि मेरे भाई की सॅदिग्ध परिर्स्थितियों में मौत हो गयी है क्योंकि मेरे भाई का शव घुटनों के बल पर टयूबवेल के भीतर रक्खा था, उसने नर सिंह, अमर सिंह सहित अन्य अज्ञात चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि परिजनों के समझाने बुझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है,पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद जॉच पडताल कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

# प्रशासन ने पनिगवां ट्रस्ट की दुकान को खाली कराया



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला प्रशासन द्वारा सेठ चिरौंजी लाल उम्मेद राव शाहजी पनगवां ट्रस्ट की एक दुकान का सामान निकलवा कर आवंटित दुकानदार को हस्तांतरण करने की कार्रवाई की गई है। सोमवार को राम मंदिर पनगवां ट्रस्ट के अध्यक्ष/जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला एवं अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह के आदेश एवं छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकान्त के निर्देश पर नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्य ने लेखपाल कौशल पांडेय सहित उपनिरीक्षक देवी चरण साहू, कांस्टेवल गजेन्द्र सिंह, प्रशान्त बालियान, दीपांशु गंगवार के साथ नगर के रेलवे रोड स्थित राम मार्केट की एक दुकान का सामान निकलवा कर आवंटित को हस्तांतरण कराया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्य ने बताया कि इस दुकान पर ट्रस्ट के नियमों का उल्लंघन हो रहा था।

# क्विक न्यूज

## कानपुर देहात को मिला प्रथम पुरस्कार ,माटी कला पुरस्कार योजना व ग्राम उद्योग पुरस्कार योजना दोनों में कानपुर देहात रहा अव्वल ’

कानपुर देहात। आज परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय कानपुर मंडल . कानपुर में आयोजित हुए माटी कला पुरस्कार योजना अंतर्गत मंडल के सभी जनपदों के माटीकला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग कर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इसमें जनपद कानपुर देहात के पुखरायां निवासी विपिन कुमार प्रजापति को मंडल स्तरीय प्रथम पुरस्कार व ग्रामद्योग पुरस्कार योजना अंतर्गत कानपुर देहात के राहुल कुमार नि 0 मोहम्मदपुरए अकबरपुर ;उद्योग . टेंट हाउसद्धमुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में मंडल स्तरीय प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। श्री विपिन कुमार व राहुल कुमार को परीक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र व रू 0 15000६ का चेक देकर सम्मानित किया गया । उक्त कार्यक्रम में अशोक कुमार शर्मा परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारीए माटीकला के विषय विशेषज्ञए मनोज शुक्लाए प्रसाद विश्वकर्माए मोहम्मद शरीफ;सहायक विकास अधिकारीए मनोज कुमार पाठक व मंडल के समस्त जिलों के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत और न्यू इंडिया बनाने की पहल

**कानुपर।** स्टार यूनियन डाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसयूडी लाइफ) ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान प्रस्ताव के तहत दो नए फंड विकसित भारत फंड और न्यू इंडिया लीडर्स फंड प्रमोचन किए हैं। विकसित भारत फंड उन व्यवसायों में निवेश करेगा जो आज के भारत को भविष्य के विकसित भारत में बदलने पर केंद्रित हैं। यह फंड मल्टी-कैप, सेक्टर-अज्ञेय पोर्टफोलियो होगा, जिसमें उभरते हुए और स्थापित दोनों प्रकार की कंपनियां शामिल होंगी, जो इकोसिस्टम में दीर्घकालिक विकास और मूल्य निर्माण को बढ़ावा दे रही हैं। दूसरी ओर, न्यू इंडिया लीडर्स फंड भारत से उभरते और नए व्यवसायों में निवेश करेगा, जो प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार और बदलाव पर केंद्रित होंगे, न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए। एसयूडी लाइफ के मुख्य निवेश अधिकारी, प्रशांत शर्मा, ने कहा, हम अपने पॉलिसीधारकों के लिए दो नए और अभिनव फंड विकसित भारत फंड और न्यू इंडिया लीडर्स फंड पेश करके बेहद उत्साहित हैं।

## जमीनी विवाद में हथियार से युवक को घायल किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम गुगरापुर निवासी बलराम पुत्र बिन्ना कठेरिया द्वारा कोतवाली में जानकारी देते हुये बताया गया है कि पूर्व में उसके खेत पर गांव के ही पॉच लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। उसके द्वारा समाधान दिवस में शिकायत करने पर राजस्व कर्मियों व पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जा दिलवा दिया गया था। सोमवार की दोपहर प्रार्थी अपने खेत में बोई गई गेहूं की फसल देखने गया था तभी घात लगाए बैठे उक्त लोगों ने धारदार हथियार व सरिया से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव करने पर उक्तगण जान से मारने की धमकी देकर चले गये। कोतवाली पुलिस द्वारा घायल युवक को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करानें के उपरान्त घटना के संबंध में जॉच शुरू कर दी गई है।

## एक एक बोरी खाद के लिये महिलाएं करती रही मिन्नते,असरदार खाद लेनेमें सक्षम,किसानों ने काटा हंगामा

**हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के साधन सहकारी समिति कुरारा देहात में खाद की खबर लगते ही सुबह सात बजे से किसानो ने समिति के बाहर डेरा जमा लिया। लेकिन समिति के सदस्यो को ही खाद का वितरण किया गया। किसानो ने हंगामा किया। खाद न मिलने पर किसानो ने गाली गलौज कर हंगामा किया। कस्बा कुरारा स्थित साधन सहकारी समिति कुरारा देहात में खाद उपलब्ध होने की जानकारी होने पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के किसान सुबह सात बजे से समित प्रांगण में डेरा जमा लिया हजारों की संख्या में किसान खाद के लिए मौजूद रहे। ग्यारह बजे केंद्र प्रभारी सत्यवीर नामदेव पहुंचे। तथा मौजूद लोगो से कहा कि पहले समिति के खाता धारकों को खाद वितरण की जायेगी। जिसमे प्रत्येक खाताधारक को चार बोरी डीएपी खाद का वितरण किया गया। फिर भी आधार कार्ड से खाद वितरण की आश लगाए किसान शाम तक केंद्र में मौजूद रहे। तथा महिलाए भी सैकड़ों की संख्या में केंद्र प्रभारी से एक बोरी खाद देने के लिए मिन्नत करती रही। लेकिन इनको खाद नही मिल सकी।जिससे बिना खाता धारक किसान मायूस होकर लौट गए। वही कुछ असर दार लोग खाद के लिए जुगाड़ लगाते फिरते रहे।

## विदाई के दौरान दूल्हे की कार में मारा पत्थर

**सुमेरपुर।** कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल में आई बारात में मारपीट करके गाड़ियां तोड़फोड़ कर देने तथा विदाई के दौरान दूल्हे की कार में पत्थर मार कर हमला करते हुए दूल्हे की गर्दन काटने की धमकी देने पर दुल्हन के पिता ने पांच ज्ञात एवं चार अज्ञात के खिलाफतहरीर देकर पुत्री को पूर्व से परेशान करने की बात लिखी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गत 23 नवंबर को कुरारा थाना क्षेत्र के खरौंज गांव से सागर अहिरवार की बारात कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल में नवल किशोर अहिरवार के यहां आई थी। बारात आने के बाद रात 11 बजे स्वागत के दौरान मुहाल के निवासी बच्चा पुत्र बोतल ने अपने साथी हरिओमए विपिनए मोनूए पुष्पेंद्र एवं चार अज्ञात के साथ मिलकर बारातियों पर हमला बोलकर जमकर मारपीट की थी और बारात में आई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। रात में ही पुलिस को सूचित किया गया था। पुलिस के आते ही सभी फरार हो गए थे। इसके बाद 24 नवंबर को 2 बजे जब दूल्हा दुल्हन को विदा कराकर गाड़ी से जाने लगा।

## फांसी पर झूली विवाहिता, हुई मौत

**सुमेरपुर** । थाना ललपुरा क्षेत्र के ग्राम पौथिया मे अज्ञात कारणों के चलते एक विवाहित महिला ने फॉसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पौथिया में पवन निषाद की पत्नी पिंकी निषाद उम्र 22 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अन्दर गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतिका की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी और वह अपने पीछे तीन वर्ष एक पुत्री तथा एक वर्ष का पुत्र छोड़ गयी। घटना की जानकारी पाकर मृतिका के परिजन मौके पर पहुंच गये है पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट पार्टम के लिये भेजा है । आगे क्या कुछ होता है वक्त पर पता चलेगा।

## परिचालन उत्कृष्टता के साथ बदलाव

**कानपुर।** भारत की अग्रणी पीएल कंपनियों में शुमार ईकार्ट अपनी उन्नत टेक्नोलॉजी व परिचालन उत्कृष्टता के साथ लॉजिस्टिक्स सेक्टर में लगातार बदलाव ला रही है। ईकार्ट ने परिचालन को विस्तार दिया है और सप्लाई चेन को मोनेटाइज करने के इसके प्रयासों ने पिछले तीन वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया है। ब्रांड्स और रिटेलर्स अपनी सप्लाई चेन संबंधी जरूरतों के लिए ईकार्ट की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का प्रयोग करते हुए उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में सक्षम हुए हैं। प्रतिदिन 60 लाख से अधिक शिपमेंट की क्षमता के साथ ईकार्ट का लास्ट-माइल नेटवर्क 98प्रतिशत भारतीय पोस्टल कोड तक फैला हुआ है, जिसे 5 करोड़ क्यूबिक फीट से अधिक की वेयरहाउसिंग और 7,000 ट्रकों के बेड़े से ताकत मिलती है। ईकार्ट के चीफ बिजनेस ऑफिसर मणि भूषण ने कहा, ‘हमारे विकास की कहानी सिर्फ आंकड़ों से संबंधित नहीं है, बल्कि यह उस मूल्य से भी संबंधित है, जो हम ब्रांड्स एवं अपने उपभोक्ताओं के लिए सृजित करते हैं।

# किसान नेताओं के साथ डीएम ने की बैठक, दिए कड़े निर्देश

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में धान क्रय सम्बंधी बैठक अधिकारियों एवं किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ संपन्न हुई। डीएम ने कहा कि कृषक बंधु अन्नदाता है, इनके धान खरीद का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए। धान खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता क्षम्य नही होगी। धान विक्रय के लिए जिन किसानो को पंजीकृत किया गया है। सत्यापन के लिए अवशेष है का तीन दिन में सत्यापन कार्य पूरा करने के निर्देश समस्त उपजिलाधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि क्रय नीति के अनुसार हाईब्रिड धान के बीज का बिल बाउचर होने पर नियमानुसार कार्यवाही पूरी कर केन्द्र प्रभारी कृषको का हाईब्रिड धान क्रय करें। एआर को-आपरेटिव/उप कृषि निदेशक सहकारी समितियों व निजी दुकानों उर्वरक की निर्धारित दर की सूची अपने केंद्रो पर अवश्य लगाए।

# सीएमओ की छापेमारी में इंटर पास चलाता मिला हॉस्पिटल

## ●ओटी सीलए दर्जन भर से अधिक भर्ती थे मरीजए शिफ्ट कराने के आदेश

**फर्रुखाबाद ।** मुख्य मंत्री पोर्टल पर मिली शिकायत के बाद सीएमओ ने श्री कृष्णा हॉस्पिटल में छापेमारी की।सीएमओ की छापेमारी के दौरान इंटर पास अस्पताल संचालक दर्जन भर से अधिक मरीजों का इलाज करता मिला।सीएमओ की छापेमारी के दौरान एक मरीज को 5000 के बदले खून दिए जाने का मामला भी सामने आया।सीएमओ ने अस्पताल की ओटी को सीलकरए मरीजों को लोहिया अस्पताल शिफ्ट कराने के आदेश दिए।शाहजहांपुर निवासी सुबोध कुमार ने पत्नी सावित्री को जनवरी महीने में श्री कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया थाएजिसके बाद सावित्री की 27 जनवरी 2024 को मौत हो गई। शिकायतकर्ता सुबोध कुमार ने आरोप लगाया कि श्री कृष्णा हॉस्पिटल में कोई डॉक्टर नहीं था संचालक ने लापरवाही से इलाज किया जिससे उनकी पत्नी की जान चली गई।मामले की जांच करते हुए सीएमओ ने सोमवार को दलबल के साथ मसेनी स्थित अस्पताल में छापेमारी की।पेमारी के दौरान अस्पताल में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं मिलाए सीएमओ के पूछने पर संचालक सुरेंद्र कुशवाहा ने खुद को इंटर पास बताया।कई मरीज ने बताया कि सुरेंद्र कुशवाहा की उनका इलाज कर रहे हैं कोई डॉक्टर देखने नहीं आया। सीएमओ ने पुलिस भी एहतियातन बुला लिया।ीएमओ ने अस्पताल की ओटी को सील कर दिया पुलिस को बुलाकर 2 घंटे में अस्पताल खाली कराकर बंद करने के आदेश दिए।सीएमओ ने बताया कि आरजीआरएस पर मिली शिकायत के अनुसार जांच कर कार्रवाई की गई है।अस्पताल को बंद कराया जा रहा है रुपए से खून खरीदने के मामले की भी जांच कराई जाएगी।

# पीक सीजन में किसान सिचाई को परेशान

**हमीरपुर।** सिचाई के पीक सीजन में जहां किसान फसलों की सिचाई के लिये परेशान है वही विद्युत लो बोल्टेज को लेकर नलकूप व विद्युद विभाग आमने सामने हो गये है,नलकूप विभाग का कहना है कि जिले में सत्तर फीसदी राजकीय नलकूपों में लो बोल्टेज के चलते नलकूपों की मोटरे धड़ाधड़ फुंक रही है वही व विद्युत विभाग का कहना है कि लो बोल्टेज की कही समस्या नही है इसका सत्यापन करा लिया गया है। जानकारी के मुताबिक जिले में पहली मर्तवा देखा जा रहा है कि दो विभागों के आरोपो प्रत्यारोपो में किसान पूरी तरह पिसता नजर आ रहा है। पिछले दिनों राजकीय नलकूप विभाग ने सिचाई न होने का पूरा ठीकरा विद्युत विभाग पर फोड़ दिया था इस मर्तवा फिर से नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता हरीओम वर्मा का कहना है कि राठ सरीला गोहांड कुरारा क्षेत्र में लो बोल्टेज के चलते राजकीय नलकूप संचालित नही हो पा रहे है। इसके लिये पूरा दोष विद्युत विभाग को दे रहे है। जिले में विभाग को 33,2200 हेक्टेएअर जमीन की सिचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमे अभीतक फिलहाल केवल सात हजार हेक्टेएअर जमीन की सिचाई हो पायी है। एक्शियन का कहनाहै कि अभी भी विद्युत दोष से नौ व यांत्रिक दोष से दस नलकूप खराब पडे है। जिससे किसानों की सिचाई बाधित हो रही है। यही नही लघुडाल नहर के पचास फीसदी कैनालो में पानी नही आ रहा है जिससे किसानों की बोआई तो दूर पलेवा नही हो पायी है जबकि फसल की सिचाई का समय चल रहा है। यही नही लघु डाल नहर के एक्शियन कभी भी आफिस में नही बैठते है जिससे किसान अपनी समस्या दर्ज नही करा पाते है। इस मामले में पिछले दिनों जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की थी मगर एक्शियन पर कोई असर नही हुआ है।

### कुरारा क्षेत्र की समस्याएं सर्वाधिक

हमीरपुर। राजकीय नलकूप विभाग के एक्शियन हरीओम वर्मा ने बताया कि शासनादेश के मुताबिक हर रोज दस किसानों से मोवाइल में बात की जाती है जिसमे सबसे ज्यादा समस्याएं कुरारा क्षेत्र की आती है यहा पर जेई व एई काम सतोषजनक नही है। क्षेत्र में 158 राजकीय नलकूप स्थित है जिसमे किसानों को कोई न कोई समस्या रोजाना आती है इधर किसानों का कहना है कि कुरारा के सहायक अभियंता संदेश सिंह कभी भी क्षेत्र में नही आते है जिससे समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। यहा के किसानो ने उच्चाधिकारियों से कई मर्वता शिकायत भी की है।

### शासन से मिला डेढ़ करोड़ रुपये का बजट

हमीरपुर। शासन ने राजकीय नलकूपों की नाली कुलावे की मरम्मत के लिये पचास नलकूपों के लिये करीब डेढ़ करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। जिससे कई सालो से टूटी नालियों व कुलावे की मरम्मत करायी जायेगी व जिन नलकूपों में पाइप लाइन टूटी है वह ठीक करायी जायेगी,एक्शियन ने बताया कि इसके लिये शासन से योजना बनाकर भेजी थी जो स्वीकृत कर बजट दे दिया है। काम भी शुरु करा दिया गया है।

# उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के द्वारा जनपद अमेठी में पूर्वान्ह 11रू30 बजे मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज का निरीक्षण किया गया जहां पर उनके द्वारा पीकू वार्डए महिला वार्डों में इमरजेंसी वार्ड तथा अन्य इकाईयों में महिलाओं से सम्पर्क कर चिकित्सा संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। तत्पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक द्वारा कार्यालय के समस्त अभिलेखों ध् महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबन्धक को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। वन स्टाप सेन्टर भवन में ही संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया जहां पर रोस्टर के अनुसार कर्मचारी उपस्थित मिले। कार्यालय में उपस्थित कार्मिकों से बच्चों से संबंधित प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गयी तथा आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। तत्पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत भोयें विकास खण्ड जामों का निरीक्षण किया गया जहां पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के शिक्षाए स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोग की उपाध्यक्ष द्वारा धात्री महिलाओं की गोदभराई तथा सभी बच्चों को फल वितरण किया तथा केन्द्र पर उपस्थित्ति आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। उसी कम्पाउण्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय भोयें का भी निरीक्षण किया गया जहां पर बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। माण् उपाध्यक्ष द्वारा बच्चों से राष्ट्रगान कराया गया तथा बच्चों से पुस्तक पढ़वा कर उनके ज्ञान स्तर का निरीक्षण किया गया तथा शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष द्वारा प्राथमिक विद्यालय भोयें में एमडीएम में बने भोजन को चख कर निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात निरीक्षण भवन गौरीगंज में महिला जन सुनवाई की गयी तथा संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

# नवनिर्मित चेंबर लाइब्रेरी भवन का हुआ उद्घाटन

फतेहपुर। नवनिर्मित चेंबर लाइब्रेरी भवन का डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा व पूर्व अध्यक्ष बलिराज उमराव एड. ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। अधिवक्ता विपिन सिंह यादव व सचिन सिंह यादव के नवनिर्मित चेंबर के उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने शिरकत की। अतिथियों ने फीता काटकर चेंबर का उद्घाटन किया और शुभकामनाएं दी। अधिवक्ता विपिन सिंह यादव को उनके नवनिर्मित चेंबर में हाथ पकड़ कर सीट पर बैठाया और शुभकामनाएं दीं।

# अवैध असलहे शराब भट्टी सहित मुकदमों में बरामदगी का निस्तारण

**फर्रुखाबाद ।** आज थाना कमालगंज परिसर में उपजिलाधिकारी संजय कुमारए सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ रायए ट्रेनी सीओ अजय शर्माए थाना प्रभारी अनुराग मिश्रा ने समस्त न्यायालय से निस्तारित मुकदमों से संबंधित 89 अवैध असलहेए शराब भट्टी उपकरणों को पूर्व जिला सह शासकीय अधिवक्ता शैलेन्द्र प्रताप सिंह की न्यायालय के आदेश पर बरामद माल का निस्तारण किया।

# वन विभाग की टीम ने पकड़ा मगरमच्छ,ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



हमीरपुर। ललपुरा क्षेत्र के पौथिया गांव में तीन सप्ताह से एक भारी भरकम तालाब में रह रहे मगरमच्छ को आज बन विभाग की टीम ने पकड़कर ले गयी। जिससे गांव वालो में दहशत कम हो गयी। जानकारी के मुताबिक गाव के बाहर बने तालाब में बेतवा नदी से एक भारी भरकम मगरमच्छ आ गया था गाव वालों द्वारा कभी कभार देखा जाता था जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त थी बन विभाग की टीम ने कई मर्तवा पकड़ने का प्रयास किया मगर कोई सफलता नही मिली। आज टीम ने तालाब का पानी खाली करवाया और बन दारोगा जेपी सिंह ने अपनी टीम के साथ मगरमच्छ को पकड़ लिया बन दारोंगा का कहना है कि मगरमच्छ को यमुना संगम में छोड दिया जायेगा। ग्रामीणों ने बताया कि गाव वाले तालाब की ओर जाना बंद कर दिया था।

# संभल कांड पर कांग्रेसियों ने रखा मौन

**फतेहपुर।** जिला व शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में संभल में पुलिस कर्मियों की गोली से हुई मौतों को लेकर गांधी प्रतिमा के समक्ष एक घंटे का मौन रखा गया। इसके उपरांत नेताओं ने घटना में सरकार की जिम्मेदारी बताते हुए गहरा क्षोभ व्यक्त किया। प्रस्तावित मौन के उपरांत जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ न होने के कारण चारों तरफ अफरा तफरी का माहौल है और सरकार जनता को गुमराह करने में व्यस्त है। शहर अध्यक्ष मो. आरिफगुड्डा ने संभल की घटना में सीधे तौर पर सरकार को दोषी ठहराते हुए भाजपा की भेदभाव पूर्ण राजनीति का खुलकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि बेलगाम व्यवस्था से प्रशासन भी मनमानी कर रहा है जिसका दंड जनता भुगत रही है।

# सहकारिता आंदोलन को संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था से जोड़ने की जरूरतः मोदी



नई दिल्ली में आईसीए वैश्विक सहकारिता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सहकारिता आंदोलन को संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) से जोड़ने और इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की जरूरत है। मोदी ने यहां भारत मंडपम में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारिता सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए सहकारी समितियां संस्कृति और जीवन शैली का आधार हैं।

उन्होंने कहा कि भारत अपने भविष्य के विकास में सहकारी समितियों की एक बड़ी भूमिका देखता है और पिछले 10 साल में देश ने सहकारी समितियों से संबंधित पूरे परिवेश को बदलने के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारा प्रयास सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया है। मोदी ने कहा कि सहकारी समितियां आवास क्षेत्र के साथ-साथ बैंक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। देश में लगभग दो लाख आवासीय सहकारी समितियां हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत किया है और इसमें सुधार किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हमारा उद्देश्य उच्च जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि हासिल करना और गरीबों तक इसका लाभ पहुंचाना है। दुनिया के लिए वृद्धि को मानव-केंद्रित दृष्टिकोण से देखना जरूरी है। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन (आईसीए) के इस सम्मेलन में कहा कि दुनिया में सहकारी समितियों के लिए एक बड़ा अवसर है। विश्व में अखंडता और पारस्परिक सम्मान के लिए सहकारी समितियों को अगुवा बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, इसके लिए हमें अपनी नीतियों में सुधार करने और रणनीति बनाने की जरूरत है। सहकारी परिवेश को मजबूत बनाने के लिए हमें इसे सर्कुलर इकोनॉमी से जोड़ने की जरूरत है। हमें सहकारी क्षेत्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के तरीकों पर चर्चा करने की जरूरत है। फिलहाल सहकारी बैंकों में करीब 12 लाख करोड़ रुपए जमा हैं।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार सहकारिता आंदोलन को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और गांवों में लगभग दो लाख अतिरिक्त बहुउद्देशीय सहकारी समितियां स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों की लगभग 60 प्रतिशत सदस्य महिलाएं हैं। उन्होंने सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाने में महिलाओं द्वारा निभाई जा रही भूमिका की भी सराहना की। मोदी ने कहा कि भारत की नजर में सहकारिता वैश्विक सहयोग को नई ऊर्जा प्रदान कर सकती है और विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में देशों को उस तरह की वृद्धि हासिल करने में मदद कर सकती है, जिसकी उन्हें आवश्यकता है।

## प्रधानमंत्री 29 को ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे

**भाषा।** भुवनेश्वर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए 29 नवंबर से ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 29 नवंबर की रात को भुवनेश्वर पहुंचेंगे और एक दिसंबर की दोपहर तक ओडिशा में रहेंगे। उन्होंने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। यह आयोजन पहली बार ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह 29 नवंबर से एक दिसंबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई बी खुरानिया ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के डीजीपी और सभी सुरक्षा बलों के प्रमुख इस सम्मेलन में भाग लेंगे। खुरानिया ने कहा कि राज्य इस सम्मेलन के लिए सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराएगा तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और खुफिया ब्यूरो के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, सभी राज्यों के डीजीपी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और एसपीजी के प्रमुख तीन दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि डीजीपी सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, साइबर अपराध और माओवादी खतरे, कृत्रिम मेधा (एआई) से उत्पन्न चुनौतियां, ड्रोन के नवीनतम खतरे और आतंकवाद-रोधी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

# राजस्थान सरकार ने शीर्ष अदालत में अवमानना याचिका का किया विरोध

**भाषा।** नई दिल्ली

### सांगानेर खुली जेल

**राजस्थान** सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में उस याचिका का विरोध किया जिसमें उस पर जयपुर में सांगानेर खुली जेल परिसर के लिए आवंटित क्षेत्र को 300 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण के लिए लेने का आरोप लगाया गया है। सरकार ने इसे प्रायोजित मुकदमा करार दिया।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार को एक कोर्ट कमिश्नर के रूप में कार्य करने और स्थल का निरीक्षण करने के बाद एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। पीठ एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राजस्थान के अधिकारियों पर उच्चतम न्यायालय के 17 मई के आदेश की जानबूझकर अवज्ञा करने का आरोप लगाया गया था। आदेश में निर्देश दिया गया था कि देश में खुले में क्रियाशील शिविरोंजेलों के क्षेत्र को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया जाएगा। अर्ध-खुली या खुली जेलें दोषियों को आजीविका कमाने के लिए दिन के दौरान परिसर के बाहर काम करने और शाम को लौटने की अनुमति देती हैं। इस अवधारणा को दोषियों को समाज में शामिल होने और मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए पेश किया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। राजस्थान की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्य ने सांगानेर ओपन-एयर कैंप के क्षेत्र को न तो कम किया है और न ही कम करने का कोई प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह मुख्यमंत्री (राजस्थान) का निर्वाचन क्षेत्र है, जहां ऐसे लोग हैं जो नहीं चाहते कि यहां अस्पताल बने। उन्होंने कहा कि यह याचिका असम के एक व्यक्ति ने दायर की है। मेहता ने कहा कि सरकारी राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार सांगानेर ओपन एयर जेल परिसर को आवंटित क्षेत्र लगभग 1.78 हेक्टेयर है और न तो आवंटित क्षेत्र को कम किया गया है और न ही इसे कम करने का कोई प्रस्ताव या निर्णय है। उन्होंने कहा कि 300 बिस्तरों वाले सरकारी अस्पताल के निर्माण के लिए आवंटित क्षेत्र, खुली जेल के लिए आवंटित वास्तविक क्षेत्र से पूरी तरह बाहर है।

जब मेहता ने कहा कि यह एक प्रायोजित मुकदमा प्रतीत होता है, तो पीठ ने पूछा, इसके पीछे कौन हो सकता है? ऐसा तो नहीं है कि किसी का कोई व्यावसायिक हित है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा, मुझे कारण पता है, मैं बताना नहीं चाहता। हमें इसमें नहीं जाना चाहिए। उद्देश्य यह है कि अदालत के निर्देश का पालन किया जाना चाहिए। अस्पताल का निर्माण रुकना नहीं चाहिए। यही उद्देश्य है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एस. मुरलीधर ने कहा कि खुली जेल को वैसे ही काम करने दिया जाना चाहिए, जैसी वह है और अस्पताल के निर्माण पर किसी को आपत्ति नहीं है। पीठ ने कहा, इसलिए, हम पाते हैं कि यह उचित होगा कि अदालत स्थल निरीक्षण और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करे...। पीठ ने कहा, हमारा यह भी मानना है कि एक खुला सुधार गृह और साथ ही आसपास के इलाकों में रहने वाले नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने वाला एक अस्पताल होने के बीच एक संतुलन होना चाहिए।

पीठ ने शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार को कोर्ट कमिश्नर के रूप में कार्य करने और पीठ के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उसने मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को करना तय किया। शीर्ष अदालत ने जेलों में भीड़भाड़ से संबंधित मामले में 17 मई को आदेश पारित किया था। मई में मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि खुली जेलों की स्थापना भीड़भाड़ के समाधानों में से एक हो सकती है और कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान कर सकती है।



प्रसिद्ध व्यंगकार, कवि और लेखक डॉ. अशोक चक्रधर को पंडित हरिदत्त शर्मा पुरस्कार से सम्मानित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ. महेश शर्मा। साथ में मोनिका शर्मा व मनोज शर्मा। समारोह की अध्यक्षता न्यूज 24 चैनल की प्रधान संपादक अनुराधा प्रसाद ने की।

# युवा दिमाग को आकार देने में भविष्य के लिए तैयार शिक्षक महत्वपूर्णः प्रधान

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि एक तकनीक आधारित समाज में युवा दिमाग को आकार देने में भविष्य के लिए तैयार शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख वृद्धि इंजन बनने के लिए तैयार है और इसलिए शिक्षकों की भूमिका और भी बढ़ जाती है। प्रधान ने कहा कि भविष्य की तैयारी सबसे बड़ी चुनौती है और शिक्षकों तथा छात्रों, दोनों के कौशल को बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों को रटने की जगह वैज्ञानिक-शिक्षण परिणामों के जरिए छात्रों के बीच जिज्ञासा, नई सोच और आलोचनात्मक दृष्टि को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षकों में प्रतिभा है, उन्हें बस सही दिशा और अवसर की जरूरत है। भारती एयरटेल फाउंडेशन के द टीचर ऐप का अनावरण करते हुए प्रधान ने कहा, वर्ष 2015 में मौजूद वैश्विक नौकरियों में लगभग 25 प्रतिशत अब नहीं हैं। वर्ष 2028 तक, लगभग 40 प्रतिशत मौजूदा नौकरियों की प्रकृति बदल जाएगी। समाज कौशल विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा, और चूंकि भारत की आबादी सबसे युवा है, इसलिए शिक्षकों के पास इसकी कुंजी होगी। मंत्री ने कहा कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

### शिक्षकों के क्षमता निर्माण के लिए केंद्र नवाचार, प्रौद्योगिकी का सहारा ले रहा : प्रधान

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि केंद्र नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की भावना के अनुरूप शिक्षकों के निरंतर क्षमता निर्माण के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है। मंत्री ने यह टिप्पणी द टीचर ऐप की शुरुआत के अवसर पर की, जिसे भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा विकसित किया गया है और यह शिक्षकों के क्षमता निर्माण के लिए समर्पित है। प्रधान ने कहा, शिक्षक ही भावी पीढ़ी का निर्माण करने वाले वास्तविक कर्मयोगी हैं। हम एनईपी 2020 की भावना के अनुरूप शिक्षकों के निरंतर क्षमता निर्माण के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं।

# मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता नीरवा ने शावकों को जन्म दिया

**भोपाल (भाषा)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में अफ्रीकी चीता नीरवा के चार शावकों के जन्म की जानकारी सोशल मीडिया पर देने के एक घंटे बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि वन विभाग जल्द ही नवजात शिशुओं की सही संख्या की पुष्टि करेगा। यादव के एक्स पेज पर पहले की पोस्ट को हटा दिया गया है और उसकी जगह एक नया संदेश पोस्ट किया गया है। इस संदेश में कहा गया है, गूंजी किलकारियां, कूनो में आईं खुशियाँ...आज चीता परियोजना को बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। हमारे चीता स्टेट मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता नीरवा ने शावकों को जन्म दिया है, जल्द ही वन विभाग शावकों की संख्या की पुष्टि करेगा। उन्होंने कहा, चीता परियोजना के संरक्षण में सम्मिलित सभी वन्यकर्मियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आप निरंतर अपने समर्पित प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिकी संतुलन में अपना योगदान सुनिश्चित करते रहें।

**● देश में चीतों को फिर से लाने की केंद्र सरकार की परियोजना के तहत फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से एक दर्जन से अधिक चीतों को राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया था।**

शाम करीब साढ़े पांच बजे सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा था, आज चीता परियोजना को बड़ी सफलता मिली है। हमारे चीता राज्य मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता नीरवा ने चार शावकों को जन्म दिया है, जो न केवल राज्य बल्कि देश के लिए भी बड़ी उपलब्धि है।

हालांकि, उनके एक्स हैंडल ने इस पोस्ट को हटा दिया और शाम करीब साढ़े छह बजे एक नया संदेश पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने नीरवा से जन्मे शावकों की संख्या हटा दी। उन्होंने कहा कि चीता नीरवा के आगमन से उस परियोजना को बढ़ावा मिलेगा, जिसके तहत दशकों पहले भारत से विलुप्त हो चुकी एक प्रजाति को फिर से बसाया जा रहा है। इससे पहले, केएनपी में 17 चीता शावकों का जन्म हो चुका है। केएनपी में दो साल से अधिक समय पहले पृथ्वी पर सबसे तेज गति से दौड़ने वाले इस जानवर को नामीबिया से लाया गया था। इनमें से 12 शावकों के जीवित रहने के बाद, चीतों की संख्या पिछली बार 24 बताई गई थी। दोपहर में वन विभाग ने केएनपी में चीता शावकों के जन्म की सूचना दी थी, लेकिन उनकी सही संख्या नहीं बताई थी। मध्यप्रदेश वन विभाग ने एक्स पर पोस्ट किया था, कुनो से अच्छी खबर है। श्योपुर जिले में स्थित कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता नीरवा ने शावकों को जन्म दिया है। पिछले महीने, मुख्यमंत्री ने जानकारी साझा की थी कि उद्यान में एक मादा चीता गर्भवती है और उसके जल्द ही शावकों को जन्म देने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिकार के कारण भारत में विलुप्त होने के सात दशक बाद, चीतों के दुनिया के पहले अंतरमहाद्वीपीय स्थानांतरण के तहत आठ नामीबियाई चीतों – पांच मादा और तीन नर – को 17 सितंबर 2022 को केएनपी के बाड़ों में छोड़ा था। देश में चीतों को फिर से लाने की केंद्र सरकार की परियोजना के तहत फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से एक दर्जन से अधिक चीतों को राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया था।

## तृणमूल में कई वरिष्ठ नेताओं का कद बढ़ा, अभिषेक बनर्जी राष्ट्रीय मामलों के प्रवक्ता बने

**कोलकाता (भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने विभिन्न स्तर पर कई अनुशासन समितियों का गठन किया, जिनमें पार्टी के अनुभवी एवं वफादार नेताओं को जगह दी गई है। तृणमूल ने राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को राष्ट्रीय मामलों के प्रवक्ता के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी, जो पार्टी की रणनीतिक दिशा को आकार देने के लिए अनुभवी नेताओं पर उसकी निर्भरता को रेखांकित करता है। तृणमूल ने विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी, राज्य सरकार में मंत्री मानस भुनिया और पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी सहित पांच अनुभवी नेताओं को पार्टी की सर्वोच्च शक्तिशाली कार्य समिति में पदोन्नत किया। वहीं, ममता के भतीजे अभिषेक को राष्ट्रीय मामलों का प्रवक्ता बनाया गया। अभिषेक की नियुक्ति को राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की उपस्थिति बढ़ाने और उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय चेहरे के रूप में स्थापित करने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब वरिष्ठ तृणमूल नेता और मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि बेहतर अनुशासन और प्रभावी नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने विभिन्न स्तरों पर तीन अनुशासन समितियों का गठन किया है।

# संभल हिंसा में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ रासुका लगे : विहिप

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा की निंदा की और मामले में शामिल लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत मामला दर्ज करने की मांग की। विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेन्द्र जैन ने यह भी मांग की कि दोषियों और उनके समर्थकों पर रासुका के तहत मामला दर्ज किया जाए और हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई उनसे की जाए।

रविवार को संभल स्थित मुगलकालीन मस्जिद का अदालत के आदेश पर सर्वेक्षण का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई थी और करीब 20 सुरक्षाकर्मियों तथा प्रशासन के चार कर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए। एक घायल व्यक्ति की सोमवार को मौत हो गई। जैन ने कहा, जिस तरह से मुस्लिम कट्टरपंथियों ने संभल में पुलिस पर पथराव किया, गोलियां चलाईं और आगजनी की, वह बेहद निंदनीय है। जिस तरह से मुस्लिम नेताओं, मौलानाओं और राहुल गांधी के साथ ही कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने इस हिंसा का समर्थन किया है, वह भी चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंसा मौलानाओं के इशारे पर की गई और कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं पर भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया।

जैन ने कहा, दंगाइयों और उनके समर्थकों पर रासुका के तहत मामला दर्ज करके उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उनके द्वारा किए गए सभी नुकसान की भरपाई भी उनसे कराई जानी चाहिए। पुलिस ने सोमवार को कहा कि हिंसा के सिलसिले में सात प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिसमें समाजवादी पार्टी के सांसद जिया-उर-रहमान बर्क और स्थानीय सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल को आरोपी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बर्क और इकबाल समेत छह लोगों के नाम इन प्राथमिकियों में दर्ज हैं और 2,750 अन्य अज्ञात के तौर पर उल्लेखित हैं। उन्होंने कहा, बर्क के पहले के बयान के कारण यहां स्थिति और खराब हुई। जिला प्रशासन ने पहले ही निषेधाज्ञा लागू कर दी है और 30 नवंबर तक बाहरी लोगों के संभल में प्रवेश पर रोक लगा दी है।

# पेज 1 का शेष

## पर्थ में...

लेकिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान बुमराह का अविश्वसनीय कौशल और आत्मविश्वास ही भारत की जीत का आधार बना। पहले दिन 150 रन पर ऑल आउट होने के बाद बहुत सी टीमें वापसी नहीं कर पाई हैं, लेकिन इस भारतीय टीम ने बार-बार दिखाया है कि यह अलग है।

## महाराष्ट्र...

पार्टी विधायकों के साथ बगावत करके सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार के लिए एक तरह से तख्तापलट की अगुआई की थी, जो मुंबई से सूरत, गोवा और अंत में वापस मुंबई चले गए थे। इसके तुरंत बाद अजित पवार शरद पवार की एनसीपी से अलग हो गए और एनडीए में शामिल हो गए।

## शिक्षण...

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने औसत 349 दर्ज किया, जबकि आईक्यूएयर ने भी शाम 4.30 बजे वायु प्रदूषण 374 दर्ज किया, जो दोपहर में 706 दिखा। पीएम 2.5 सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के वार्षिक पीएम 2.5 दिशानिर्देश मूल्य से 52.4 गुना अधिक है। पीठ ने रेखांकित किया, यह स्पष्ट है कि ग्रैप 4 खंड 1, 2 और 3 में उल्लिखित अधिकारियों ने खंड 1 से 3 के तहत कार्रवाई को लागू करने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किया है। कुछ पुलिस टीमों को कुछ प्रवेश बिंदुओं पर तैनात किया गया था, वह भी बिना किसी विशेष निर्देश के। (न्यायालय) आयुक्तों ने नोट किया है कि पुलिस को केवल 23 नवंबर को तैनात किया गया था और इस प्रकार अधिकारियों की ओर से गंभीर चूक हुई। इसलिए, हम आयोग को सीएक्यूएम अधिनियम 2021 की धारा 14 के तहत तुरंत कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने कहा कि बड़ी संख्या में छात्रों के घर में एयर प्यूरीफायर नहीं है, इसलिए घर पर रहने वाले बच्चों और स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच कोई अंतर नहीं है। पीठ ने कहा, सीएक्यूएम द्वारा आज या कल सुबह तक निर्णय लिए जाने की उम्मीद है, ताकि इसे बुधवार से लागू किया जा सके। पीठ ने कहा कि जब तक वह संतुष्ट नहीं हो जाती कि एक्यूआई में लगातार गिरावट का रुझान है, तब तक वह ग्रैप-4 उपायों को कम नहीं कर रही है और उसने बुधवार तक दिल्ली के एक्यूआई के अद्यतन आंकड़े मांगे हैं। यह देखते हुए कि समाज के कई वर्ग, विशेष रूप से मजदूर और दिहाड़ी मजदूर जीआरएपी-4 के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं, पीठ ने राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे, जहां निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, उन्हें निर्वाह प्रदान करने के लिए श्रम उपकर के रूप में एकत्रित धन का उपयोग करें। पीठ ने कहा, आयोग के पास सीएक्यूएम अधिनियम 2021 की धारा 12(1) के तहत विभिन्न अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय करने के निर्देश जारी करने की सभी शक्तियां हैं कि श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर आदि श्रेणी के व्यक्तियों को परेशानी न हो। अपने आदेश में पीठ ने कहा कि प्रवेश बिंदुओं पर निरीक्षण करने के लिए न्यायालय आयुक्त नियुक्त किए गए शीर्ष न्यायालय के 13 वकील क्षेत्रों का दौरा करना जारी रखेंगे और न्यायालय को रिपोर्ट सौंपेंगे। यह आदेश तब पारित किया गया जब अभिभावकों के एक समूह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने दलील दी कि लाखों छात्र मध्याह्न भोजन पर निर्भर हैं लेकिन स्कूल बंद होने के कारण वे भोजन से वंचित हैं।

## हाईब्रिड...

स्कूल अधिकारी ग्रैप-4 प्रतिबंधों से सबसे अधिक प्रभावित हैं, क्योंकि उन्हें बोर्ड परीक्षाओं और उसके बाद होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना करना पड़ रहा है। इन छात्रों को व्यावहारिक कक्षाओं और व्यावहारिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए भौतिक रूप से कक्षाओं में उपस्थित होना आवश्यक है। इसके अलावा, छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए अतिरिक्त कक्षाओं / ट्यूटोरियल में भी भाग लेना आवश्यक है।

## संभल..

उन्होंने कहा, 'सभी दोषियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

## पहले दिन...

उत्पादक होगा, संविधान के 75वें वर्ष की प्रतिष्ठा को बढ़ाएगा, भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत करेगा, नए सांसदों को अवसर प्रदान करेगा और नए विचारों का स्वागत करेगा।'

## वैष्णो देवी...

फैल गई, क्योंकि आंदोलनकारी भागने लगे। उनमें से कुछ ने इलाके में तैनात पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर पथराव भी किया। इस झड़प में एक अधिकारी और कुछ जवानों को मामूली चोटें आईं।

## केंद्रीय...

वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन के लिए कुल लगभग 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन, सरकारी संस्थानों में सभी छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए शोध करने में आसानी लाकर वैश्विक अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में भारत को स्थापित करने की दिशा में एक समय पर उठाया गया कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2022 को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में अमृत काल में हमारे देश में अनुसंधान और विकास के महत्व को इंगित किया था। उन्होंने इस अवसर पर 'जय अनुसंधान' का स्पष्ट आह्वान किया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने भी हमारे देश में उत्कृष्ट शिक्षा और विकास के लिए अनुसंधान को एक अनिवार्य शर्त के रूप में पहचाना है। भारत सरकार द्वारा अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना इसी दिशा में एक कदम था।

## सात साल...

संयुक्त सचिव पद पर लोकेश ने बाजी मारी है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के भानू प्रताप और सचिव पर मृत्रवृंदा निर्वाचित घोषित किए गए हैं। परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस की छात्र शाखा के सदस्य बड़ी संख्या में एकत्र होकर जश्न मनाने लगे। 15वें राउंड की गिनती में एनएसयूआई ने बढ़त बनई हुई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 2024-25 की मतगणना सोमवार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। अंतिम परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए 50689 मतों में से 20207 मत लेकर रौनक खत्री विजेता रहे जबकि 18868 मत लेकर ऋषभ चौधरी दूसरे स्थान पर रहे। उपाध्यक्ष पद के लिए कुल मिले 50918 मतों में से 24166 मत प्राप्त करके भानुप्रताप सिंह विजेता रहे जबकि 15404 मत प्राप्त करके यश नांदल दूसरे स्थान पर रहे। सचिव पद के लिए 50874 मतों में से 16703 वोट हासिल कर मित्रवृन्दा कर्णवाल विजेता रही जबकि 15236 मत प्राप्त करके नम्रता जेफ दूसरे स्थान पर रही। संयुक्त सचिव पद पर डले कुल 50977 मतों में से 21975 मत प्राप्त करके लोकेश चौधरी विजेता रहे जबकि 15249 मत प्राप्त करके अमन कपासिया दूसरे स्थान पर रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. सत्यपाल सिंह ने बताया कि इस बार अध्यक्ष पद के लिए 8, उपाध्यक्ष पद के लिए 5, सचिव और संयुक्त सचिव पद के लिए 4-4 उम्मीदवार मैदान में थे। अध्यक्ष के लिए प्राप्त कुल 50689 मतों में से अनिकेत मांडके को कुल 2028, बदी उजमान को 844, पिंकी को 854, ऋषभ चौधरी को 18868, रौनक खत्री को 20207, सावी गुप्ता को 2695, शीतल को 407 और शिवम मौर्य को 880 मत प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए 3906 विद्यार्थियों ने नोटा को चुना।

## मेरठ....

रूप में सराहा गया है, मनीष सहगल इस घटना पर अलग राय रखते हैं। सहगल के अनुसार, कथित चोरी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। इसके बजाय, उनका दावा है कि दूल्हे ने उन पर अपनी गाड़ी को टक्कर मारने का आरोप लगाया, जो तेज गति से पीछा करने और टकराव में बदल गया, जिसे वे अनुचित बताते हैं। स्थानीय पुलिस भी इस मसले को लेकर हैरान है। अभी तक, कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। सच्चाई चाहे जो भी हो, देव कुमार के साहसी कार्य ने उन्हें रातोंरात सेलिब्रिटी बना दिया है। अपने हाई ड्रामा के लिए जाने जाने वाले इस क्षेत्र में, इस विशेष प्रकरण ने सभी को याद दिलाया कि सभी नायक टोपी नहीं पहनते हैं, कुछ शादी की पगड़ी और नोटों की माला पहनते हैं। जैसा कि एक उपयोगकर्ता ने संक्षेप में कहा, 'मेरठ कभी निराश नहीं करता। यह दूल्हा सिर्फ प्यार के पीछे नहीं भागा, वह न्याय और 100 रुपये के पीछे भागा!'

# संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को चुनौती देने वाली याचिकाएं की गईं खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी , धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़ने वाले 1976 के संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। समाजवादी , धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्दों को 1976 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किए गए 42वें संविधान संशोधन के तहत संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया गया था। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की उन याचिकाओं पर 22 नवंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिनमें संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को शामिल किए जाने को चुनौती दी गई थी। इस संबंध में दायर की गई शुरुआती याचिकाओं में से एक याचिका 2020 में अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के माध्यम से बलराम सिंह ने दायर की थी। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा, रिट याचिकाओं पर आगे विचार-विमर्श करने और निर्णय सुनाने की आवश्यकता नहीं है। संविधान में संशोधन की संसद की शक्ति प्रस्तावना पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि फैसले ने स्पष्ट कर दिया है कि इतने सालों के बाद प्रक्रिया को इस तरह से निष्प्रभावी नहीं किया जा सकता।पीठ ने कहा कि संविधान को अपनाने की तिथि अनुच्छेद 368 के तहत सरकार की शक्ति को कम नहीं करेगी और इसके अलावा इसे चुनौती भी नहीं दी जा रही है।उसने कहा कि संसद की संशोधन करने की शक्ति प्रस्तावना पर भी लागू होती है। शीर्ष अदालत ने कहा, इतने साल हो गए हैं, अब इस मुद्दे को क्यों उठाया जा रहा है? इस मामले में विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा की जा रही है।इससे पहले, पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि संबंधित संशोधन (42वां संशोधन) की इस न्यायालय द्वारा कई बार न्यायिक समीक्षा की गई है। संसद ने हस्तक्षेप किया है। पीठ के अनुसार, यह नहीं कहा जा सकता कि उस समय (आपातकाल में) संसद ने जो कुछ भी किया वह सब निरर्थक था।संशोधन के जरिए प्रस्तावना में भारत के वर्णन को संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य से बदलकर संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य किया गया था। भारत में आपातकाल की घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून, 1975 को की थी और आपातकाल 21 मार्च, 1977 तक लागू था। सुनवाई के दौरान पीठ ने याचिकाकर्ता के अनुरोध के अनुसार मामले को बृहद पीठ को भेजने से इनकार कर दिया था और कहा था कि भारतीय अर्थ में समाजवादी होना एक कल्याणकारी राज्य माना जाता है। एक अन्य याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा था कि वह समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की अवधारणाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन प्रस्तावना में इन्हें शामिल किए जाने का विरोध करते हैं। एक अलग याचिका दायर करने वाले स्वामी ने कहा था कि बाद में जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भी इन शब्दों को प्रस्तावना में शामिल करने का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि क्या इसे प्रस्तावना में एक अलग पैराग्राफ के रूप में जोड़ा जाना चाहिए। स्वामी ने कहा कि यह नहीं कहा जाना चाहिए कि 1949 में इसे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष के रूप में अपनाया गया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू की अगुवाई में मनाया जाएगा संविधान दिवस



**नई दिल्ली।**(भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पुराने संसद भवन के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में 26 नवंबर को होने वाले मुख्य कार्यक्रम की अगुवाई करेंगी। सरकार ने सोमवार को यह घोषणा की। इस कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा लेंगे। केंद्रीय संस्कृति सचिव अरुणीश चावला ने यहां नेशनल मीडिया सेंटर में संवाददाताओं को बताया कि एक वर्ष तक चलने वाले कार्यक्रमों के तहत एक विशेष वेबसाइट भी बनाई गई है। इस स्मारक वेबसाइट में लोगों से संविधान की प्रस्तावना का पाठ करते हुए एक वीडियो रिकार्ड करने और उसे वेबसाइट पर अपलोड करने का अनुरोध किया गया है। ऐसा करने वाले नागरिकों को एक प्रमाणपत्र मिलेगा। चावला ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ देश भर के स्कूलों में भी करवाया जाएगा। इस अवसर पर सरकार एक स्मारक डाक टिकट एवं सिक्का भी जारी करेगी।

# संविधान दिवस समारोह को पीएम मोदी नहीं करेंगे संबोधित: रीजीजू

### कहा,विपक्ष वास्तविक्ता बिना जाने बोल रहा है



**नई दिल्ली।** (भाषा) संविधान अंगीकार किए जाने के 75 साल पूरे होने पर आयोजित समारोह से पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम को संबोधित नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विपक्षी दल वास्तविकता को जाने बिना प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संविधान दिवस समारोह के दौरान दोनों सदनों के विपक्ष के नेता को कार्यक्रम को संबोधित करने की अनुमति दिए जाने की मांग उठाई थी। इस बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री ने उक्त टिप्पणी की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संविधान को अंगीकार किए जाने के 75 साल पूरे होने के अवसर पर 26 नवंबर को पुराने संसद भवन परिसर के केंद्रीय कक्ष में समारोह का नेतृत्व करेंगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी समारोह में हिस्सा लेंगे। केंद्रीय संस्कृति सचिव अरुणिश चावला के प्रस्तुतिकरण के बाद रीजीजू और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एवं गजेंद्र सिंह शेखावत ने नेशनल मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत की। रीजीजू ने कहा, कुछ विपक्षी दलों के साथ समस्या यह है कि वास्तविक व्यवस्था को जाने बिना, उन्होंने प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दीं। प्रधानमंत्री कल समारोह को संबोधित भी नहीं कर रहे हैं। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष इसे संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा, दूसरी बात, हमने मंच पर लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता के बैठने की व्यवस्था की है। बिना कुछ जाने इस गंभीर मौके पर इस तरह की प्रतिक्रिया निंदनीय है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि संविधान दिवस समारोह राजनीति से ऊपर है और देश का उत्सव है।उन्होंने कहा, भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हमें संसद परिसर में होने वाले समारोहों में हिस्सा लेने का अवसर मिल रहा है। कल राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। दोनों सदनों के सदस्यों की संयुक्त बैठक होगी। यह दिल्ली में भारत के संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने का जश्न होगा। और देश के विभिन्न हिस्सों में कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। रीजीजू ने कहा, हम उसी कक्ष में बैठेंगे जहां संविधान सभा की बैठकें हुईं और संविधान को अंगीकार किया गया। उन्होंने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक अवसर करार दिया।उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह सिर्फ न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधाई शाखाओं का कार्यक्रम नहीं है। पूरे देश को पूरे उत्साह के साथ इस उत्सव में भाग लेना होगा और प्रस्तावना पढ़नी होगी। मंत्री ने संविधान की प्रशंसा की और कहा कि इसने एक सफल और जीवंत लोकतंत्र को जन्म दिया।उन्होंने कहा कि इसका श्रेय भारतीय संविधान के निर्माताओं को जाता है।

इससे पहले, लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा गया है, हम संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में कल (मंगलवार) को आयोजित होने वाले समारोह के संदर्भ में लिख रहे हैं, जो भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित किया गया है। हम समझते हैं कि समारोह को भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। पत्र में कहा गया, हमारा मानना है कि संसदीय लोकतंत्र की सर्वोत्तम परंपराओं और हितों में दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं को भी इस ऐतिहासिक अवसर पर बोलने का अवसर दिया जाना चाहिए। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में टीआर बालू, तिरुचि शिवा, कनिमोझी, सुप्रिया सुले, राघव चड्ढा, पी संदोश कुमार, ईटी मोहम्मद बशीर, के राधाकृष्णन, रामजी लाल सुमन और एनके प्रेमचंद्रन शामिल हैं।

# बेअंत सिंह हत्याकांड के दोषी राजोआना की दया याचिका अति संवेदनशील मामला

## केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से कहा

**नई दिल्ली।** (भाषा) केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से सोमवार को कहा कि 1995 में हुई पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रहे बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका से संबंधित मामला संवेदनशील है। न्यायमूर्ति बी आर गवई की अगुवाई वाली पीठ राजोआना की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें उसकी दया याचिका पर निर्णय में अत्यधिक देरी के कारण उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा, यह संवेदनशील मामला है। कुछ एजेंसियों से परामर्श करना होगा। इस पीठ में न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन भी शामिल हैं।

मामले में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि सरकार इस मामले की समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह संवेदनशील मामला है इसलिए इसमें कुछ और जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि वह चार सप्ताह बाद याचिका पर सुनवाई करेगी। न्यायालय ने 18 नवंबर को याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसके तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव को निर्देश दिया गया था कि वह राजोआना की दया याचिका को राष्ट्रपति के समक्ष रखें।

पीठ ने 18 नवंबर की सुबह यह आदेश दिया था लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से आग्रह किया था कि इस आदेश पर अमल नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह बेहद संवेदनशील मुद्दा है। मेहता ने पीठ को बताया था कि फाइल अभी गृह मंत्रालय के पास है, राष्ट्रपति के पास नहीं। शीर्ष अदालत ने 25 सितंबर को राजोआना की याचिका पर केंद्र, पंजाब सरकार और केंद्र-शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासन से जवाब मांगा था।राजोआना को 31 अगस्त 1995 को चंडीगढ़ में पंजाब सिविल सचिवालय के बाहर हुए विस्फोट मामले में दोषी पाया गया था। इस घटना में तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह और 16 अन्य लोग मारे गए थे।

जुलाई 2007 में एक विशेष अदालत ने राजोआना को मौत की सजा सुनाई थी।राजोआना ने अपनी याचिका में कहा है कि मार्च 2012 में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने उसकी ओर से क्षमादान का अनुरोध करते हुए संविधान के अनुच्छेद-72 के तहत एक दया याचिका दायर की थी।

उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल तीन मई को राजोआना को सुनाई गई मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि सक्षम प्राधिकारी उसकी दया याचिका पर विचार कर सकते हैं।

# कांग्रेस अहंकार त्यागकर ममता को इंडी गठबंधन का नेता मान ले



**कोलकाता।** (भाषा) पश्चिम बंगाल विधानसभा उपचुनावों में तृणमूल कांग्रेस की स्पष्ट जीत से उत्साहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद कल्याण बनर्जी ने कांग्रेस से कहा कि वह अपना अहंकार त्याग दे और ममता बनर्जी को इंडी गठबंधन का नेता मान ले। उन्होंने महाराष्ट्र में चुनावी हार के लिए कांग्रेस की भी आलोचना की। हाल के उपचुनावों में तृणमूल कांग्रेस के प्रभावशाली प्रदर्शन से उत्साहित कल्याण बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनौती देने के लिए एकीकृत और निर्णायक नेतृत्व की आवश्यकता पर बल दिया। पार्टी ने पश्चिम बंगाल में हुए उपचुनाव में पांच विधानसभा सीट को बरकरार रखा और भाजपा से मदारीहाट सीट छीन ली। तृणमूल सांसद ने इस बात पर जोर दिया कि ममता बनर्जी का सिद्ध नेतृत्व और जमीनी स्तर पर जुड़ाव उन्हें विपक्षी दलों के गठबंधन का सबसे उपयुक्त नेता बनाता है।

रविवार को हुगली जिले के सेरामपुर में रक्तदान शिविर में उन्होंने कहा, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में अपनी विफलताओं को स्वीकार करना चाहिए और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा पर एकता को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्हें अपना अहंकार अलग रखना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन के नेता के रूप में स्वीकार करना चाहिए। भाजपा ने शनिवार को महाराष्ट्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड संख्या में सीट जीतीं और पार्टी नीत सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को भारी जीत दिलाई, जबकि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की शानदार जीत के दम पर इंडिया गठबंधन ने सत्ता में वापसी की। भाजपा नीत महायुति गठबंधन ने शनिवार को महाराष्ट्र में सत्ता बरकरार रखी और 288 विधानसभा सीट में से 230 पर कब्जा कर लिया, जबकि कांग्रेस नीत महा विकास आघाडी का सत्ता हासिल करने का सपना टूट गया और विपक्षी दलों का गठबंधन सिर्फ 46 सीट ही हासिल कर सका। हेमंत सोरेन के झामुमो नीत गठबंधन ने शनिवार को झारखंड में शानदार वापसी करते हुए 81 सदस्ईय विधानसभा में 56 सीट जीतकर लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल कर ली, जबकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को महज 24 सीट ही मिल सकीं।

# विपक्षी सदस्यों का बिरला से वक्फ संबंधी समिति का कार्यकाल बढ़ाने का आग्रह

**नई दिल्ली।** (भाषा) वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने वाली संसद की संयुक्त समिति में शामिल विपक्षी सांसदों ने सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर इस समिति का कार्यकाल बढ़ाने का आग्रह किया। इन विपक्षी सदस्यों का कहना है कि संशोधन विधेयक पर उचित विचार-विमर्श और चर्चा के लिए इस समिति का कार्यकाल पर्याप्त समय के लिए बढ़ाया जाना चाहिए।कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और सैयद नासिर हुसैन, द्रमुक के ए राजा, तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी और कुछ अन्य विपक्षी सांसदों ने संसद का शीतकालीन सत्र आरंभ होने से पहले बिरला से मुलाकात की।

उन्होंने अपनी मांग को लेकर एक ज्ञापन भी लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा।बिरला से मुलाकात के बाद राजा ने संवाददाताओं से कहा, हमने लोकसभा अध्यक्ष को बताया कि समिति के अध्यक्ष द्वारा उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया है। वह जल्दबाजी कर रहे हैं, कार्यवाही को बाधित कर रहे हैं।

राजा ने कहा कि पाल संसद की संयुक्त समिति के प्रमुख के तौर पर उचित प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे थे और उन्होंने स्वत: संज्ञान लेते हुए घोषणा की थी कि रिपोर्ट 29 नवंबर को संसद में पेश की जानी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री का कहना था, प्रस्तावित विधेयक के प्रत्एक खंड पर असहमति नोट और मतदान सहित कई प्रक्रियाएं हैं। ए सभी चीजें होनी हैं। ज्ञापन में विपक्षी नेताओं ने बिरला से कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक एक व्यापक कानून है जिसमें मौजूदा कानून में कई बड़े बदलाव शामिल हैं।

**मणिपुर के राज्यसभा सदस्य ने मिजोरम के सांसद से कहा, हमारे मामलों में दखल न दें:** इंफाल।मणिपुर से राज्यसभा सदस्य लीशेम्बा सनाजाओबा ने जातीय संघर्ष को समाप्त करने के मकसद से मेइती और कुकी-जो समुदाय के लिए अलग अलग प्रशासनिक इकाइयों की वकालत करने वाले मिजोरम के सांसद के. वनलालवेना पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें पड़ोसी राज्य के मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के नेता वनलालवेना ने मणिपुर में हिंसा को रोकने के लिए पहला और तत्काल कदम उठाते हुए एन. बीरेन सिंह सरकार को हटाने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने का आह्वान किया है। यहां जारी हिंसा के दौरान पिछले साल मई से अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। सनाजाओबा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार को एक पोस्ट में वनलालवेना की टिप्पणियों की एक खबर को साझा करते हुए कहा, मेरे दोस्त, सीमा पार मत करो... कृपया अपने राज्य के मुद्दों तक ही सीमित रहो... मणिपुर के मुद्दों में हस्तक्षेप करना बंद करो... एक अच्छे पड़ोसी बनो।

## राजग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले घटक दलों के बीच बूथ स्तर तक समन्वय अभियान चलाएगा

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सोमवार को कहा कि वह अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन सहयोगियों के बीच जमीनी स्तर पर बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए एक अभियान शुरू करेगा जो एक महीने से ज्यादा वक्त तक चलेगा। जनता दल (यू) के पटना स्थित मुख्यालय में सोमवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में इस आशय की घोषणा की गई। इस पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रमुख एवं मंत्री दिलीप जायसवाल समेत राजग के घटक दलों के नेता शामिल हुए। जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा,"यह अभियान 15 जनवरी को बगहा से शुरू होगा और 25 फरवरी तक पूरे राज्य में चलेगा" उन्होंने कहा कि राजग में शामिल सभी पांचों दलों के प्रदेश अध्यक्ष घटक दलों के कार्यकर्ताओं से बातचीत करने के लिए विभिन्न जिलों का भ्रमण करेंगे। यह संवाद पंचायत स्तर तक होगा। कुशवाहा ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर राजग की बैठक के बाद यह कार्यक्रम तैयार किया गया। उनके मुताबिक, बैठक में मुख्यमंत्री ने 243 सदस्ईय विधानसभा में 225 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य दिया है। कुशवाह ने कहा, हमारे नेता चाहते हैं कि राजग 2010 के अपने रिकॉर्ड को बेहतर बनाए, जब जनता दल(यू)-भाजपा गठबंधन ने 206 सीटें जीती थीं। बिहार में राजग में अब केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अलावा जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा भी शामिल है। प्रेस वार्ता में इन सभी पार्टियों के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद थे। जायसवाल ने कहा, हाल में चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए हुए उपचुनावों ने गठबंधन की ताकत को प्रदर्शित किया है, जिसने विपक्षी महागठबंधन से तीन सीटें छीन ली हैं। जायसवाल ने कहा, हम 2025 का विधानसभा चुनाव एक टीम के रूप में लड़ने और 225 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री और चिराग पासवान के चाचा पशुपति कुमार पारस के बारे में पूछे गए सवालों को टाल दिया। माना जाता है कि पशुपति कुमार पारस अपने भतीजे चिराग को राजग में अधिक महत्व दिए जाने के कारण नाराज हैं और उनके राजग से अलग होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। जायसवाल ने कहा, इस मुद्दे पर बयान देने के लिए दिल्ली में हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व ही सक्षम है।

## हरदोई में बारातियों की बस और कार के बीच टक्कर में पांच लोगों की मौत, चार जख्मी

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में सोमवार तड़के बारातियों की एक बस और कार के बीच भीषण टक्कर में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। अपर पुलिस अधीक्षक नृपेंद्र कुमार ने बताया कि यह हादसा मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गौरी नगर में हुआ जिसमें कार सवार सीमा (40), प्रतिभा (32), रामलली (45), प्रतिभा (42) और शुभम की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शिवराजपुर से बारातियों को लेकर जा रही एक कार मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गौरी नगर में तड़के करीब तीन बजे बघौली से आ रही एक बस से टकरा गई। बस में भी बाराती सवार थे। उसने बताया कि इस घटना में चार अन्य लोग घायल भी हुए हैं जिनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊमेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर शेक प्रकट किया। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार सुनिश्चि करें। इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# एटा में वक्फ की जमीन बता चहारदिवारी गिरायी

## विवाद को लेकर हिंसक झड़प, 16 नामजद समेत 150 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, दो गिरफ्तार

**एटा** (भाषा) एटा जिले के जलेसर कस्बे में वक्फ दरगाह के निकट एक व्यक्ति की पैतृक जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार की इस घटना के सिलसिले में 16 नामजद समेत 150 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कस्बे में तनाव की स्थिति देखते हुए आज जलेसर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) नीतेश गर्ग एवं जलेसर के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सुधीर राघव ने भारी पुलिस बल के साथ नगर भ्रमण किया और वक्फ की भूमि बताकर निजी भूमि पर जबरन निर्माण कार्य करने और पथराव करने के दो प्रमुख आरोपियों-- रफीक और फरमान उर्फ बंटी को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी राघव ने बताया कि रविवार शाम निजी चारदीवारी गिरा देने तथा विरोध करने पर मारपीट, आपराधिक धमकी तथा हत्या की नीयत से गला दबाने, दंगा फैलाने के आरोपों के तहत रफीक एवं 16 नामजद व्यक्तियों समेत 150 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। राघव ने कहा, आरोपियों में से एक ने शिकायतकर्ता का गला घोंटने की कोशिश की है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल की भूमि का निरीक्षण तथा तहसील कर्मियों द्वारा की गई जांच से पता चला कि यह नकटा कुआं मोहल्ले के निवासी अनिल कुमार उपाध्याय, राजेश, रमेश चंद्र आदि की पैतृक जमीन है, जिस पर आरोपियों ने वक्फ की जमीन बताकर अशांति पैदा की। उन्होंने बताया कि जमीन मालिक चारदीवारी खड़ी कर उस जमीन को घेर रहे थे लेकिन रविवार शाम लगभग पांच बजे अग्रयान मोहल्ले का रफीक कई लोगों के साथ वहां पहुंचा और उसने उक्त भूमि को वक्फ की भूमि बताकर चारदीवारी गिरा दी। विरोध करने पर दर्जन भर से अधिक मोटरसाइकिल एवं अन्य गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई एवं पथराव कर लोगों को घायल कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने देर रात्रि में अभियोग पंजीकृत किया। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विपिन कुमार मोरल ने बताया कि अभिलेखों में उपर्युक्त गाटा नंबर निजी काश्तकारी भूमि है, जिसकी पूर्व में दरगाह कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में पैमाइश की जा चुकी है। राजस्व अभिलेखों में भी यह जमीन निजी काश्तकारों के नाम दर्ज है। सीओ गर्ग ने बताया कि झगड़ा एवं पथराव करने वाले लोगों को चिन्हित कर थाना स्तर से आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्यामनारायण सिंह रविवार रात्रि में ही पुलिस बल के साथ जलेसर आए और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

एसएसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी तथा सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उनके अनुसार कस्बे की स्थिति तनावपूर्ण है किंतु शांति-व्यवस्था कायम है।

### वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 के विरोध में पश्चिम बंगाल विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया जाएगा : मंत्री

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने सोमवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के खिलाफ राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा हालांकि तारीख अभी तय नहीं हुई है। चटर्जी ने दावा किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक विभाजनकारी है और इससे अल्पसंख्यकों को हाशिए पर धकेला जा सकता है तथा उनके अधिकारों का हनन हो सकता है। उन्होंने कहा कि विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पेश किए जाने की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

### मां चामुंडेश्वरी के लिए सोने के रथ का प्रस्ताव पेश करें अधिकारी : सिद्धरमैया का निर्देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती विभाग को राज्य की अधिष्ठात्री देवी चामुंडेश्वरी के लिए सोने का रथ बनाने का प्रस्ताव पेश करने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह निर्देश विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) दिनेश गुलीगौडा के अनुरोध पर जारी किया गया है, जिन्होंने मैसूरु में चामुंडी पहाड़ी पर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला था, जिसका इतिहास 12वीं शताब्दी का है। गुलीगौडा ने कहा था कि तमिलनाडु के कोयंबटूर से आए श्रद्धालुओं द्वारा दान किया गया मौजूदा लकड़ी का रथ समय के साथ खराब हो गया है। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं ने देवी चामुंडेश्वरी के लिए सोने के रथ का उपयोग करके एक रथोत्सव आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की है।

## कांग्रेस के जिन नेताओं ने मुझे परेशान किया वे चुनाव हार गए: भाजपा सांसद अशोक चव्हाण

छत्रपति संभाजीनगर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कहा कि जब वह कांग्रेस में थे तो पार्टी की राज्य ईकाई के जिन नेताओं ने उन्हें परेशान किया वे विधानसभा चुनाव हार गए हैं। नांदेड़ में अपने समर्थकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए चव्हाण ने कहा कि लोगों ने भाजपा में शामिल होने के लिए उनकी आलोचना की थी, लेकिन इसके बावजूद पार्टी एकतरफा चुनाव जीतने में सफल रही। भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 288 में से 230 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) वाली विपक्षी महाविकास आघाडी को करारी हार का सामना करना पड़ा और वह सिर्फ 46 सीटें ही जीत पाई। कांग्रेस सिर्फ 16 सीट पर ही सिमट गई।

# सिलिकॉन वैली में भारतीय अमेरिकियों ने कनाडा व बांग्लादेश के हिंदुओं के समर्थन में विशाल रैली की

भाषा। वाशिंगटन




**अमेरिकी** राज्य कैलिफोर्निया के शहर सिलिकॉन वैली में भारतीय अमेरिकियों ने कनाडा और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के विरोध में एकजुटता रैली का आयोजन किया। मिलपिटास सिटी हॉल में बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए समुदाय के प्रमुख नेताओं ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों के बारे में चर्चा की और अमेरिकी नेताओं से मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा करने तथा कनाडा एवं बांग्लादेश की सरकारों को हिंदू अल्पसंख्यक आबादी की सुरक्षा के लिए जवाबदेह बनाने का आग्रह किया। सिलिकॉन वैली के बे एरिया में दो लाख से अधिक भारतीय अमेरिकी रहते हैं। मीडिया में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि रैली में लोगों ने ब्रैंपटन के हिंदू सभा मंदिर में खालिस्तानियों द्वारा हिंदुओं पर किए गए हमले की घटना से निपटने के तरीके पर निराशा व्यक्त की।

रैली में लोगों ने खालिस्तानी आतंकवाद बंद करो, कनाडाई-हिंदुओं की रक्षा करो , इस्लामी आतंकवाद बंद करो, बांग्लादेशी-हिंदुओं की रक्षा करो के नारे लगाए। विज्ञप्ति में कहा गया, हमने खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा मंदिर परिसर में घुसकर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की पिटाई करने संबंधी वीडियो देखे। दिवाली का त्योहार मनाने गए हिंदुओं को उन गुंडों द्वारा परेशान होते देखना परेशान करने वाला था। विज्ञप्ति में कह गया, हमने देखा किपुलिस पहले से ही खालिस्तान समर्थकों के साथ घुसपैठ कर चुकी थी और हिंदू श्रद्धालुओं पुलिस पहले से ही खालिस्तान समर्थकों के साथ घुसपैठ कर चुकी थी और हिंदू श्रद्धालुओं की पिटाई कर रही थी...। अमेरिकन्स फॉर हिंदूज के डॉ. रमेश जापरा ने कनाडा में खालिस्तानियों और बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूहोंऔर बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूहों द्वारा हिंदुओं पर किए गए हमलों की निंदा की। कोअलिशन ऑफ हिंदूज इन नॉर्थ अमेरिका (सीओएचएनए) की पुष्पिता प्रसाद ने कनाडा में उनकी टीम को सिख फॉर जस्टिस द्वारा निशाना बनाए जाने पर चिंता व्यक्त की। यह संगठन भारत में प्रतिबंधित है, लेकिन अमेरिका और कनाडा में स्वतंत्र रूप से काम करता है।

## रूस ने कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की तरफ से लड़ रहे ब्रिटिश नागरिक को पकड़ा

**मॉस्को।** रूसी सेना ने रूस के आंशिक कब्जे वाले कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की तरफ से लड़ रहे एक ब्रिटिश नागरिक को पकड़ा है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने कानून लागू करने वाले सूत्रों के हवाले से सोमवार को प्रकाशित रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में रूसी सेना द्वारा पकड़े गए ब्रिटिश नागरिक की पहचान जेम्स स्कॉट रिस एंडरसन के रूप में की गई है। इसमें एंडरसन के हवाले से कहा गया है कि उसने चार साल तक ब्रिटिश सेना में सिग्नलमैन के रूप में सेवाएं दीं और फिर इंटरनेशनल लीजन ऑफ यूक्रेन में शामिल हो गया, जिसका गठन लगभग ढाई साल पहले यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में एंडरसन ने यूक्रेनी सैनिकों के लिए कथित तौर पर प्रशिक्षक के रूप में काम किया और उसे उसकी इच्छा के खिलाफ कुर्स्क क्षेत्र में तैनात किया गया। तास ने एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें एंडरसन को यह कहते सुना जा सकता है कि वह क्षेत्र में नहीं रहना चाहता है। रिपोर्ट की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है, लेकिन अगर इसकी पुष्टि हो जाती है, तो यह रूसी धरती पर यूक्रेन की तरफ से लड़ रहे पश्चिमी देश के किसी नागरिक के पकड़े जाने का पहला ज्ञात मामला होगा। मॉस्को में ब्रिटिश दूतावास और रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस घटनाक्रम पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## यामांडू ओरसी उरुग्वे के नए राष्ट्रपति चुने गए



**मोंटेवीडियो** (उरुग्वे)। उरुग्वे के वामपंथी उम्मीदवार यामांडू ओरसी रविवार को एक कड़े मुकाबले में सत्तारूढ़ गठबंधन को हराकर देश के नए राष्ट्रपति चुने गए। राष्ट्रपति पद के चुनाव में ओरसी से अत्यंत नजदीकी मुकाबले के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार इवारो डेलगाडो ने मतगणना जारी रहने के बावजूद हार स्वीकार कर ली। इसके साथ ही उरुग्वे उन देशों में शामिल हो गया है, जहां इस साल हुए चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। ओरसी ने अपने समर्थकों की विशाल भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के देश ने एक बार फिर विजय प्राप्त की है। उन्होंने कहा, मैं ऐसा राष्ट्रपति बनूंगा, जो राष्ट्रीय संवाद का बार-बार आह्वान करेगा, जो एक अधिक एकीकृत समाज और देश का निर्माण करेगा। जैसे ही प्रारंभिक एग्जिट पोल में कामगार वर्ग से संबंध रखने वाले और इतिहास के पूर्व शिक्षक ओरसी (57) को डेलगाडो पर बढ़त मिलती दिखाई दी, तो मोंटेवीडियो के समुद्र तटों पर उनके समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। उरुग्वे के ब्रॉड फ्रंट गठबंधन के नेता ओरसी दो बार मेयर रह चुके हैं। डेलगाडो ने रविवार को अपने समर्थकों से कहा, दुख है कि चुनाव में हम हार गए, लेकिन बिना किसी अपराध बोध के हम विजेता को बधाई देते हैं। लगभग सभी मतों की गिनती के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि ओरसी को 49.8 प्रतिशत मत प्राप्त हुए, जबकि डेलगाडो को 45.9 प्रतिशत मत मिले। वाम गठबंधन ब्रॉड फ्रंट ने एक्स पर एक बयान जारी कर ओरसी को राष्ट्रपति घोषित किया। पिछले महीने हुए राष्ट्रपति चुनाव में कंजर्वेटिव दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन और वाम एवं मध्यमार्गी दलों के विपक्षी गठबंधन के स्पष्ट बहुमत हासिल करने में नाकाम रहने के बाद रविवार को दूसरे दौर का मतदान कराया गया, जिसमें ओरसी विजई रहे। इस चुनाव में गर्भपात का कानूनी अधिकार, समलैंगिक शादी और गांजा बिक्री अहम चुनावी मुद्दे बनकर उभरे हैं। ओरसी की सरकार एक मार्च 2025 से कार्यभार संभालेगी।

## अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करना बड़ा सम्मान : संदीप मोदी

न्यूयॉर्क। निर्देशक संदीप मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार समारोह में भारत और भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। संदीप मोदी की टेलीविजन सीरीज द नाईट मैनेजर को एमी पुरस्कार की ड्रामा सीरीज के लिए नामित किया गया है। द नाईट मैनेजर में अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और शोभिता धुलिपाला जैसे कलाकार अहम किरदारों में है। द नाईट मैनेजर इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा आयोजित इस पुरस्कार समारोह में 14 श्रेणियों में भारत की ओर से यह एकमात्र प्रविष्टि है। स्टैंड-अप कॉमेडियन (हास्य कलाकार) और अभिनेता वीर दास यहां न्यूयॉर्क में सोमवार को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार-2024 के प्रस्तोता होंगे। सांस्कृतिक संगठन इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल (आईएसी) ने शनिवार को प्रतिष्ठित सुंदरम टैगोर गैलरी में एक विशेष स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमे द नाईट मैनेजर के नामांकन का सम्मान किया गया और शो के संचालक और निर्देशक मोदी और निर्माता दीपक धर सहित इसकी टीम की सराहना की गई। इस अवसर पर संदीप मोदी ने पीटीआई-भाषा से कहा, अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार मे भारत और भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना हमारे शो के लिए बहुत बड़ा सम्मान है और मुझे उम्मीद है कि हम यह पुरस्कार जीतेंगे और पुरस्कार समारोह मे दुनिया भर के भारतीय प्रशंसकों के इस प्यार और विश्वास का बदला चुकाएंगे। उन्होने कहा, न्यूयॉर्क मे हमारे भारतीय समुदाय और आईएसी परिवार द्वारा इतनी गर्मजोशी से स्वागत किया जाना अत्यंत उत्साहवर्धक है।

# पश्चिम एशिया में तत्काल युद्ध विराम और द्वि-राष्ट्र समाधान का पक्षधर है भारत:जयशंकर



**रोम**।(भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत पश्चिम एशिया में तत्काल संघर्ष विराम लागू करने का समर्थन करता है और दीर्घकालिक रूप से द्वि-राष्ट्र समाधान का पक्षधर है। उन्होंने आतंकवाद, लोगों को बंधक बनाने और सैन्य अभियानों में नागरिकों की मौत की निंदा भी की। जयशंकर ने रोम में एमईडी मेडिटेरेनियन डायलॉग के 10वें संस्करण में अपने संबोधन में कहा कि भारत सैन्य अभियानों में बड़े पैमाने पर नागरिकों की मौत को अस्वीकार्य मानता है और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून की अवहेलना नहीं की जा सकती। विदेश मंत्री ने कहा, तात्कालिक रूप से, हम सभी को युद्ध विराम का समर्थन करना चाहिए...दीर्घावधि में, यह आवश्यक है कि फलस्तीनी लोगों के भविष्य पर ध्यान दिया जाए। भारत द्वि-राष्ट्र समाधान का पक्षधर है। जयशंकर ने पश्चिम एशिया में संघर्ष के बढ़ने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत संयम बरतने तथा संवाद बढ़ाने के लिए इजराइल और ईरान दोनों के साथ शीर्ष स्तर पर नियमित संपर्क में है।

उन्होंने कहा कि इटली की तरह भारत का एक दल भी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) के हिस्से के रूप में लेबनान में तैनात है। पिछले साल से ही भारतीय नौसेना के जहाज अदन की खाड़ी और उत्तरी अरब सागर में वाणिज्यिक नौवहन की सुरक्षा के लिए तैनात हैं। दक्षिण लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में सैन्य योगदान देने वाले 50 देशों से लगभग 10,500 शांति सैनिक तैनात हैं। लेबनान में यूएनआईएफआईएल के हिस्से के रूप में भारत के 900 से अधिक सैनिक तैनात हैं। उन्होंने कहा, विभिन्न पक्षों को शामिल करने की हमारी क्षमता को देखते हुए, हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक प्रयास में सार्थक योगदान देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। यूक्रेन-रूस युद्ध के बारे में उन्होंने कहा कि इस संघर्ष के जारी रहने से भूमध्य सागर सहित अन्य क्षेत्रों में गंभीर एवं अस्थिरता पैदा करने वाले परिणाम सामने आ रहे हैं। जयशंकर ने कहा, यह बात तो स्पष्ट है कि युद्ध के मैदान से कोई समाधान नहीं निकलने वाला है। भारत का हमेशा से यह मानना रहा है कि इस दौर में विवादों का समाधान युद्ध से नहीं हो सकता। हमें संवाद और कूटनीति की ओर लौटना होगा। यह जितनी जल्दी हो सके, उतना अच्छा है। आज दुनियाभर में यह एक व्यापक भावना है, खासकर ग्लोबल साउथ में। उन्होंने कहा कि जून से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस संबंध में रूस और यूक्रेन दोनों के नेताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर रहे हैं, जिसमें मॉस्को और कीव का दौरा भी शामिल है। विदेश मंत्री ने कहा, हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि जो लोग समान आधार तलाशने की क्षमता रखते हैं, उन्हें यह जिम्मेदारी अवश्य निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन दोनों संघर्षों के कारण आपूर्ति श्रृंखलाएं असुरक्षित हैं तथा सम्पर्क, विशेषकर समुद्री सम्पर्क बाधित है। जयशंकर ने भारत और भूमध्यसागरीय देशों के बीच घनिष्ठ और मजबूत संबंधों की वकालत करते हुए कहा, भूमध्यसागरीय देशों के साथ हमारा वार्षिक कारोबार लगभग 80 अरब अमेरिकी डॉलर का है। हमारे प्रवासी समुदाय में 4,60,000 लोग हैं, और उनमें से लगभग 40 प्रतिशत इटली में हैं। हमारी मुख्य रुचि उर्वरक, ऊर्जा, जल, प्रौद्योगिकी, हीरे, रक्षा और साइबर क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि भूमध्यसागरीय देशों के साथ भारत के राजनीतिक संबंध मजबूत हैं तथा उनका रक्षा सहयोग बढ़ रहा है, जिसमें अधिक अभ्यास और आदान-प्रदान शामिल हैं।

## बिहार वास्तव में एक पिछड़ा राज्य है: प्रशांत किशोर ने अमेरिका में बिहारी प्रवासियों से कहा

**वाशिंगटन।** जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार वास्तव में एक पिछड़ा राज्य है जो कई मुश्किलों से घिरा है और इसके सर्वांगीण विकास के लिए बड़े स्तर पर प्रयासों की जरूरत है। जन सुराज के अमेरिकी चैप्टर की शुरुआत करने के बाद ऑनलाइन माध्यम से अमेरिका में बिहारी प्रवासी समुदाय के साथ संवाद के दौरान पूर्व चुनाव रणनीतिकार ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी और कहा कि वह शराब पर प्रतिबंध हटाएंगे और राजस्व का उपयोग स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए करेंगे। किशोर ने प्रवासी समुदाय के लोगों से कहा, हमें यह समझना होगा कि यह (बिहार) एक ऐसा राज्य है जो कई मुश्किलों से घिरा है। अगर बिहार एक देश होता, तो यह जनसंख्या के मामले में दुनिया में 11वां सबसे बड़ा देश होता। हमने जनसंख्या के मामले में जापान को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती यह है कि समाज बिहार के हालात सुधरने को लेकर नाउम्मीद हो गया है। उन्होंने कहा, जब आप नाउम्मीद हो जाते हैं तो बड़े स्तर पर तत्काल कदम उठाने की जरूरतें इतनी प्रबल हो जाती हैं कि कुछ भी मायने नहीं रखता। किशोर ने कहा कि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, पिछले ढाई वर्षों से हम जो कर रहे हैं उससे कुछ उम्मीद जरूर जगी है, लेकिन इसे एक ठोस चुनावी परिणाम और भविष्य में सरकार बनाने की दावेदारी में समय लगेगा।

## डीएचएल का मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो कर एक मकान से टकराया, एक व्यक्ति की मौत

विलनियस। पार्सल एवं कूरियर सेवा प्रदान करने वाली जर्मनी की कंपनी डीएचएल का एक मालवाहक विमान सोमवार को सुबह लिथुआनिया की राजधानी के निकट एक मकान के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। लिथुआनिया पुलिस के प्रमुख ने कहा कि विमान विलनियस हवाई अड्डा पर उतरने से कुछ समय पहले दुर्घटनाग्रस्त हुआ। पुलिस आयुक्त जनरल रेनाटास पोजेला ने कहा, विमान हवाई अड्डा से कुछ किलोमीटर पहले गिरा। दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमान कुछ सौ मीटर तक फिसला। विमान का कुछ हिस्सा कुछ हद तक एक आवासीय मकान से जा टकराया। घटना में मकान के आसपास के आवासीय ढांचों में आग लग गई और मकान को भी थोड़ा नुकसान पहुंचा, लेकिन हम लोगों को निकालने में कामयाब रहे। लिथुआनिया की लोक प्रसारक एलआरटी ने आपातकालीन अधिकारी के हवाले से बताया कि दुर्घटना के बाद दो लोगों को अस्पताल ले जाया गया और एक को बाद में मृत घोषित कर दिया गया। एलआरटी ने बताया कि विमान हवाई अड्डे के पास दो मंजिला मकान के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हुआ। लिथुआनिया हवाई अड्डा प्राधिकरण ने विमान की पहचान जर्मनी के लीपजिंग से विलनियस हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने वाले डीएचएल मालवाहक विमान के रूप में की। इसने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि दमकल सेवा के एक ट्रक सहित विलनियस की आपातकालीन सेवाएं मौके पर मौजूद हैं।

## सियोल की अदालत ने विपक्षी नेता को झूठी गवाही देने के आरोप से बरी किया

सियोल। दक्षिण कोरिया में नेता प्रतिपक्ष ली जे म्यूंग को उनकी पिछली आपराधिक सजा को कम करके दिखाने के लिए एक गवाह को अदालत में झूठ बोलने को राजी करने के आरोप से सोमवार को बरी कर दिया गया। ली के पक्ष में आए अदालत के इस फैसले ने उनके राजनीतिक करियर पर छाए खतरे के बादलों को दूर करने में थोड़ी राहत प्रदान की। ली ने फैसले के बाद सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के न्यायाधीश को सत्य और न्याय बहाल करने के लिए धन्यवाद दिया।अभियोजन पक्ष ने तुरंत यह नहीं बताया कि वह अपील करेगा या नहीं।इस महीने की शुरुआत में इसी अदालत ने ली को 2022 में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान झूठे बयान देकर चुनाव कानून के उल्लंघन के लिए जेल की सजा सुनाई थी।

## दक्षिण अफ्रीक के लेखक और कवि ब्रेयटेन ब्रेयटेनबैक का 85 वर्ष की उम्र में निधन

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के लेखक एवं कवि ब्रेयटेन ब्रेयटेनबैक का पेरिस में निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। लेखक के परिवार ने उनके निधन की सूचना दी। ब्रेयटेनबैक पूर्ववर्ती श्वेत-अल्पसंख्यक सरकार की रंगभेद नीति के कट्टर विरोधी थे। ब्रेयटेनबैक एक जाने माने लेखक थे और अफ्रीका में साहित्य के क्षेत्र में प्रमुख हस्ती थे। वह बाद में पेरिस चले गए लेकिन 1975 में स्वदेश की एक गुप्त यात्रा के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने श्वेत-अल्पसंख्यक सरकार के खिलाफ नेल्सन मंडेला के तत्कालीन प्रतिबंधित अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस समूह की सहायता की थी। उन्हें देशद्रोह का दोषी ठहराया गया और उन्हें सात साल जेल में बिताने पड़े। रिहा होने के बाद वह पेरिस में रहने लगे, जहां उन्होंने रंगभेद के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद रखा। ब्रेयटेनबैक को उनकी कृति कन्फेशन्स ऑफ एन एल्बिनो टेररिस्ट के लिए जाना जाता है, जिसमें उन्होंने जेल में बिताए दिनों और उन कारणों को जिक्र किया है जिसके कारण उन्हें जेल की सजा हुई। उनके परिवार में उनकी पत्नी योलांडे, बेटी डेफनी और दो नाती हैं।

## ए वूमन ऑफ सब्सटेंस की लेखिका ब्रैडफोर्ड का निधन

न्यूयॉर्क। ए वूमन ऑफ सब्सटेंस नामक उपन्यास से चर्चा में आईं ब्रिटिश लेखिका बारबरा टेलर ब्रैडफोर्ड का निधन हो गया। ब्रैडफोर्ड ने 40 की उम्र में ए वूमन ऑफ सब्सटेंस उपन्यास लिखकर तहलका मचा दिया था। उन्होंने बाद के दिनों में एक दर्जन से अधिक उपन्यास लिखे थे, जिनकी करोड़ों प्रतियां बिकीं। ब्रैडफोर्ड का रविवार को न्यूयॉर्क शहर स्थित उनके घर पर निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं। वर्ष 1979 में प्रकाशित ए वूमन ऑफ सब्सटेंस से शुरुआत करते हुए ब्रैडफोर्ड दुनिया की सबसे लोकप्रिय और सबसे धनी लेखिकाओं में से एक बन गईं और उन्होंने औसतन एक वर्ष में लगभग एक किताब लिखी। उनकी कुल संपत्ति 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक आंकी गई और उनकी प्रसिद्धि इतनी अधिक थी कि 1999 में उनकी तस्वीर एक डाक टिकट पर छपी थी। वर्ष 2007 में, महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने उन्हें ओबीई (ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एंपायर) सम्मान से सम्मानित किया। ब्रैडफोर्ड की किताबें 40 भाषाओं में प्रकाशित हुईं और दुनिया भर में उनकी नौ करोड़ से ज्यादा प्रतियां बिकीं।

### पाकिस्तान में व्यापक पुलिस कार्रवाई के बीच

# इमरान के समर्थकों का इस्लामाबाद की ओर मार्च



**इस्लामाबाद।**(भाषा) जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने देश की राजधानी में प्रवेश करने और धरना देने के उनके प्रयास को विफल करने के मकसद से लागू अधिकारियों के कड़े प्रतिरोध के बीच रास्ते में रात भर रुकने के बाद सोमवार को इस्लामाबाद की ओर अपना मार्च फिर से शुरू किया।

जेल में बंद 72 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री ने 24 नवंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के लिए अंतिम आह्वान किया था। यह आह्वान उन्होंने 13 नवंबर को किया था। खान ने जनादेश की चोरी, लोगों की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी और संविधान के 26वें संशोधन के पारित होने की निंदा की थी। संविधान के 26वें संशोधन पर उन्होंने कहा था कि इसने तानाशाही शासन को मजबूत करने का काम किया है। खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर और खान की पत्नी बुशरा बीबी के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने रविवार को तबाह हो चुके प्रांत से राजधानी पहुंचने के लिए अपनी यात्रा शुरू की, लेकिन उन्हें मार्ग में बाधाओं का सामना करना पड़ा। प्राधिकारियों ने शिपिंग कंटेनर रखकर राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया था, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उन्हें हटाने वाले उपकरणों और अन्य भारी मशीनों की मदद से बाधाओं को हटाया, हालांकि इससे प्रदर्शन के दौरान उनकी गति और योजनाएं प्रभावित हुईं। पंजाब के अटक जिले के हारो में रात्रि विश्राम के बाद दल ने आज दोपहर तक राजधानी पहुंचने के ध्एय के साथ अपनी यात्रा पुन: शुरू की। बेलारूस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के पाकिस्तान दौरे के कारण सरकार ने पहले ही धारा 144 लागू कर रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो औपनिवेशिक काल का कानून है और इसका उपयोग राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए किया जाता है। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की सोमवार को आधिकारिक यात्रा से पहले विदेश मंत्री मक्सिम रेजिनकोव के नेतृत्व में आठ मंत्रियों और 43 व्यापारिक नेताओं सहित बेलारूस का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को इस्लामाबाद पहुंचा। बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और देश के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के साथ चर्चा करेंगे। उम्मीद है कि इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने वाले गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुरक्षा उपाय राजधानी के निवासियों और उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए किए गए हैं। उन्होंने हजारों लोगों को असुविधा पहुंचाने के लिए पीटीआई को जिम्मेदार ठहराया। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने एक बयान में पीटीआई के बार-बार विरोध प्रदर्शन के आह्वान पर सवाल उठाया तथा इसे देश के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश करार दिया। उन्होंने खेद जताया कि पार्टी हमेशा उस समय विरोध प्रदर्शन का आह्वान करती दिखती है जब वैश्विक हस्तियां पाकिस्तान का दौरा करती हैं, चाहे वह चीन के प्रधानमंत्री की यात्रा हो, एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) शिखर सम्मेलन हो या अन्य अवसर हों। रविवार को गंदापुर के मुख्यमंत्री ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, हमें आगे बढ़ना चाहिए और इमरान खान की रिहाई तक पीछे नहीं हटना चाहिए। बुशरा बीबी भी भीड़ के साथ थीं, हालांकि पहले उन्होंने घोषणा की थी कि वह विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगी। रविवार को उन्होंने अपनी कार से रास्ते में समर्थकों को संबोधित भी किया और देरी को लेकर निराशा भी जाहिर की।

# मैं खुद को मुश्किल परिस्थितियों में रखना चाहता हूं : बुमराह

भाषा। पर्थ

**जसप्रीत बुमराह ने** सोमवार को कहा कि उन्हें कप्तान और गेंदबाज के रूप में कठिन परिस्थितियों में दबाव झेलने में मजा आता है और इससे टीम के कम अनुभवी खिलाड़ियों का काम काफी आसान हो जाता है। बुमराह ने पर्थ टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। वह इस मैच के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुए। भारत ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से करारी शिकस्त दी। बुमराह ने यहां मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब परिस्थितियां मुश्किल होती है तो मैं इस बारे में सोचता हूं कि मैं किस तरह से योगदान दे सकता हूं। यह तब भी होता है जब मैं टीम का नेतृत्व नहीं कर रहा होता हूं। ऐसे में जब भी मुश्किल परिस्थितियां आती है तो मैं उसका जवाब ढूंढने की कोशिश करता हूं। मैं खुद को मुश्किल परिस्थितियों में रखकर सहज रहता हूं। हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे युवा खिलाड़ियों में भी बुमराह की इस सोच का प्रभाव दिखा और पदार्पण करने वाले ए इन दोनों युवा ने यहां के ऑप्टस स्टेडियम में अहम मौके पर शानदार योगदान दिए। बुमराह ने कहा, मैं खुद को उस कठिन परिस्थिति में डालने की कोशिश कर रहा था ताकि नए खिलाडियों का काम आसान हो सके। आप जानते हैं अपने शुरुआती मैचों अधिक जिम्मेदारी लेना बहुत आसान नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मैच में उनसे दबाव कम करने की कोशिश कर रहा था और मुझे खुशी है कि उनका रवैया सकारात्मक रहा। इस ऐतिहासिक जीत के बावजूद बुमराह एडिलेड टेस्ट में टीम का नेतृत्व नहीं करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए है। बुमराह से जब कप्तान छोड़ने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने चुटिले अंदाज में कहा, मैं उन्हें बताऊंगा कि मैं आसानी से इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। इस 30 साल के खिलाड़ी ने कहा, मैं ने इस मसले पर पहले भी कहा है कि वह (रोहित) शानदार कप्तान है और उनका काम शानदार रहा है। मैं बस उनकी जगह की भरपाई कर रहा था। बुमराह ने कहा, जब वह भारत में थे तो चर्चा हुई थी। हम ने टीम को लेकर काफी बातचीत की है।



## बुमराह ने पर्थ टेस्ट में राणा और रेड्डी के निडर रवैए की सराहना की

**पर्थ।** कप्तान जसप्रीत बुमराह पदार्पण कर रहे हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी के निडर रवैए और परिपक्वता से काफी प्रभावित हुए और उन्होने कहा कि उन्हे कभी ऐसा महसूस नही हुआ कि ए दोनो युवा खिलाड़ी पहली बार ऑस्ट्रेलिया मे खेल रहे है। पर्थ मे पहले टेस्ट से पहले उनके चयन को लेकर सवाल उठ रहे थे लेकिन उन्होने संदेह करने वालो को चुप करा दिया और भारत की ऑस्ट्रेलिया पर 295 रन की विशाल जीत मे महत्वपूर्ण योगदान दिया।बुमराह ने सोमवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, जब उन्होने पदार्पण किया तो सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह थी कि वे बिल्कुल भी नर्वस नही थे। ऐसा नही लगा कि वे ऑस्ट्रेलिया मे पहली बार खेल रहे है या यह उनका पहला मैच था। राणा ने पहली पारी मे शानदार गेंद पर ट्रेविस हेड का महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया और अनुभवी मिचेल स्टार्क पर टिप्पणी करने से भी पीछे नही हटे जबकि आईपीएल 2024 मे दोनो कोलकाता नाइट राइडर्स मे एक साथ खेले थे। इसके अलावा रेड्डी ने दोनो पारियो मे 41 और 38 रन का उपाएगी योगदान भी दिया।बुमराह ने कहा, अगर आप डरे हुए है तो आपका डर दूर नही होगा। इसलिए यह मेरे लिए बहुत सकारात्मक संकेत है कि वे डरे हुए नही है और उनमे सीखने की बहुत इच्छा है। उन्होंने कहा, उन्होंने बहुत अच्छी शुरुआत की है और उम्मीद है कि वे भविष्य मे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि दोनो युवा खिलाड़ियों को जब पदार्पण की सूचना मिली तो वह जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार थे।इसी तरह ऑस्ट्रेलिया मे अपना पहला टेस्ट खेल रहे यशस्वी जायसवाल ने 161 रन की पारी खेली और टीम की जीत मे अहम भूमिका निभाई। बुमराह ने कहा कि यह जायसवाल के करियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी है।, अगर मुझे मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनना होगा तो मै जायसवाल को चुनूंगा। मुझे लगता है कि यह उसकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ टेसट पारी है क्योंकि आपको पता है कि वह आक्रामक होकर खेलता है। लेकिन दूसरी पारी मे उसने काफी गेंद छोड़ी, समय लिया और क्रीज मे पीछे हटकर बल्लेबाजी की। इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। उसने दिखाया कि उसमे संयम भी है और वह सामंजस्य बैठाने और बदलाव के लिए तैयार है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए शानदार संकेत है कि एक बल्लेबाज अपने करियर मे इतनी जल्दी सामंजस्य बैठाने को तैयार है। बुमराह सलामी बल्लेबाज के रूप मे लोकेश राहुल की भूमिका को भी नही भूले।

## एक खास जीत, अपने बेटे को बताने के लिए कई कहानियां हैं : भावुक हुए बुमराह

**पर्थ।** कुछ पलो के लिए जसप्रीत बुमराह एक प्रतिस्पर्धी क्रिकेटर की बजाय गर्व से भरे पिता के रूप मे नजर आए जो अपने बेटे को बड़ा होने पर पर्थ टेस्ट की ऐतिहासिक जीत के किस्से सुनाना चाहता है। बुमराह का परिवार पर्थ मे था जब भारत ने आस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे बुमराह ने कहा , यह खास जीत है। एक कप्तान के तौर पर पहली जीत। मै इससे बहुत खुश हूं। मेरा बेटा भी यहां है। मै अपने बेटे के साथ जश्न मनाऊंगा और इसे याद रखूंगा। यह बहुत खास है। उन्होने कहा , वह अभी बहुत छोटा है लेकिन जब बड़ा होगा तो मै उसे इसकी कहानियां सुनाऊंगा। उससे कहूंगा कि जब हमने भारत के लिए इतना महत्वपूर्ण मैच जीता तो वह दर्शको मे था। पर्थ की जीत इसलिए भी खास है क्योंकि बतौर कप्तान उन्होने पहला मैच जीता। नियमित कप्तान रोहित शर्मा अपने बेटे के जन्म के कारण यहां नही खेले जिनकी जगह बुमराह ने कप्तानी की। बुमराह ने कहा , काफी गर्व महसूस कर रहा हूं। यह मेरा दूसरा मैच है। मैने बर्मिंघम मे भी कप्तानी की थी। पहले चरण मे हम आगे थे लेकिन फिर इंग्लैड ने अच्छा खेला। उस मैच से काफी कुछ सीखा। उन्होने कहा कि पर्थ टेस्ट मे पहली पारी मे सस्ते मे आउट होने के बाद भी भारतीय ड्रेसिंग रूम मे तनाव नही था क्योंकि सभी को वापसी का यकीन था। उन्होने कहा , हम 150 रन पर आउट हो गए लेकिन ड्रेसिंग रूम मे कोई उदास नही था क्योंकि सभी को पता था कि अपनी क्षमता पर भरोसा करने पर हम वापसी कर सकते है। यहां क्रिकेट खेलना कठिन है और आप पर दबाव बनाया जाता है लेकिन जब आप दबाव का सामना करना सीख जाते है तो काफी आत्मविश्वास आता है।

## ऑस्ट्रेलिया को पर्थ में हराकर फिर डब्ल्यूटीसी तालिका के शीर्ष पर पहुंचा भारत

भाषा। दुबई



**ऑस्ट्रेलिया को** सोमवार को पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में 295 रन से हराकर भारत फिर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर पहुंच गया।भारत डब्ल्यूटीसी तालिका के शीर्ष पर अच्छी बढ़त बनाए हुए था लेकिन घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की करारी हार के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गया।न्यूजीलैंड के खिलाफ हार से भारत की अगले साल होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को भी झटका लगा।भारत के अब 15 मैच में नौ जीत, पांच हार और एक ड्रॉ से 110 अंक हो गए हैं जो 61.11 प्रतिशत अंक के है। ऑस्ट्रेलिया 57.69 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। उसके 13 मैच में आठ जीत, चार हार और एक ड्रॉ से 90 अंक हैं। मेहमान टीम की यह जीत हाल ही में न्यूजीलैंड के हाथों 0-3 की हार के बाद आई है। आईसीसी ने कहा, नौ टीम की तालिका में दूसरे स्थान पर खिसकने वाला ऑस्ट्रेलिया अब भी अपने खिताब को बचाने की दौड़ में है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने बाकी बचे चार टेस्ट मैच में से तीन जीतने होंगे। ऑस्ट्रेलिया शेष छह टेस्ट मैच में से चार जीतकर फाइनल में पहुंच जाएगा क्योंकि पैट कमिंस की टीम भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा भी करेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया अब छह दिसंबर से शुरू होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट के लिए एडीलेड में आमने-सामने होंगे। इसके बाद ब्रिसबेन (14-18 दिसंबर) में तीसरा टेस्ट , मेलबर्न (26-30 दिसंबर) में चौथा टेस्ट और सिडनी (3-7 जनवरी) में पांचवां और अंतिम टेस्ट खेला जाएगा।

## लुकाकु के गोल से नेपोली ने रोमा को हराकर सिरी ए में बढ़त बनाई

**रोम।** रोमेलु लुकाकु के गोल की मदद से नेपोली ने रविवार को यहां रोमा को।-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में एक बार फिर बढ़त हासिल कर ली।लुकाकु ने अपने पूर्व क्लब के खिलाफ मैच का एकमात्र गोल 54वें मिनट मे कप्तान जियोवानी डि लोरेंजो के क्रॉस पर दागा।रोमा के पास बराबरी हासिल करने का मौका था लेकिन आर्टेम डोवबिक का हैडर क्रॉस बार से टकरा गया।नेपोली के 13 मैच मे 29 अंक है और उसने अटलांटा, इंटर मिलान, फायोरेंटिना और लाजियो पर एक अंक की बढ़त बना रखी है।फायोरेंटिना ने कोमो को 2-0 से हराकर लगातार सातवीं जीत दर्ज की जबकि लाजियो ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे बोलोग्ना को 3-0 से हराया।

## बुमराह के साथ गेंदबाजी के लिए बोल्ट मिलने पर खुश है मुंबई इंडियंस : आकाश

**जेद्दा।** मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने प्रसन्नता जताई कि आईपीएल 2025 में जसप्रीत बुमराह के जोड़ीदार के रूप में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को लेने की उनकी योजना कामयाब रही। अंबानी ने आईपीएल मेगा नीलामी के दूसरे दिन कहा कि मुंबई इंडियंस ने अपने 12 खिलाड़ी तय कर लिए है जिनमें बोल्ट और बुमराह शामिल है। पांच बार की चैम्पियन टीम ने पिछले दो सत्र में बुमराह और जोफ्रा आर्चर की जोड़ी बनाई थी लेकिन आर्चर के लगातार चोटिल होने से उसकी रणनीति प्रभावित हुई। अंबानी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के मुख्य कोच एंडी फ्लावर के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , ट्रेंट बोल्ट और बुमराह की वापसी हो गई है और हम यह जोड़ी चाहते थे। नीलामी में आप किसी एक खिलाड़ी को तरजीह नही दे सकते। हमें खुशी है कि बोल्ट की वापसी हुई है। अंबानी ने कहा कि अफगानिस्तान के स्पिनर अल्लाह गजांफर को लेने के लिए उन्हें काफी सोच विचार करना पड़ा। उन्होंने कहा , एक विदेशी स्पिनर लेने के लिए हमें काफी सोच विचार करना पड़ा।

## गोपाल यादव ने तारिक क्लब को दिलाई जीत

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच गोपाल यादव नाबाद 65 के अविजित अर्धशतक की सहायता से तारिक क्रिकेट क्लब ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट में सीवीसीएल को 6 विकेट से हराया। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर सीवीसीएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 5 विकेट पर 164 रन बनाए। देवेश कुलश्रेष्ठ 67 रन, 40 गेंद, 8 चौकेए 2 छक्के, व सिद्धार्थ भूटानी 22 की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करते हुए टीम को उम्दा शुरुआत दी। चरनजीत सिंह ने 35ए व शशि प्रकाश ने 16 रन जोड़े। तारिक क्रिकेट क्लब से तेज नारायण को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में तारिक क्लब ने निर्धारित ओवर में 4 विकेट पर 165 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज आदिल पाशा 6 रन ही बना सके। उनके जोड़ीदार जसविंदर सिंह ने 39 रन का योगदान किया।इसके बाद उतरे गोपाल यादव ने 46 गेंदों पर 6 चौके व 3 छक्के से नाबाद 65 रन की अविजित पारी खेलते हुए टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया। गोपाल यादव ने जसविंदर सिंह के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। विनोद सिंह ने 18ए तेज नारायण ने नाबाद 17 व शादाब अंसारी ने भी 15 रन जोड़े।

# कप्तान रोहित ने पर्थ में गुलाबी गेंद से अभ्यास किया

### ● कैनबरा मे दो दिवसीय मैच खेलेंगे

भाषा। पर्थ



**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा पितृत्व अवकाश के बाद पर्थ पहुंचने पर तुरंत नेट पर अभ्यास करने पहुंचे जबकि कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह की अगुआई वाली टीम इंडिया ने सोमवार को यहां शुरूआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड 295 रन से हराया। कुछ दिन पहले अपने बेटे के जन्म के बाद रोहित रविवार शाम को पर्थ पहुंचे और वह ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत का गवाह बनने के लिए ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे।उन्हें सोमवार को लंच सत्र के दौरान नेट में बल्लेबाजी करते देखा गया जहां उन्होंने गुलाबी गेंद से रिजर्व तेज गेंदबाजों नवदीप सैनी, यश दयाल और मुकेश कुमार का सामना किया। छह दिसंबर से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट दिन-रात्रि का होगा और गुलाबी गेंद से खेला जाएगा।अनुभवी स्पिनर रविंद्र जडेजा ने भी कुछ देकर गेंदबाजी की और सत्र के दौरान उन्होंने नुवान सेनाविरत्ने की थ्रो डाउन पर पुल शॉट खेलने का प्रयास किया।मैच में आठ विकेट चटकाने के लिए मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए बुमराह ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कप्तान का स्वागत किया।बुमराह ने कहा, मैं जिस तरह से भी संभव हो, उनकी मदद करने को लेकर उत्सुक हूं। रोहित लय में आने की कोशिश कर रहे हैं और नेट सत्र के दौरान उन्होंने कुछ शानदार शॉट खेले जबकि कुछ मौकों पर चूक गए।भारतीय टीम 30 नवंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच के लिए बुधवार को कैनबरा जाएगी। इस अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। हालांकि यह मैच महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह गुलाबी गेंद से होने वाला दिन-रात्रि का मुकाबला है जो छह दिसंबर से एडीलेड में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए अहम होगा।रोहित के कैनबरा में इस मैच में खेलने की उम्मीद है क्योंकि एडीलेड में गुलाबी कूकाबूरा गेंद बल्लेबाजों के लिए एक अलग तरह की चुनौती पेश करती है, विशेषकर गोधूलि के समय जब गेंद सामान्य से अधिक घूमती है।

## कोहली को हमारी नहीं, हमें उसकी जरूरत है: बुमराह

**पर्थ।** भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने सोमवार को विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि इस स्टार बल्लेबाज को टीम के जितने समर्थन की जरूरत है, टीम को उनके समर्थन की उससे अधिक जरूरत है। कोहली (नाबाद 100) के 30वें टेस्ट शतक ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की ऐतिहासिक 295 रन की जीत में बड़ी भूमिका निभाई जबकि पहली पारी मे टीम सिर्फ 150 रन पर ढेर हो गई थी।बुमराह ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, बेशक, मै पहले ही कह चुका हूं कि विराट कोहली को हमारी जरूरत नही, हमें उसकी जरूरत है। वह अनुभवी खिलाड़ी है। यह उसका चौथा या पांचवां दौरा (ऑस्ट्रेलिया का) है। इसलिए वह अपने क्रिकेट को किसी से भी अधिक जानता है। उन्होने कहा, वह अच्छी लय मे था। वह मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार था। कभी-कभी अपने करियर मे आप मुश्किल परिस्थितियों मे बल्लेबाजी करते है। वह हमेशा मुश्किल परिस्थितियों मे बल्लेबाजी करता रहा है। इसलिए हर मैच मे ऐसा करना हमेशा मुश्किल होता है। लेकिन वह बहुत अच्छी फॉर्म मे और बहुत अच्छी लय मे बल्लेबाजी कर रहा था। इस तेज गेंदबाज ने कहा, और बेशक पहली पारी मे वह अच्छी गेंद पर आउट हुआ। लेकिन वह अच्छी लय मे था और दूसरी पारी मे उसने इसका फायदा उठाया। बुमराह कप्तान के तौर पर अपनी पहली टेस्ट जीत से खुश है लेकिन कहा कि भारत को छह दिसंबर से एडीलेड मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मे नए सिरे से शुरुआत करनी होगी।विशेष जीत, कप्तान के तौर पर पहली जीत। हम दबाव मे थे और हमने अपना जज्बा दिखाया। बुमराह ने कहा, हम इस मैच से आत्मविश्वास ले सकते है लेकिन हमे दूसरे टेस्ट मे नए सिरे से शुरुआत करनी होगी।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : 150 रन,आस्ट्रेलिया पहली पारी : 104 रन,भारत दूसरी पारी: छह विकेट 487 रन (पारी घोषित),ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी:, मैकस्वीनी पगबाधा बो बुमराह 00,उस्मान ख्वाजा का पंत बो सिराज 04 ,कमिंस का कोहली बो सिराज 02, लाबुशेन पगबाधा बो बुमराह 03, स्मिथ का पंत बो सिराज 17, हेड का पंत बो बुमराह 89,मार्श बो रेड्डी 47, कैरी बो राणा 36, स्टार्क का जुरेल बो सुंदर 12, लियोन बो सुंदर 00, हेजलवुड नाबाद 04, **अतिरिक्त**: 24, **कुल**: 58.4 ओवर मे सभी विकेट खोकर: 238 रन, **विकेट पतन**: 0-1, 2-9, 3-12, 4-17, 5-79, 6-161, 7-182, 8-227, 9-227, **गेंदबाजी**: बुमराह 12-1-42-3, सिराज 14-2-51-3,राणा 13.4-1-69-1, सुंदर 15-0-48-2, रेड्डी 4-0-21-1

### क्विक न्यूज

## ऑस्ट्रेलिया अच्छा क्रिकेट खेले या निराशाजनक परिणाम के लिए तैयार रहे : गांगुली

जेद्दा।भारतीय टीम की काबिलियत पर पूरा भरोसा करने वाले पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी मे ऑस्ट्रेलिया या तो अच्छा खेल दिखाए या निराशाजनक नतीजे के लिए तैयार रहे। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारतीय टीम ने श्रृंखला के पहले मैच मे ऑस्ट्रेलिया को चार दिन के अंदर 295 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम इस जीत से घरेलू सरजमी पर न्यूजीलैड के खिलाफ मिली 0-3 की करारी शिकस्त से उबरने मे काफी हद तक सफल रही। गांगुली ने कहा कि भारतीय टीम का प्रदर्शन दोनो देशो की मीडिया की रिपोर्ट के विपरीत था। उन्होने कहा कि भारत को ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाए रखना होगा क्योंकि अभी चार और टेस्ट बाकी है। गांगुली ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी के इतर प्रसारको से कहा, मैने (श्रृंखला से पहले) कुछ साक्षात्कार दिए और उस में मुझ से न्यूजीलैड की हार का जिक्र कर के ऐसे सवाल पूछे जाते थे कि हम ऑस्ट्रेलिया मे बड़ी शिकस्त का सामना करेंगे। जाहिर है ऑस्ट्रेलिया की मीडिया मे इस तरह की खबरे थी कि भारतीय टीम बुरी तरह से हारेगी। अब देखिए शुरुआती टेस्ट मैच में किसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। भारत मे प्रतिभा की भरमार है। उन्होंने चेहरे पर मुस्कान के साथ कहा, अब यह ऑस्ट्रेलिया के ऊपर है कि वह अच्छा खेले या बड़ी निराशा के लिए तैयार रहे। इस पूर्व भारतीय दिग्गज ने टीम के समग्र प्रदर्शन पर खुशी जताई।

## विश्व एथलेटिक्स प्रमुख सेबेस्टियन खेल मंत्री से मिले

नई दिल्ली। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ अनौपचारिक बैठक के लिए राष्ट्रीय राजधानी में है। चार ओलंपिक पदक जीतने वाले 68 वर्षीय मध्यम दूरी के पूर्व धावक को की सोमवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रमुख आदिले सुमरिवाला ने अगवानी की।ब्रिटेन के महान खिलाड़ी को वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का अगला अध्यक्ष बनने की दौड़ मे है और माना जाता है कि यह दौरा उनके लिए समर्थन जुटाने के अभियान का हिस्सा है। मांडविया ने को से मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा , विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष और आईओसी सदस्य लॉर्ड सेबेस्टियन को से मुलाकात की। ओलंपिक और पैरालम्पिक 2036 की मेजबानी के हमारे इरादे पर बात की। इसके साथ ही भारत के खिलाड़ियों के जमीनी स्तर पर विकास पर भी बात की जिससे वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सके। आईओसी के चुनाव अगले साल होने है। थॉमस बाक अभी आईओसी प्रमुख है। एएफआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ए अनौपचारिक बैठकें है, असल मे शिष्टाचार भेंट। शाम को प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद वह एक व्यावसायिक कार्यक्रम के लिए मुंबई जाएंगे। को के नाना एक भारतीय (दिवंगत होटल व्यवसाई सरदारी लाल मल्होत्रा) थे।

## वेंक्टेश और पाटीदार मध्य प्रदेश के लिए चमके

**राजकोट।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी मे कोलकाता नाइट राइडर्स से 23.75 करोड़ रुपए की रकम हासिल करने वाले वेंकटेश अय्यर के हरफनमौला खेल से मध्यप्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में मेघालय को सोमवार को यहां 101 रन से शिकस्त दी। जेद्दा मे हुई नीलामी मे वेंकटेश ने भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत (27 करोड़ रुपए) और श्रेयस अय्यर (26.75 करोड़ रुपए) के बाद तीसरी सबसे बड़ी बोली हासिल की। वेंकटेश ने 17 गेंद मे छह चौके की मदद से 37 रन बनाने के बाद दो ओवर मे नौ रन देकर एक विकेट भी लिया। मध्य प्रदेश के लिए रजत पाटीदार ने भी 36 गेंद मे 78 रन की पारी के दौरान छह चौके और इतने ही छक्के लगाए जिससे टीम ने पांच विकेट पर 222 रन बनाए। मध्यप्रदेश ने इसके बाद मेघालय को दो गेंद शेष रहते 121 रन पर आउट कर दिया। मध्य प्रदेश के लिए मोहम्मद अरशद खान ने 2.4 ओवर मे पांच रन देकर तीन विकेट लिए। निशांत सिंधु की शतकीय पारी और हिमांशु राणा के 91 रन की मदद से हरियाणा ने ग्रुप सी के मैच मे दो विकेट पर 255 रन बनाने के बाद अरुणाचल प्रदेश को महज 80 रन पर आउट कर 175 रन की बड़ी जीत दर्ज की। निशांत ने 48 गेंद की शतकीय पारी मे 11 चौके और चार छक्के जड़े। इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी में बड़ी रकम हासिल करने वाले युजवेंद्र चहल (18 करोड़, पंजाब किंग्स) और हर्षल पटेल (आठ करोड़, सनराइजर्स हैदराबाद) ने शानदार गेंदबाजी कर अरुणाचल के बल्लेबाजों को कोई मौका नही दिया। हर्षल ने चार ओवर में 12 रन देकर पांच जबकि चहल ने 15 रन देकर दो विकेट लिए।

## हम काफी एकजुट टीम है: कमिंस

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अपने बल्लेबाजो का बचाव करने के साथ ड्रेसिंग रूम मे बल्लेबाजो और गेंदबाजो के बीच दरार की खबरो का खंडन करते हुए कहा कि उनकी टीम पूरी तरह से एकजुट है। भारत ने पांच मैचो की श्रृंखला बॉर्डर गावस्कर टॉफी के शुरुआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया जो घरेलू मैदान उसकी बड़ी हार मे से एक है। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कमिंस से पूछा गया कि क्या टीम मे कोई विभाजन है क्योंकि बल्लेबाजो ने पर्थ मे टीम को निराश किया था। इस तरह की बातो को तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बयान के बाद हवा मिली। मैच के तीसरे दिन रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने जब जीत के लिए 534 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 रन पर तीन विकेट गंवा दिया था तब हेजलवुड ने अगले दिन की योजना के बारे मे पूछे जाने पर कहा था, आपको यह सवाल बल्लेबाजो से पूछना चाहिए। मै अब आराम करने की कोशिश करूंगा और अब मेरा पूरा ध्यान अगले टेस्ट मैच पर होगा। कमिंस ने हालांकि टीम मे किसी बिखराव को नकारते हुए कहा, मुझे नही पता कि जोशी (हेजलवुड) ने क्या कहा, लेकिन नही, ऐसा बिल्कुल नही (एकजुटता में कमी) है। कई बार ऐसा हुआ है जब बल्लेबाजो ने हम गेंदबाजो को मुश्किल परिस्थितियो से बाहर निकाला है और हमने भी वैसा ही किया है। यह वास्तव मे एकजुट इकाई है।

## इटली ने नीदरलैंड को हराया, डेविस कप खिताब जीता

**मलागा (स्पेन)।** इटली ने डेविस कप खिताब के लिए लगभग 25 साल इंतजार किया लेकिन यानिक सिनर की मौजूदगी मे रविवार को टीम ने इस प्रतिष्ठित टेनिस पुरुष टीम प्रतियोगिता का लगातार दूसरा खिताब जीता। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने टेलोन ग्रीक्सपूअर को 7-6, 6-2 से हराकर इटली को नीदरलैंड पर 2-0 की जीत दिलाई और अपने शानदार सत्र का अंत जीत के साथ किया। सिनर ने कहा, गत चैंपियन के रूप में वापस आना और फिर से खिताब जीतना - यह हम सभी के लिए सबसे अच्छे अहसास में से एक है। उन्होने कहा, हम इस ट्रॉफी को उठाकर बहुत खुश है।माटियो बेरेटिनी ने इससे पहले बोटिक वेन डि जेंडस्कल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को फाइनल मे शानदार शुरुआत और।-0 की बढ़त दिलाई। लगभग 9,200 प्रशंसको की मौजूदगी मे इटली की टीम 2012 और 2013 मे चेक गणराज्य के बाद लगातार दो बार डेविस कप जीतने वाली पहली टीम बन गई। इटली की महिला टीम ने भी बुधवार को स्लोवाकिया को हराकर बिली जीन किंग कप जीता था।

# आईपीएल मेगा नीलामी में अच्छे दाम पर बिके भुवनेश्वर, 13 वर्ष के वैभव रॉयल्स से जुड़े

भाषा। जेद्दा



**दो साल से अधिक समय से** भारतीय टीम से बाहर भुवनेश्वर कुमार का अनुभव आईपीएल टीमों को लुभाने के लिए काफी था जिन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने नीलामी के दूसरे दिन 10 करोड़ 75 लाख रूपए में खरीदा जबकि बिहार के 13 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी पर राजस्थान रॉयल्स ने एक करोड़ 10 लाख रूपए खर्च किए। राजस्थान के खिलाफ शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बिहार के लिए टी20 क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सूर्यवंशी ने छह गेंद में 13 रन बनाए। वह दीपक चाहर की गेंद पर आउट हुए।इससे पहले न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन और ग्लेन फिलिप्स , मुंबई के शारदुल ठाकुर, पृथ्वी साव और अजिंक्स रहाणे को खरीदार नहीं मिला। आईपीएल के अगले सत्र से पहले 35 वर्ष के होने वाले भुवनेश्वर ने 287 टी20 मैचों में 300 विकेट लिए हैं। उन्होंने आखिरी बार भारत के लिए नवंबर 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। लेकिन नीलामी के समीकरण ऐसे हैं कि हर टीम को कम से कम तीन भारतीय तेज गेंदबाज चाहिए और पूल इतना बड़ा भी नहीं है। इसी वजह से भुवनेश्वर, चोटों से प्रभावित रहने वाले दीपक चाहर (मुंबई इंडियंस नौ करोड़ 25 लाख रूपए) , टेस्ट रिजर्व मुकेश कुमार (दिल्ली कैपिटल्स द्वारा आरटीएम में आठ करोड़ रूपए) को अच्छे दाम मिले। आकाश दीप को लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आठ करोड़ रूपए में खरीदा। चाहर और भुवनेश्वर दोनों पावरप्ले में गेंद को स्विंग करा लेते हैं।

## गुजरात टाइटंस ने सुंदर को 3.20 करोड़ में खरीदा, पृथ्वी और शारदुल को नहीं मिला खरीदार

**जेद्दा।** तेजतर्रार भारतीय सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर को आईपीएल की बड़ी नीलामी के दूसरे दिन सोमवार को कोई खरीदार नही मिला जबकि स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को गुजरात टाइटंस ने सोमवार को आईपीएल मेगा नीलामी के दूसरे दिन 3.20 करोड़ रुपए मे खरीदा। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन और ग्लेन फिलिप्स भी नही बिके। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी फाफ डु प्लेसिस और वेस्टइंडीज के रोवमैन पावेल को क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो करोड़ रुपए और 1.50 करोड़ रुपए मे खरीदा।अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के लिए भी किसी फ्रेंचाइजी से बोली नही लगाई। बिना बिके खिलाड़ियों को दिन के अंत मे त्वरित नीलामी के दौरान खरीदार मिल सकते है यदि उनके नाम फ्रेंचाइजी द्वारा दिए जाते है।

# लिरेन ने गुकेश को पहले मुकाबले में हराया




### ● विश्व चैम्पियनशिप शतरंज

भाषा। सिंगापुर

**भारतीय ग्रैंडमास्टर डी** गुकेश को बाजी के बीच में गैर जरूरी ढंग से जटिल बनाना भारी पड़ा जिससे चीन के मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप के बेहद दबाव वाले पहले मुकाबले में सोमवार को उन्हें हरा दिया। काले मोहरों से खेलते हुए लिरेन ने 14 बाजियों के मुकाबले में शुरूआती बढ़त बना ली है। यह मुकाबले दिसंबर के मध्य तक चलेंगे। गुकेश ने पहले मुकाबले के बाद कहा , यह होता है। यह लंबा मैच है। मैने लिरेन से ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद की थी। हमें आगे बहुत खेलना है और यह काफी रोमांचक होने वाला है। काले मोहरों से खेलते हुए जीतने से लिरेन को 25 लाख डॉलर ईनामी राशि के मुकाबले में पूरे अंक ही नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक बढत भी मिल गई। सबसे पहले 7 . 5 अंक तक पहुंचने वाला खिलाड़ी विजेता होगा। विश्व चैम्पियन के सबसे युवा चैलेंजर 18 वर्ष के गुकेश ने शुरूआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। इस तरह की चाल आक्रामक तेवर जताती है और लिरेन ने इसका जवाब फ्रेंच डिफेंस से दिया। गुकेश ने कहा , मैं नर्वस था लेकिन खेल शुरू होने के बाद सहज हो गया लेकिन फिर लय खो दी। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था लेकिन आठ चाल बाद लिरेन को अतिरक्त मिनट मिले जिससे साबित हो गया कि शुरूआत की अपनी दिक्कत से वह उबर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन करके 42 चालों में जीत दर्ज की। लिरेन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मैने लंबे समय से एकल क्लासिकल मैच नहीं जीता है लेकिन आज जीतने में कामयाब रहा। मैं खुशकिस्मत रहा क्योंकि मैं दो बार चूका।

# लखनऊ में आज से लगेगा शटलरों का मेला

### ● सिंधू, लक्ष्य की नजरें सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खिताब पर





**लखनऊ।** स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जब भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे तो उनकी नजरें खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के बाद वापसी करते हुए अपने पिछले टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी अपने वर्ग में खिताब की प्रबल दावेदार होगी।दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपना पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन के रूप में जीता था जबकि विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य 2023 में कनाडा ओपन के दौरान पिछली बार चैंपियन बने थे।सिंधू पिछले कुछ समय से अपनी शीर्ष फॉर्म हासिल करने में नाकाम रही हैं। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि इस साल मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची थी। तेइस साल के लक्ष्य ने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप, फ्रेंच ओपन और पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाकर प्रभावी प्रदर्शन किया लेकिन इस साल खिताब जीतने में नाकाम रहे। वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के प्ले ऑफ मुकाबले में मजबूत स्थिति में होने के बावजूद मलेशिया के ली जी जिया से हार गए।ओलंपिक में हिस्सा लेने के बाद से सिंधू और लक्ष्य दोनों को मिश्रित नतीजे मिले हैं। क्ष्य आर्कटिक ओपन, डेनमार्क ओपन और कुमामोतो मास्टर्स से जल्दी बाहर हो गए। वह चीन मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे और इस दौरान उन्होंने ली को भी हराया। लक्ष्य अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे।पिछले कुछ समय से प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रहीं सिंधू फिनलैंड में पहले दौर में कनाडा की मिशेल ली से हार गईं और इसके बाद डेनमार्क ओपन और कुमामोतो मास्टर्स से भी जल्द बाहर हो गईं।वह अपने अभियान की शुरुआत 17 साल की उभरती हुई स्टार अनमोल खरब के खिलाफ करेंगी जिन्होंने इस साल बेल्जियम और पोलैंड अंतरराष्ट्रीय चैलेंज स्पर्धाओं में खिताब जीतकर प्रभावित किया।पुरुष एकल में लक्ष्य के साथ दूसरे वरीय प्रियांशु राजावत भी मजबूत दावेदार हैं। बाइस साल के इस खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय सर्किट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है।पुरुष एकल में अन्य भारतीय दावेदारों में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी, ओडिशा मास्टर्स के विजेता सतीश करूणाकरन और राष्ट्रीय चैंपियन चिराग सेन शामिल हैं। महिला एकल ड्रॉ भी प्रतिस्पर्धी नजर आता है। दूसरी वरीय मालविका बंसोड़ 2022 में उप विजेता रहने के बाद इस बार बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी। तीसरी वरीय आकर्षी कश्यप, छठी वरीय रक्षिता श्री संतोष रामराज और पांचवीं वरीय अनुपमा उपाध्याय की नजरें भी खिताब पर टिकी होंगी।देविका सिहाग के साथ मिलकर श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय, डच अंतरराष्ट्रीय और इंडिया अंतरराष्ट्रीय का खिताब जीतने वाली इशारानी बरूआ को भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001